■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित www.navbihartime.com ■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 343
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, रविवार
18 मई 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**2007:** भारत-पाकिस्तान समग्र वार्ता का चौथा दौर रावलपिंडी में शुरू।
**2010:** भारतीय बॉक्सरों ने कॉमनवेल्थ बॉक्सिंग चैंपियनशिप के सभी छह स्वर्ण पदक जीत लिए।
**2010:** पंजाब ने कबड्डी विश्वकप का आयोजन करने की घोषणा की।
**2010:** भारतीय सेना ने उड़ीसा के वीलर्स द्वीप स्थित आइटीआर से 'अग्नि-2' प्रक्षेपास्त्र का परीक्षण किया।

**सत्य का मूल्य हमेशा अनमोल होता है और असत्य का मूल्य शून्य होता है।**

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटनावासियों को दी स्मार्ट टनल और मल्टी मॉडल हब की सौगात

# पटना स्टेशन के लिए नई यातायात व्यवस्था

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटनावासियों के लिए शनिवार का दिन बेहद खास रहा। इस दिन उन्हें पहला स्मार्ट टनल और मल्टी मॉडल हब की सौगात मिली है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को जीपीओ के पास नवनिर्मित बहुमंजिला पार्किंग भवन (मल्टी मॉडल हब) तथा पटना जंक्शन तक भूमिगत पथ (सब-वे) का लोकार्पण किया है। इस स्मार्ट टनल के जरिए आम लोग पटना जंक्शन से सीधे जीपीओ गोलंबर पहुंच सकेंगे। वहीं मल्टीलेवल पार्किंग से लोगों को जाम की समस्या से निजात मिलेगी। इसमें 225 कारें एक साथ पार्क हो पाएंगी। सीएम नीतीश कुमार ने स्मार्ट टनल और मल्टी मॉडल हब निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने ट्रैवेलेटर, एस्केलेटर आदि का जायजा लिया और यात्री सुविधाओं तथा कनेक्टिविटी के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा कि इसकी शुरूआत होने से पटना जंक्शन और इसके आसपास के इलाकों में भीड़-भाड़ कम होगी और सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था सुदृढ़ होगी। जीपीओ गोलम्बर के नजदीक मल्टीलेवल हब को



पटना जंक्शन से जोड़ने के लिए भूमिगत पैदल यात्री मार्ग (सब-वे) का निर्माण कराया गया है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य पटना जंक्शन रेलवे स्टेशन परिक्षेत्र अन्तर्गत यातायात व्यवस्था को विकसित करना है। इस भूमिगत पैदल यात्री मार्ग (सब-वे) एवं बहुमंजिला पार्किंग भवन का लोकार्पण होने से पैदल चलनेवाले लोगों को पटना जंक्शन तक आवागमन में काफी सुविधा होगी। हमने पूर्व में भी कई बार इस परियोजना के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया था। उस दौरान बेहतर एवं व्यवस्थित ढंग से निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण कराने का निर्देश दिया था। बताया जा रहा है कि नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा 84.83 करोड़ रुपये की लागत से पटना जंक्शन के समीप भूमिगत पथ (सब-वे) का निर्माण कराया गया है। यह पटना जंक्शन के पास से प्रारंभ होकर जीपीओ गोलम्बर तक जाता है, जिसकी लम्बाई 440 मीटर है। इस परियोजना में जीपीओ गोलंबर के नजदीक 66.81 करोड़ रुपये की लागत से बहुमंजिला पार्किंग भवन (मल्टी मॉडल हब) का निर्माण किया गया है जहां बस, ऑटो, टैक्सी एवं निजी वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था है। पटना शहर के विभिन्न स्थानों से इस बहुमंजिला पार्किंग स्थल तक वाहन से पहुंचने के बाद पैदल यात्री भूमिगत पथ में नवनिर्मित स्वाचालित ट्रैवेलेटर से पटना जंक्शन तक आसानी से पहुंच सकते हैं। लोगों की सुविधा के लिए भूमिगत पथ तक पहुंचने के लिए दो लिफ्ट तथा दो स्वाचालित सीढ़ियां (एस्केलेटर) भी लगायी गयी है तथा पूरी लंबाई में एयरकंडीशनिंग की सुविधा भी दी गयी है। भूमिगत पथ में बुद्ध स्मृति पार्क के निकट एक अतिरिक्त प्रवेश/ निकास की सुविधा भी दी गयी है। भविष्य में इस भूमिगत पथ को निर्माणाधीन पटना मेट्रो स्टेशन से भी जोड़ने की योजना है।

# दो दिन तक बिहार में रहेंगे प्रधानमंत्री मोदी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पहली बार बिहार आ रहे हैं। पहले वह केवल एक दिवसीय दौरे पर बिहार आने वाले थे लेकिन अब इसमें बदलाव हो गया है। अब पीएम दो दिन तक बिहार में रहेंगे। यह जानकारी बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने दी है। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि पीएम मोदी दो दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। 29 मई को पीएम पटना एयरपोर्ट के नए भवन का लोकार्पण करने के बाद रात्रि विश्राम पटना में करेंगे। इसके बाद 30 मई को बिक्रमगंज में जनसभा को संबोधित करेंगे। इधर, पीएम मोदी के कार्यक्रम में किसी तरह की कोई कमी नहीं हो, इसे लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नेता लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। तीन दिन पहले डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया था। दोनों नेताओं ने घोसियां एवं गोडारी में स्थल निरीक्षण किया तथा विधि व्यवस्था संधारण एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से



उपस्थित पदाधिकारियों के विस्तार से चर्चा की थी। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि पीएम मोदी 30 मई को बिहार में कई योजनाओं की सौगात देंगे। पीएम मोदी पटना हवाई अड्डे के नए टर्मिनल का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा पटना-सासाराम फोर लेन सड़क का शिलान्यास करेंगे। साथ ही औरंगाबाद के नवीनगर में 600 मेगावाट पावर प्रोजेक्ट का भी शिलान्यास करेंगे। कुल मिलाकर पीएम मोदी बिहार में हजारों करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात देने वाले हैं। राजनीतिक पंडितों की मानें तो आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी का यह दौरा काफी अहम होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### नदी में डूबने से बच्चे की मौत

**जहानाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** भेलावर थाना क्षेत्र के इमलिया गांव में शनिवार को जमुना नदी में डूबने से 12 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। इस हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक का माहौल है। मृतक की पहचान गांव के पप्पू कुमार के रूप में हुई है। ग्रामीण राकेश दास ने बताया कि गांव के कुछ लोग जमुना नदी में मछली पकड़ने गए थे। पप्पू कुमार भी उनके साथ चला गया। सभी लोग लौट आए लेकिन पप्पू वापस नहीं लौटा। खोजबीन के दौरान ग्रामीणों ने नदी किनारे पप्पू का शव पानी में तैरता हुआ पाया।

### तेज रफ्तार वाहन के पलट जाने से दो लोगों की मौत

**बक्सर(नबिटा ब्यूरो)।** डुमरांव अनुमण्डल अंतर्गत ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के ग्रहथा गांव के समीप नेशनल हाइवे पर शादी समारोह से लौटने के दौरान तेज रफ्तार वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई जबकि 9 लोग जख्मी हुए हैं। सभी का विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। इनमें से चार की स्थिति गंभीर बतायी जाती है। घटना की सूचना मिलते ही दल-बल के साथ पहुंची ब्रह्मपुर थाने की पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### अंतरराज्यीय ठग धराया

**दरभंगा(नबिटा ब्यूरो)।** बहादुरपुर थाना पुलिस ने पश्चिम बंगाल पुलिस की मदद से 25 लाख की ठगी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह के सदस्य इमरान अहमद हासमी को गिरफ्तार किया है। कोलकाता के बिधाननगर न्यू टाउन थाने में मुंबई के रहने वाले स्वप्निल संकीर्तन पुरेचा ने 25 लाख रुपए की ठगी का मामला दर्ज कराया था।

# गया में पिता-पुत्र की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिले में बेखौफ अपराधियों ने पिता और पुत्र की गोली मारकर हत्या कर दी। शनिवार दोपहर सवा 12 बजे घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी फरार हो गये। हालांकि, वारदात की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर स्थानीय पुलिस दल-बल के पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। वहीं अपराधियों की पहचान के लिए आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। साथ ही विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी शुरू कर दी है। यह पूरा मामला गया जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र के दखिन गांव का है। मरने वालों की पहचान अशोक सिंह (65 वर्ष) और उनके पुत्र कुणाल कुमार (30 वर्ष)के रूप में हुई है। फिलहाल हत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चला है। बताया जा रहा है कि गोलीबारी की आवाज सुनकर गांव के लोग जब तक घटनास्थल पर पहुंचे तब तक अपराधी वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। तत्काल ग्रामीणों ने वजीरगंज थाना को सूचना दी। सूचना पाकर वजीरगंज थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। पुलिस ने घटनास्थल पर एफएसएल और तकनीकी टीम को बुलाया और साक्ष्य एकत्र किया। तत्काल पुलिस को हत्या के कारणों का पता नहीं चला है फिर भी पुलिस कारणों को जानने का प्रयास कर रही है।

# डूबने से पिता-पुत्र समेत तीन की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** अनुमंडल के नौहट्टा थाना क्षेत्र के उल्ली ज्ञान घाट आश्रम के समीप कोयल सोन के संगम पर नवारा सोन नद घाट पर स्नान करने के दौरान पिता-पुत्र समेत पांच लोग डूब गये। गहरे पानी में चले जाने के कारण तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि दो लोगों को बचा लिया गया। घटना शनिवार की सुबह दस बजे की है। बताया जाता है कि काजीपुर की नागेश्वर शर्मा की चाची सनकलिया देवी (85)की मौत शुक्रवार की रात में हो गयी थी। सनकलिया का दाह संस्कार करने के लिए घर व गांव के लोग नवारा सोन घाट पर गए थे। परम्परा अनुसार शव के अंतिम संस्कार के बाद लोगों ने



स्नान करना शुरू किया। ग्रामीणों ने बताया कि स्नान करने के दौरान गहरा पानी होने के कारण रंजन शर्मा (18) डूबने लगा। पुत्र को डूबते देख नागेश्वर शर्मा बचाने चला गया। जैसे ही बचाने के लिए पानी में गए रंजन शर्मा गहरे पानी में अपने पिता को पकड़ लिया। दोनों को डूबते देख रितेश शर्मा, बिसु शर्मा का पुत्र व गांव के एक युवक पानी में कूद पड़ा। इसमें रीतेश शर्मा (18) को डूबते पिता-पुत्र ने पकड़ लिया। तीनों गहरे पानी में चले गये जबकि दो बच गये। सूचना पर सीओ हिंदुजा भारती, एसआई विनोद सिंह, प्रवीण कुमार, अनामिका कुमारी पहुंच गये। थानाध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा ने रितेश शर्मा की मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि बड़ा जाल के द्वारा स्थानीय गोताखोर ने उसके शव को निकाला। अन्य दो की तलाश की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया गया है। एनडीआरएफ टीम भी पहुंचने वाली है। घटनास्थल पर पुलिस के साथ जिप सदस्य सुदामा राम, समाजसेवी सनोज राय, भाजपा अध्यक्ष गुड्डू सिंह, रोहित चंद्रवंशी, अजीत कुमार उपस्थित रहकर परिजनों की सांत्वना दे रहे हैं।

# पीएम नरेन्द्र मोदी करेंगे नवीनगर एनटीपीसी फेज-2 का शिलान्यास

- 2400 मेगावाट बढ़ेगी क्षमता
- देश को मिलेगा दूसरा सबसे बड़ा बिजली संयंत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मई को बिहार के बिक्रमगंज में आयोजित एक विशेष समारोह में नवीनगर स्थित एनटीपीसी पावर प्लांट के फ़ेज-2 परियोजना का शिलान्यास करेंगे। इस परियोजना के पूरा होने के बाद नवीनगर पावर प्लांट की उत्पादन क्षमता में 2400 मेगावाट की अभूतपूर्व वृद्धि होगी जिससे यह संयंत्र देश का दूसरी सबसे बड़ी बिजली परियोजना बन जाएगी। एनटीपीसी नवीनगर परियोजना के प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक एल.के. बेहरा ने जानकारी दी कि फ़ेज-2 के तहत 800-800 मेगावाट की तीन यूनिटें स्थापित की जाएंगी। वर्तमान में संयंत्र की कुल उत्पादन क्षमता 1980 मेगावाट है, जो इस विस्तार के बाद बढ़कर 4380 मेगावाट हो जाएगी। उन्होंने बताया कि शिलान्यास समारोह के दिन एनटीपीसी नवीनगर परिसर में भी एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें एनटीपीसी लिमिटेड और ऊर्ज़ा मंत्रालय के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। यह परियोजना न केवल बिहार बल्कि देश भर की ऊर्ज़ा ज़रूरतों को पूरा करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे राज्य को औद्योगिक विकास और रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होंगे। यह बिहार के लिए ऊर्ज़ा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

### सरकारी स्कूलों में छोटे बच्चों के लिए होंगे रंगीन बेंच-डेस्क

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** छोटे बच्चों को अब रंगीन बेंच-डेस्क दिए जाएंगे। यह छोटा भी होगा। इसी साल से इस योजना पर अमल हो जाएगा। एक से पांच तक बच्चों को किताब से पढ़ाया जाएगा। छठे क्लास से स्मार्ट स्मार्ट बोर्ड पर पढ़ाई की सुविधा इसी साल से उपलब्ध हो जाएगी। शिक्षा की बात हर शनिवार कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने शिक्षकों से कहा कि वे ग्रिवांस पोर्टल पर शिकायत करें। व्यक्तिगत मोबाइल नंबर पर कोई समस्या भेजने के बजाए शिक्षक पोर्टल पर अपनी बात कहें। विभाग के अन्य अधिकारी भी उसे देखते हैं। उन्होंने कहा कि लड़कियों के लिए सैनिटरी पैड खरीदने को 300 रुपये दिए जाते हैं। शिक्षक अगर अपने काम को बोझ न समझें तो उन्हें बर्नआउट की स्थिति का सामना नहीं करना होगा। राज्यभर के स्कूलों का रेवेन्यू रिकॉर्ड होगा। स्कूलों में कितनी जमीन है, कितना अतिक्रमण है, इसका ब्योरा रहेगा। इसके लिए भू-संपदा व सहायक भू-संपदा पदाधिकारी बहाल किए जाएंगे, जो रेवेन्यू रिकॉर्ड का रखरखाव (मेंटेन) करेंगे।

# दूल्हे के रथ पर गिरी हाइटेंशन बिजली तार, दो लोगों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**छपरा।** डेरनी थाना क्षेत्र के पीरारी गांव में कल रात एक दर्दनाक हादसे में दो सगे भाइयों की मौत हो गई। बारात से लौटते वक्त रथ पर 11 हजार वोल्ट का हाईटेंशन तार टूटकर गिर गया जिससे दोनों युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान भेल्दी थाना क्षेत्र के बसौता निवासी आलोक कुशवाहा और उसके चचेरा भाई अनीश कुशवाहा के रूप में हुई है। दोनों चचेरे भाई मामा के गांव बारात में शामिल होकर लौट रहे थे। जैसे ही रथ गांव के पास पहुंचा, ऊपर से गुजर रहा हाई वोल्टेज तार अचानक टूटकर गिर गया। हादसे में दोनों भाई बुरी तरह झुलस गए और मौके पर ही दम तोड़ दिया।

BAYC Institute स्थापित 1972
**बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज**
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

# विज्ञान के बिना समाज का विकास असंभव

### यूआर कॉलेज में दो दिवसीय सम्मेलन के पहले दिन उद्घाटन एवं पांच तकनीकी सत्रों का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** जिले के रोसड़ा स्थित यूआर कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन शनिवार से शुरू हो गया। सम्मेलन के पहले दिन उद्घाटन सत्र में सर्वप्रथम प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम राय द्वारा मंचासीन अतिथियों का पगड़ी, चादर एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। सम्मेलन का विधिवत उद्घाटन मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। स्वागत गान महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। स्वागत भाषण बिहार समाज विज्ञान अकादमी के महासचिव सह चतुर्थ बिहार सामाजिक विज्ञान कांग्रेस के संयोजक सह प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम राय ने दिया। उद्घाटन सत्र के मुख्य वक्ता प्रो. संतोष ने कहा कि समाज विज्ञान से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि विज्ञान के विकास के बिना समाज का विकास संभव नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने हल्दी के अनेक उपयोगों



और प्रयोगों की चर्चा की। उन्होंने हल्दी के एक तत्व कुरकुरे की चर्चा की और जैव प्रौद्योगिकी के परिप्रेक्ष्य और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के समाधान के बारे में बताया। इस अवसर पर बोलते हुए प्रसिद्ध अर्थशास्त्री प्रो. डीएम दिवाकर ने कहा कि समाज के संदर्भ में विज्ञान को समग्र रूप से देखने की जरूरत है जिसमें उन्होंने थॉमस क्रूज के साधारण विज्ञान और क्रांतिकारी विज्ञान की अवधारणाओं को स्पष्ट करते हुए विज्ञान को परिभाषित किया। उन्होंने कार्ल पॉपर की पुस्तक डिस्कवरी ऑफ साइंटिफिक लॉजिक की भी चर्चा की। प्रो. अनिल दत्त मिश्रा ने समाज में किए गए कार्यों की चर्चा की और आध्यात्मिक ज्ञान को जोड़कर सामाजिक विकास पर चर्चा की। प्रो. मुनेश्वर यादव ने अंतःविषयी एवं बहुविषयी दृष्टिकोण और प्रबंधन पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि और उद्घाटनकर्ता प्रो. रमाशंकर आर्य ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने पर प्रकाश डाला। धन्यवाद ज्ञापन बर्सर डॉ. विनय कुमार ने किया। मंच संचालन डॉ विनय कुमार ने किया। उद्घाटन सत्र का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर देशभर से करीब ढाई सौ पत्र प्राप्त हुए। उद्घाटन सत्र के बाद पांच समानांतर तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। बासा के महासचिव व यूआर कॉलेज के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम राय ने बताया कि दूसरे दिन रविवार की सुबह 10.30 बजे से पांच तकनीकी समानांतर सत्र आयोजित किए जाएंगे। साथ ही शैक्षणिक सत्र भी आयोजित किया जाएगा। दोपहर एक बजे से दो बजे तक डॉ. एसपी वर्मा स्मृति व्याख्यान होगा। एसपी वर्मा व्याख्यान के मुख्य वक्ता ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. राजमणि प्रसाद सिन्हा होंगे। समापन समारोह दोपहर तीन बजे से साढ़े चार बजे तक होगा।

# प्रभावी सिंचाई एवं बाढ़ जोखिम प्रबंधन से बदलेगी राज्य की तस्वीर

## बिहार जल सुरक्षा एवं सिंचाई आधुनिकीकरण परियोजना को मंत्रिपरिषद की मंजूरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बाढ़ की समस्या और सिंचाई के आधुनिक प्रबंधन के लिए बिहार सरकार ने बड़ी पहल की है। इसमें अंतर्गत विश्व बैंक के साथ कुल 4 हजार 415 करोड़ रुपये की परियोजना को राज्य मंत्रिमंडल से स्वीकृति मिलने के बाद बिहार जल सुरक्षा एवं सिंचाई आधुनिकीकरण को एक नई गति मिलेगी। प्रस्तावित परियोजना का मुख्य उद्देश्य संस्थागत क्षमता निर्माण के स्तर से प्रभावी सिंचाई प्रबंधन एवं कुशल सिंचाई प्रणाली का निर्माण करना है। इस परियोजना से राज्य में प्रभावी बाढ़ जोखिम प्रबंधन के स्तर से आपदा एवं आपातकालीन स्थिति में की जाने वाली तैयारियों और प्रक्रिया की क्षमता में वृद्धि होगी। इसके अलावा इस परियोजना से परिणामी आर्थिक और सामाजिक कल्याण के लिए हितधारकों के बीच समन्वय को अधिक बढ़ावा मिल सकेगा। यह एक व्यापक पहल है, जिसमें आवश्यक संस्थागत सुदृढीकरण, हितधारकों की क्षमता का निर्माण, कुशल सिंचाई व्यवस्था, बाढ़ जोखिम न्यूनीकरण एवं सूखा निवारण आदि शामिल हैं। उक्त परियोजना से बिहार के विभिन्न जिले लाभान्वित होंगे। जिससे बाढ़, जलजमाव और सूखे से प्रभावित जिलों पर अधिक ध्यान केनद्रित किया जा सकेगा। बाढ़ के खतरे को कम करने के लिए प्रमुख नदियों के अतिरिक्त जलप्रवाह को नियंत्रित करने, जलप्रवाह की क्षमता को बढ़ाने में मदद मिल सकेगी। इससे बांधों की सुरक्षा के लिए अद्यतन तकनीक का प्रयोग कर उसे और अधिक सुदृढ़ बनाने और सुखाग्रस्त जिलों के लिए सिंचाई स्रोत से ह्रासित सिंचाई क्षमता को पुनर्स्थापित किया जा सकेगा।

प्रस्तावित परियोजना एक वाह्य संपोषित परियोजना है, जिसकी कुल प्राक्कलित राशि 4415 करोड़ रुपये है। इसका 30 प्रतिशत अर्थात 1324 करोड़ 50 लाख रुपये बिहार सरकार द्वारा वहन किया जाएगा एवं शेष 70 प्रतिशत अर्थात 3090 करोड़ 50 लाख रुपये की राशि विश्व बैंक (आईबीआरडी) से ऋण के रूप में ली जाएगी। इस परियोजना के मुख्य चार अवयव हैं। जिसके अन्तर्गत निम्नलिखित राशि का प्रावधान किया गया है। इसमें जलवायु के अनुकुल सिंचाई के लिए 2487 करोड़ रुपये, बाढ़ जोखिम न्यूनीकरण के लिए 1525 करोड रुपये, जल शासन के लिए 243 करोड़ रुपये और परियोजना प्रबंधन के लिए 160 करोड़ रुपये के प्रावधान किए गए हैं। परियोजना के विभिन्न अवयवों के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों का क्रियान्वयन जल संसाधन विभाग (नोडल विभाग) के अतिरिक्त ग्रामीण विकास विभाग एवं कृषि विभाग, बिहार सरकार द्वारा किया जाएगा। परियोजना के कार्यान्वयन की समय-सीमा वित्तीय वर्ष 2025-26 से प्रारंभ कर अगले सात वर्षों में इसे पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**सिंचाई प्रणालियों का होगा उन्नयन एवं आधुनिकीकरण**

इस परियोजना के तहत चिन्हित सिंचाई प्रणालियों का उन्नयन एवं आधुनिकीकरण प्रस्तावित है। ताकि राज्य में सिंचाई व्यवस्था वर्षा पर निर्भर न रहे और प्रतिकूल स्थितियों में भी सिंचाई की सुविधा कृषकों को उपलब्ध करायी जा सके। इसके अंतर्गत प्रमुख योजनाओं में सोन, गंडक एवं कोसी बैराजों का पुनर्स्थापन, सोन पश्चिमी मुख्य नहर का आधुनिकीकरण, पश्चिमी कोसी सिंचाई योजनाओं का पुनर्स्थापन एवं आधुनिकीकरण, झंझारपुर शाखा नहर का पुनर्स्थापन एवं आधुनिकीकरण, सारण मुख्य नहर (17 से 35 किमी तक) का नवीकरण एवं लाईनिंग शामिल हैं।

**परियोजना के तहत बाढ़ जोखिम को किया जाएगा न्यूनतम**

परियोजना के तहत बाढ़ जोखिम न्यूनीकरण के लिए चिन्हित तटबंधो व स्परों का पुर्नस्थापन एवं सुदृढ़ीकरण प्रस्तावित है। पुनर्स्थापन एवं सुदृढ़ीकरण हेतु विश्व बैंक के सम्बन्धित परामर्शियों के सहयोग से अद्यतन रूपांकण तकनीक का उपयोग किया गया है। इसके अंतर्गत प्रमुख योजनाओं में बागमती के बाएं तटबंध की उच्चीकरण, सुदृढ़ीकरण और पक्कीकरण, कुरसेला ब्लॉक जिला कटिहार में गांव पत्थरटोला से कमलाकनी तक कटाव रोधी कार्य, विस्तारित सिकरहट्टा मंझारी बांध का सुदृढ़ीकरण एवं पक्कीकरण के साथ इसके 11 स्पर का जीर्णोद्धार और पूर्वी कोसी तटबंध के 25 स्परों का जीर्णोद्धार शामिल हैं।

# खादी ग्रामोद्योग बोर्ड में तीन दिवसीय टेराकोटा कला प्रशिक्षण संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, पटना द्वारा आयोजित तीन दिवसीय टेराकोटा कला कार्यशाला का शनिवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रशिक्षण के अंतिम दिन प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक सुंदर और रचनात्मक टेराकोटा कलाकृतियाँ बनाईं, जिनमें पारंपरिक एवं आधुनिक दोनों प्रकार की अभिव्यक्तियाँ देखने को मिलीं। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों में आरोही को प्रथम पुरस्कार, अपराजिता सिंह को द्वितीय पुरस्कार एवं चंदन कुमार को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यशाला में राज्य पुरस्कार प्राप्त टेराकोटा कलाकार भोला पंडित एवं उनकी टीम ने प्रतिभागियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यशाला के समापन अवसर पर बोर्ड द्वारा श्री पंडित को उनके विशिष्ट योगदान हेतु सम्मानित भी किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य पारंपरिक मिट्टी शिल्प को पुनर्जीवित करना, युवाओं में इसके प्रति रुचि उत्पन्न करना तथा स्वरोजगार के अवसरों से उन्हें जोड़ना रहा। विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों, विशेष रूप से 10 वर्ष या उससे अधिक उम्र के बच्चों, युवाओं और शिल्प प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह कार्यशाला 15 से 17 मई 2025 तक बोर्ड कार्यालय स्थित बापू कक्ष में प्रतिदिन अपराह्न 1:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक आयोजित की गई। कार्यशाला के समापन सत्र में प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। साथ ही श्री भोला पंडित एवं उनकी टीम के सदस्यों को उनके सहयोग और योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# खरीफ सहायता योजना के तहत 41910 किसानों को 46.49 करोड़ की सहायता

## सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने किया भुगतान, डीबीडी के माध्यम से मिली राशि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी फसल सहायता योजना के तहत खरीफ 2023 मौसम के 12 जिलों के 41910 लाभुक किसानों को 46.49 करोड़ रुपये की सहायता राशि का डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया गया। शनिवार को डीएनएस क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान, शास्त्रीनगर में आयोजित कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने इस राशि का भुगतान किया।



मंत्री ने बताया कि खरीफ 2023 मौसम के तहत किसानों के आवेदनों का सत्यापन कार्य लगभग पूरा हो चुका है। आज सहायता राशि प्राप्त करने वाले किसानों की सूची जिला स्तरीय समन्वय समिति की अनुशंसा पर तैयार की गई है। मंत्री ने यह भी आश्वासन दिया कि शेष पात्र किसानों को भी जल्द ही सहायता राशि का भुगतान किया जाएगा। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा, बिहार राज्य फसल सहायता योजना प्राकृतिक आपदाओं के कारण फसल क्षति की भरपाई के लिए राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही निःशुल्क योजना है। इसके अंतर्गत किसानों से कोई प्रीमियम नहीं लिया जाता और संकट के समय यह योजना उन्हें आर्थिक राहत देती है।

**विशेष बैंकिंग अभियान व सहकारी चौपाल की भी घोषणा**

मंत्री ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के तहत मई माह में राज्य के सभी सहकारी बैंकों में विशेष बैंकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने आम लोगों से सहकारी बैंकों में खाता खोलने व केसीसी लोन, गोल्ड लोन जैसी सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील की।इसके अलावा उन्होंने जानकारी दी कि 15 जून से राज्य के सभी प्रखंडों और पंचायतों में 'सहकारी चौपाल' का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य आमजन तक सहकारिता विभाग की योजनाओं की जानकारी पहुंचाना है। राज्य सरकार की इस योजना के तहत रबी 2022-23 मौसम तक 3123907 किसानों को ?2030.04 करोड़ की सहायता राशि दी जा चुकी है। खरीफ 2023 में धान व मक्का पंचायतस्तरीय फसल, तथा सोयाबीन, आलू, बैंगन, टमाटर और गोभी को जिलास्तरीय फसल के रूप में अधिसूचित किया गया है। कार्यक्रम में सहकारिता विभाग के सचिव धर्मेन्द्र सिंह, बिहार राज्य सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार सिंह, डीएनएस संस्थान के निदेशक श्री कुमार प्रियरंजन, तथा अन्य विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# लोकगायिका स्वाति मिश्रा के पिता राजेश मिश्रा भाजपा में शामिल

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाजपा के प्रदेश कार्यालय में शनिवार को आयोजित मिलन समारोह में सैकड़ों युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर प्रसिद्ध लोकगायिका स्वाति मिश्रा के पिता राजेश मिश्रा अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए। मिलन समारोह में राजद के पूर्व प्रदेश महासचिव सह पूर्व जिला प्रभारी हरिवंश पासवान, पूर्व राजद प्रत्याशी विनोद यादव सहित कई नेता और समाजसेवी अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थामा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने पार्टी में आने वाले सभी लोगों की सदस्यता ग्रहण करवाई और पार्टी में स्वागत किया। समारोह में स्वाति मिश्रा, मंत्री मंगल पांडेय औरसंजय सरावगी मौजूद थे।मंच संचालन अनामिका पासवान ने किया। भाजपा में शामिल होने वाले लोगों का स्वागत करते हुए डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि भाजपा एक दल नहीं, दिल है।

# सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल दुनिया को बतायेगा आपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख : रविशंकर प्रसाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** केंद्र सरकार ने आपरेशन सिंदूर और सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख बताने के लिए सर्वदलीय सांसदों का सात डेलिगेशन बनाया है। ये सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल दुनिया के बड़े देशों, खासकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्य देशों का दौरा करेंगे।

भाजपा सांसद और पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इनमें एक डेलिगेशन का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी उन्हें दी गई है। अन्य छह प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कांग्रेस सांसद शशि थरूर, जदयू सांसद संजय झा, शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे, राकांपा सांसद सुप्रिया सुले, द्रमुक सांसद कनिमोझी और भाजपा सांसद बैजनाथ पांडा करेंगे।

रविशंकर प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री की सोच बहुत बड़ी है। भारत ने दुनिया को एक संदेश दिया है कि वह आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा। पाकिस्तान अगर अपनी धरती से यहां आतंकवादियों को भेजेगा तो उस पर सख्त से सख्त कार्रवाई होगी। पीएम मोदी का संदेश है कि पानी और खून साथ नहीं बहेगा, ट्रेड और टॉक साथ नहीं होगा। उन्होंने कहा कि आतंकवाद बड़ा नासूर है, जो दुनिया को परेशान कर रहा है। कुल सात डेलिगेशन बनाए गए हैं। दूसरे देशों के दौरे पर हम लोग जा रहे हैं। मेरी अगुवाई में भी एक डेलीगेशन बना है। इसके लिए मैं पीएम मोदी को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि मुझे जानकारी दी गई है कि मुझे सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन, अल्जीरिया जाना है। मेरा यह दौरा 10 दिन का है। उन्होंने कहा कि सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को शशि थरूर और कनिमोझी जैसे विपक्ष के नेता भी लीड कर रहे हैं। पीएम मोदी की सोच है कि पूरा देश एक स्वर में बोले। वहीं डेलिगेशन में थरूर के नाम पर विवाद होने के मामले में उन्होंने कुछ भी टिप्पणी करने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि अभी पूरे देश को एक स्वर में बोलना चाहिए। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का निर्णय आतंकवाद को बहुत बड़ा संदेश है। भारत उनके सामने झुकेगा नहीं। नरेंद्र मोदी इतने साहसिक नेता हैं कि आतंकवाद की जड़ उखाड़ देंगे। आतंकवाद के खिलाफ पूरे देश को एकजुट रहना चाहिए। बताया जा रहा है कि सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल आतंक के खिलाफ भारत की कार्रवाई की जानकारी साझा करेगा। सरकार का उद्देश्य है कि ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत ने जो आतंकवाद के खिलाफ साहसिक कदम उठाया है, उसकी जानकारी वैश्विक समुदाय को दी जाए।

# भारतीय परिदृश्य में लघु समाचारपत्रों की भूमिका महत्वपूर्ण : संजय कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** मौलाना मज़हरूल हक़ अरबी एवं फ़ारसी विश्वविद्यालय, पटना में पत्रकारिता विभाग के शिक्षक डॉ मुकेश कुमार की पुस्तक लोकल इज ग्लोबल : स्टोरी ऑफ़ स्मॉल हिन्दी न्यूज़पेपर्स इन इंडिया का विमोचन शनिवार को भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी संजय कुमार, शिक्षा विभाग के डीन डॉ. असदुल्लाह खान, पत्रकार संतोष कुमार, सरोज सिंह और डॉ मुकेश कुमार ने किया। इस अवसर पर भारतीय सूचना सेवा अधिकारी एवं केंद्रीय संचार ब्यूरो के उपनिदेशक संजय कुमार ने कहा कि भारतीय परिदृश्य में लघु समाचारपत्रों की भूमिका महत्वपूर्ण है। विकास और जनसरोकारों के मुद्दों पर केंद्रित इन समाचारपत्रों के सामने बड़ी चुनौतियाँ हैं, फिर भी सदियों से प्रकाशित हो रहे हैं और इन पर पुस्तक का आना बड़ी बात है। यह पुस्तक पत्रकारिता के छात्रों के लिए शोध के तौर पर प्रयोग हो सकता है। उन्होंने पुस्तक की प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए कहा कि लघु समाचारपत्रों को इसे वर्तमान चुनौतियों के संदर्भ में समझने की ज़रूरत है। वरिष्ठ पत्रकार संतोष कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि छोटे अख़बार आज भी जनसरोकार की पत्रकारिता को जीवित रखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि जहाँ बड़े मीडिया संस्थान बाज़ारवाद और कॉरपोरेट दबाव में कई बार जनहित की खबरों को पीछे छोड़ देते हैं वहीं छोटे अख़बार स्थानीय मुद्दों, आम जनता की आवाज़ और सामाजिक संघर्षों को प्रमुखता देते हैं। वरिष्ठ पत्रकार सरोज सिंह ने कहा कि छोटे अख़बार पत्रकारिता की आत्मा हैं। उन्होंने कहा कि इन अख़बारों के पत्रकार सीमित संसाधनों में भी अपने दायित्व का निर्वाह करते हैं और लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम का संचालन शिक्षा विभाग की अध्यक्ष डॉ मुक्ता सिन्हा ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन पत्रकारिता विभाग के सहायक प्रध्यापक डॉ रणजीत ने किया। इस अवसर पर डॉ संजीत, डॉ चंद्रेश्वरी, श्रीमती ऋचा, रचना, रतनसेन, प्रतिमा, शालिनी, सुमन, आमिर, शाहनवाज, नवाब शरीफ, सूफिया, प्रियंका, मोना, शहाबुद्दीन, संजर, सूरज, सजिया, मनीष, मोनू, निसार सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# जनता ने कांग्रेस मुक्त भारत बनाने का बनाया मन : संतोष सुमन

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हम के अध्यक्ष और राज्य के मंत्री डॉ संतोष सुमन ने कहा है कि राहुल गांधी के करीबियों और दरबारियों को भी 'कांग्रेसी जन्नत' की हकीकत मालूम है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदम्बरम का बयान वह आईना है, जिसमें कांग्रेस और उसके स्वार्थलोलुप इंडी गठबंधन का बदरूप, विकृत और लिजलिजा चेहरा बेनकाब हो गया है। आजादी के तुरंत बाद जिस कंग्रेस को समाप्त करने की गांधी जी ने गुजारिश की थी, लगता है वह समय आ गया है। कहा कि आकंठ भ्रष्टाचार, परिवार व वंशवाद की वजह से पातालगामी कंग्रेस का पतन जिस तेजी से हो रहा है, वैसे में राहुल-सोनिया के दरबारियों का सशंकित और चिंतित होना लाजिमी है।

# राज्यस्तरीय चित्रकारी, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा राज्य के विद्यालयों में अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं में पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण के प्रति जागरूकता अभिवर्धित करने के उद्देश्य से आज राज्य स्तरीय स्थल चित्रकारी, निबंध लेखन एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन ज्ञान भवन, उत्तरी गांधी मैदान, पटना में किया गया। स्थल चित्रकारी प्रतियोगिता में राज्य के 19 जिलों से कुल 1187 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिसमें 691 छात्राऐं तथा 496 छात्र थे। राज्य के पटना, गयाजी, पूर्णियाँ, दरभंगा, वैशाली, भोजपुर, रोहतास, जहानाबाद, जमुई, सारण, बक्सर, कैमूर, सीतामढ़ी, गोपालगंज, सिवान, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय एवं मुंगेर के अतिरिक्त राज्य के बाहर कोलकाता तथा मुम्बई के भी प्रतिभागी शामिल थे। वर्ग समूह 1 (कक्षा 01 एवं 02) में 37 विद्यालय; वर्ग समूह 2 (कक्षा 03 एवं 04) में कुल 46 विद्यालय; वर्ग समूह 03 (कक्षा 05 एवं 06) में कुल 46 विद्यालय; वर्ग समूह 4 (कक्षा 07 एवं 08) में कुल 51 विद्यालय तथा वर्ग समूह 5 (कक्षा 09 एवं 10) में कुल 53 विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। निबंध लेखन प्रतियोगिता जो दो वर्ग समूहों में कक्षा 09 एवं 10 तथा कक्षा 11 एवं 12 के लिए आयोजित थी, में राज्य के निम्नांकित 12 जिलों यथा- कैमूर, मुंगेर, गयाजी, पटना, सारण, वैशाली, सीतामढ़ी, भोजपुर, बक्सर, पूर्णियाँ, मुजफ्फरपुर एवं समस्तीपुर से कुल 281 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिसमें 166 छात्राऐं एवं 115 छात्र थे। इस प्रतियोगिता में वर्ग समूह 01 में कुल 49 विद्यालय तथा वर्ग समूह 02 में कुल 31 विद्यालय के छात्र-छात्राएं शामिल थे। क्विज प्रतियोगिता जो कक्षा 09 से 12 तक के छात्र-छात्राओं के लिए था, में कुल 202 प्रतिभागियों ने भाग लिया। क्विज प्रतियोगिता का संचालन क्विज मास्टर व्यंक्टेश श्रीनिवासन, बेंगलुरू द्वारा किया गया। प्रथम चरण में सभी प्रतिभागियों को मौखिक एवं डिजीटल स्क्रीन पर दिये गये 30 सवालों के जवाब को उत्तरपृष्ट पर लिखना था। प्राप्त उत्तर पृष्ट के मूल्यांकन के पश्चात प्रथम चरण में कुल 13 टीमों को चुना गया। जिसमें सार्वधिक अंक प्राप्त करने वाले 5 टीमों को सीधे फाइनल में प्रवेश दिया गया। बाकी बचे 8 टीमों से पुनः प्रश्नोत्तर के पश्चात कुल 03 टीमों का चयन कर अंतिम रांउड के लिए दो सदस्यीय 8 टीमों यानि कुल 16 प्रतिभागियों का चयन किया गया। स्थल चित्रकारी व निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्राप्त चित्रांकन तथा लेख के मूल्यांकन के पश्चात प्रत्येक वर्ग से सर्वोत्तम चित्रकारी / निबंध लिखने वाले तीन-तीन प्रतिभागियों को क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया जायेगा। सभी पुरस्कार विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून, 2025 के अवसर पर ज्ञान भवन, पटना में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में प्रदान किये जायेंगे।

# राज्यपाल ने बीएन कॉलेज कैंपस का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** पटना विश्वविद्यालय के बीएन कॉलेज में बीते दिनों हुई बमबाजी की घटना का संज्ञान लेते हुए राज्यपाल सह कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खान शनिवार को बीएन कॉलेज पहुंचे और कॉलेज प्रशासन से बातचीत की। उन्होंने कालेज के हास्टल का भी निरीक्षण किया। राज्यपाल ने व्यवस्था पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि बिहार में राज्यपाल के रूप में मैं जब शपथ लिया था उस वक्त भी इस प्रकार की घटना घटित हुई थी। इसको लेकर हमने पटना विश्वविद्यालय के कुलपति से रिपोर्ट मांगी थी। लेकिन, घटना के चार-पांच माह गुजर जाने के बाद भी रिपोर्ट नहीं मिला। राज्यपाल ने कहा कि पटना विश्वविद्यालय के कुलपति से इसपर मैंने जब सवाल किया तो उन्होंने कहा कि रिपोर्ट तैयार हो रहा है। उन्होंने पटना विश्वविद्यालय के हॉस्टल में अवैध कब्जा को लेकर नाराजगी जताई। साथ ही बम ब्लास्ट की घटना और छात्र हत्याकांड पर अनुशासन कमेटी गठित करने का भी निर्देश दिया। राज्यपाल ने कहा पटना विश्वविद्यालय में बेहतर माहौल बनाना हम सब का कर्तव्य है। उन्होंने हॉस्टल परिसर में निरीक्षण करने के बाद कहा कि असामाजिक तत्व या फिर अवैध रूप से रहने वाले छात्रों को पहचान कर यहां से हटाया जाए। उन्होंने बमबाजी की घटना के आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का आदेश दिया। मीडिया से बातचीत करते हुए राज्यपाल ने कहा कि विद्या के मंदिर में अनुशासनहीनता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसी घटनाओं से मैं काफी मर्माहट हूं और मैं छात्रों से हाथ जोड़कर अपील करता हूं कि विद्या के मंदिर में इस तरह की घटनाएं न करें जिससे कि बिहार का अपमान हो। छात्रों का काम है पढ़ाई करना कॉलेज और विश्वविद्यालय प्रशासन से भी अनुरोध है इस तरह की गतिविधियों को न होने दें और सख्त कार्रवाई करें और सुरक्षा के कड़े इंतजाम भी किए जाएं। बता दें कि दोपहर में राज्यपाल के अचानक से घटनास्थल पर पहुंचने से अफरातफरी मच गई। उनके आने की खबर सुनते ही पुलिस महकमे में खलबली मच गई और कॉलेज परिसर में भारी पुलिस बलों की तैनाती कर दी गई।

# जे. डी. वीमेंस कॉलेज में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** हमारी गौरैया, एनवायरनमेंट वारियर्स तथा इको हरमनी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में जे. डी. वमेंस कॉलेज परिसर में गर्मियों के देखते हुए पशु-पक्षियों के पानी के लिए मिट्टी के सकोरे तथा दाना के लिए दाना घर आठ स्थानों पर लगाया गया। मौके पर इको हरमनी क्लब की इंचार्ज तथा दर्शनशास्त्र विभाग की अध्यक्ष प्रो. वीणा अमृत ने बताया कि गर्मियों में बेजुबानों के समक्ष पानी की किल्लत हो जाती है, वे हमसे पानी मांग भी नहीं पाते है, ऐसे में हमारा कर्तव्य बनता है कि उनके लिए



दाना-पानी की समुचित व्यवस्था करें । उन्होंने एनवायरनमेंट वारियर्स की टीम को इसमें सहयोग करने के लिए शुक्रिया अदा करते हुए छात्राओं से अपने अपने घरों में भी पानी का बर्तन रखने की अपील की। मौके पर प्रचार्य प्रो डॉ मीरा कुमारी ने कहा कि, पृथ्वी केवल मनुष्यों के ही नही, बल्कि सभी जीव-जंतुओं का भी है, हमें सदैव आपसी सामंजस्य बना कर रहना होगा। एनवायरनमेंट वारियर्स के शानू कुमार राज ने कहा कि हमारी टीम पटना में 200 स्थानों पर पक्षियों के लिए पानी और दाना की व्यवस्था करने का कार्य कर रही है, इसी क्रम में आज इस परिसर में मिट्टी के सकोरे और दाना घर लगाये गये। इसके साथ ही आने वाले पर्यावरण दिवस को देखते हुये छात्राओं के बीच जागरूकता के उद्देश्य से प्लास्टिक को नहीं कहने के थीम पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम स्थानः- अलीशा कुमारी, दूसरा स्थानः-सोनाली कुमारी, तथा तीसरा स्थान सोनाली ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में एनवायरनमेंट वारियर्स से अमिषा कुमारी, भूमिका भारद्वाज, प्रियांशु रंजन तथा महाविद्यालय से इको हारमनी क्लब की उपसमन्वयक डॉ हिना रानी, डॉ मृणाल मंजरी, रुचि कुमारी, सुहान सिंह, रुचि गुप्ता, सोनाली कुमारी आदि थे।

# एक्युप्रेशर चिकित्सकों का महाकुम्भ 26 को

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** अधिवेशन भवन, पुराना सचिवालय परिसर, पटना में अगामी 26 मई को 32वाँ राष्ट्रीय एक्युप्रेशर/एक्युपंक्चर सम्मेलन बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज, इण्डियन काउन्सिल ऑफ एक्युप्रेशर योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता मिशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जायेगा। सम्मेलन संयोजक डा. अजय प्रकाश ने बताया कि राष्ट्रीय सम्मेलन में 17 राज्यों से चार सौ चयनित चिकित्सक भाग लेंगे तथा



6 विषयों पर शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। एक्युप्रेशर जनक डा. चन्द्रमा प्रसाद गुप्त की 39वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में चार एक्युप्रेशर पुस्तक ह्यूमन फिजियोलॉजी पुस्तक सहित आयुष्मान भवः स्मारिका का विमोचन किया जायेगा। चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किए हुए 32 चिकित्सकों को सम्मानित किया जायेगा। 11 मई से 25 मई के बीच सम्पूर्ण राष्ट्र में आयोजित एक्युप्रेशर पखवाड़ा के अन्तराल में सैकड़ों निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित करने वाले चिकित्सकों एवं संयोजकों को सम्मेलन में सम्मानित किया जायेगा। सम्मेलन की अध्यक्षता एक्युप्रेशर महागुरू डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त जी करेंगे।

# एनएमसीएच के मेडिसिन वार्ड का हुआ विस्तार, जोड़े गये 100 बेड : मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** नालंदा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एनएमसीएच) के मेडिसिन विभाग में 750 लाख की लागत से नवनिर्मित 100 बेड वाले वार्ड का उद्घाटन बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय एवं विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में नंदकिशोर यादव ने कहा कि बिहार की स्वास्थ्य सेवाएं दिन प्रतिदिन बेहतर हो रही है। अस्पतालों में दवा आपूर्ति से लेकर चिकित्सकों की अब कोई कमी नहीं है। बिहार की जनता को राज्य के भीतर उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने अपने संबोधन में सबसे पहले सीमा पर तैनात भारतीय सैनिकों को नमन किया और हाल ही में शहीद हुए बिहार के चार वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि आज पीएम मोदी के नेतृत्व में सैनिकों का मान व सम्मान बढ़ा है। देश को वीर सैनिकों पर गर्व है। श्री पांडेय ने कहा कि 100 बेड वाला मेडिसिन वार्ड ऊपरी मंजिल पर बनाया गया है, जिससे बारिश के मौसम में जलजमाव की समस्या से निजात मिलेगी। वर्तमान में जनरल मेडिसिन विभाग में बेडों की संख्या 128 है। अब अतिरिक्त 100 के साथ कुल मिलाकर बेडों की संख्या 228 हो जाएगी। भविष्य में यहां 400 और बेड जोड़े जाने की योजना है। वर्तमान में एनएमसीएच में कुल 1189 बेड हो चुके हैं, जो पहले मात्र 650 थे। अस्पताल की सुविधाएं लगातार बढ़ रही हैं। हर बेड पर अब ऑक्सीजन पाइपलाइन की व्यवस्था है, दवा की उपलब्धता है। वहीं भोजन एवं साफ-सफाई की जिम्मेदारी जीविका दीदियों को सौंपकर सेवा की गुणवत्ता में बड़ा सुधार लाया गया है। उन्होंने कहा कि बिहार लगातार दवा आपूर्ति के मानकों पर आठ महीनों से नंबर 1 है। एनएमसीएच में भी अब 496 प्रकार की दवाइयाँ उपलब्ध हैं। 2005 से पहले स्वास्थ्य के क्षेत्र में बिहार की स्थिति काफी दयनीय थी। पिछले 20 वर्षों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य क्षेत्र में अप्रत्याशित कार्य किए गए हैं। जिससे अब आमजन को सुलभ और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। श्री पांडेय ने कहा कि 28.34 करोड़ रुपये की लागत से टीवीडीसी (यक्ष्मा प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन केंद्र) का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, जो 15 अगस्त 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा।

CMYK

**सम्मान समारोह के साथ प्रखंड बीस सूत्री की पहली बैठक संपन्न**

# सरकार की नीतियों को आमजन तक पहुंचाने का संकल्प




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिलौथू (रोहतास)।** एनडीए गठबंधन के सभी घटक दलों की सहभागिता के साथ बीस सूत्री कार्यक्रम समिति की पहली बैठक तिलौथू प्रखंड कार्यालय के नवनिर्मित भवन में गरिमामयी रूप से आयोजित की गई। इस अवसर पर कार्यालय का उद्घाटन एवं सम्मान समारोह भी आयोजित हुआ जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता जदयू जिलाध्यक्ष अजय कुशवाहा ने की। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी अंकित जैन, अंचलाधिकारी हर्ष हरि तथा जदयू जिलाध्यक्ष अजय कुशवाहा द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। सम्मान समारोह में प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुरेंद्र राम एवं उपाध्यक्ष ऋतुराज उपाध्याय ने सभी उपस्थित दलों के नेताओं एवं प्रतिनिधियों का पारंपरिक अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। समारोह में एनडीए की एकता और विकासशील दृष्टिकोण की झलक स्पष्ट रूप से देखने को मिली। बैठक में बीस सूत्री कार्यक्रम की मूल भावना, उद्देश्य और भावी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुशील कुमार, पूर्व महामंत्री शशि भूषण प्रसाद एवं जदयू जिलाध्यक्ष अजय कुशवाहा ने अपने विचार साझा करते हुए बताया कि कैसे यह इकाई आम जनता के लिए सरकार की योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने में एक सशक्त कड़ी बनेगी। मंच का संचालन जदयू नेता संतोष शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में रालोसपा जिलाध्यक्ष कपिल कुमार, भाजपा नेता महेन्द्र ओझा उर्फ छोटी ओझा, समाजसेवी ओम जी सहित अन्य प्रमुख नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पंद्रह वर्षों के अंतराल के बाद बीस सूत्री इकाई के गठन से कार्यकर्ताओं के चेहरों पर विशेष उत्साह एवं आत्मविश्वास देखने को मिला। सभी ने एक स्वर में इसे जनहित में सकारात्मक पहल बताया और सरकार की नीतियों को गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प लिया। यह बैठक न केवल संगठनात्मक मजबूती का प्रतीक रही, बल्कि इससे यह भी स्पष्ट हुआ कि एनडीए गठबंधन एकजुट होकर विकास और जनकल्याण की दिशा में ठोस कदम उठा रहा है।

# रमारानी जैन बालिका उच्च विद्यालय की प्रधानाध्यापिका को किया सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय रमारानी जैन बालिका उच्च विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शशिकला कुमारी को पूर्व जिला परिषद सह भाजपा जिला उपाध्यक्ष आरती गुप्ता द्वारा अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। आरती गुप्ता के अनुसार विगत 6 माह पहले छोटा गेट एवं छोटी बाउंड्री के कारण असामाजिक तत्व के लोगों के आने-जाने से विद्यालय की स्थिति ठीक नहीं थी। परंतु वर्तमान प्रधानाध्यापिका के आने के बाद गेट, बाउंड्री, क्लास रूम, बिजली, पानी एवं पठन-पाठन सहित विद्यालय का विकास हो रहा है। लगातार विकास से कुछ समय के बाद रमा रानी जैन बालिका उच्च विद्यालय अपने पुरानी अस्तित्व यानी जिले का नंबर वन विद्यालय बन जाएगा। वहीं अच्छे कार्य को देखते हुए आरती गुप्ता द्वारा प्रधानाध्यापिका को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। मौके पर संजीव कुमार एवं अन्य शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### विभिन्न मामलों में 40 आरोपित गिरफ्तार

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 40 आरोपितों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया गया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में हत्या के प्रयास, पॉक्सो एक्ट, चोरी, विविध कांड, वारंटी व शराब तस्कर शामिल है। साथ ही 58 लीटर देशी शराब, एक स्कॉर्पियो को जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों का पालन कराने के लिए वाहन जांच अभियान में तीन लाख 62 हजार रुपए जुर्माने की राशि वसूली की गई है।

### जानलेवा हमला कर किया घायल

**डिहरी ऑन-सोन(नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना में रुद्रपुरा गांव निवासी शशि रंजन कुमार ने अपने भाई दीपक कुमार के बाइक में टक्कर मारने व विरोध करने पर मारपीट कर बुरी तरह जख्मी करने के मामले में दो लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। घायलों का इलाज बीएचयू ट्रामा सेंटर में चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**सासाराम/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** करगहर थाना क्षेत्र के सारोंडीह गांव में एक स्कॉर्पियो से टक्कर के बाद बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान सेहुआर निवासी बाबूलाल राम के 21 वर्षीय पुत्र मंजीत कुमार के रूप में हुई है। हादसे में एक अन्य युवक भी घायल हुआ है। स्कॉर्पियो से टक्कर के बाद मंजीत की हालत गंभीर हो गई। स्थानीय लोगों ने उसे तुरंत सासाराम सदर अस्पताल पहुंचाया। हालत बिगड़ने पर चिकित्सकों ने उसे वाराणसी रेफर कर दिया लेकिन वाराणसी ले जाते समय रास्ते में ही मंजीत ने दम तोड़ दिया। उसकी मौत से परिवार में मातम छा गया है। करगहर थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेजा है।

### शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का आरोपित युवक धराया

**कुदरा(रोहतास)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शादी करने का झांसा देकर एक लड़की का शारीरिक शोषण करने के मामले में कुदरा पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद शनिवार को पॉक्सो एक्ट के तहत जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि गिरफ्तार युवक सुग्रीव कुमार रावत घटाव गांव का निवासी है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता ने अपने बयान में बताया है कि युवक द्वारा शादी का प्रलोभन देकर पिछले तीन माह से शारीरिक शोषण किया जा रहा है। शादी की करने पर वह बार-बार इंकार कर देता था। इसके बाद लड़की ने घटना के बारे में परिजनों को बताई। मामले में कुदरा थाना में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद भभुआ जेल भेज दिया गया।

### जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता को किसानों की समस्याओं से कराया अवगत



**रामपुर(कैमूर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** किसान संघर्ष मोर्चा के जिलाध्यक्ष विमलेश पांडेय ने शनिवार को जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता को धान की खेती में किसानों की हो रही समस्याओं से अवगत कराया। इसमें जर्जर पुल, पुलिया, वितरणी, सोन उच्च स्तरीय नहर का कटाव, समय से किसानों के खेतों में पानी नहीं पहुंचने जैसी कई तरह की समस्याओं से अवगत कराया और कहा कि यह सब समस्या दूर नहीं होगी तो किसानों को बहुत बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता ने आश्वासन दिया कि किसानों की जो भी समस्या है उसे समय से पहले दुरुस्त किया जाएगा। सभी किसानों के खेत में पानी समय से पहुंचेगी। जो भी किसानों की छोटी-मोटी समस्या है उसका निराकरण तुरंत किया जाएगा। मौके पर जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता, कनीय अभियंता एवं किसान सदस्य अनिल सिंह, बजरंगी पांडे आदि लोग मौजूद रहे।

# हाइवा ने बाइक सवार महिला को कुचला, मौत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुर्गावती(कैमूर)।** कर्मनाशा मुख्य नहर (विस्तार) पथ पर शनिवार की दोपहर करारी गेट के पास हाइवा ने बाइक सवार महिला को कुचल दिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई जबकि बाइक चला रहा युवक बाल-बाल बच गया। मृत महिला की पहचान छाता गांव के बीडीओ मुसहर की पत्नी लीलावती देवी के रूप में की गई है। बताया जाता है कि महिला रिश्तेदारी में शादी सम्पन्न होने के बाद घर लौट रही थी। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों की भीड़ ने हाइवा का शीशा तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस को भी घेर लिया। काफी समझाने-बुझाने के बाद ग्रामीण माने। ग्रामीण उच्च अधिकारियों को घटनास्थल पर बुलाने की मांग पर अड़े थे। गांव के गणमान्य लोगों के समझाने के बाद शव को पुलिस पोस्टमार्टम के लिए ले जाने में सफल हुई।

# बैंककर्मी से लूट मामले में एक गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुर्गावती(कैमूर)।** थाना क्षेत्र के मंसुरपुर के पास एक सप्ताह पूर्व उत्कर्ष बैंक के क्रेडिट ऑफिसर से दो अज्ञात अपराधियों द्वारा हथियार का भय दिखाकर लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। इस क्रम में 28895 रुपये नकद, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, पैन कार्ड, गाड़ी का कागजात, एटीएम कार्ड ले लिया गया था। मामले में क्रेडिट ऑफिसर रविरंजन कुमार द्वारा लिखित आवेदन देकर एफआईआर दर्ज कराया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। तकनीकी अनुसंधान एवं सूचना संकलन के आधार पर कांड के मास्टर माइंड तौसिफ खान को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवक ने पुलिस को दिए अपने बयान में घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। साथ ही अन्य दो अपराधियों का नाम भी बताया है। उसकी निशानदेही पर अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। आरोपी ने बयान में बताया कि यूपी के चंदौली जिले के बलुआ थाना अंतर्गत पलिया मार्ग में भी इस तरह लूट की घटना मिलकर किये है। इस मामले में डीएसपी द्वारा शनिवार प्रेस वार्ता किया गया। इस दौरान यह भी बताया गया कि जांच के क्रम में पुलिस ने अप्र. अभि. प्रिंस कुमार के घर से घटना में उपयोग किये गये काले रंग की बिना नम्बर प्लेट के पल्सर मोटरसाइकिल 160 सीसी एवं वादी के पास से लूटे गये वादी का एटीएम कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, आधार कार्ड तथा अप्र. अभियुक्त तौसिफ खां के पास से लूट से पांच हजार रूपया एवं एक मोबाइल बरामद हुआ है।

# उच्च रक्तचाप के प्रति लोगों को किया आगाह



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर आज जमुहार स्थित नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल तथा नारायण नर्सिंग कॉलेज के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक किया गया तथा इससे बचाव की जानकारी प्रदान की गई। संस्थान द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के चिकित्सकों की टीम द्वारा सासाराम के विभिन्न स्थानों पर उच्च रक्तचाप के प्रति लोगों को आगाह किया गया। इस अवसर पर विभाग के सीनियर और जूनियर चिकित्सकों तथा इंटर्न छात्रों द्वारा आम लोगों को जानकारी दी गई। छात्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को उच्च रक्तचाप के परिणाम से अवगत कराया गया। इसी बीच नारायण नर्सिंग कॉलेज के शिक्षकों एवं छात्रों द्वारा रोहतास जिले के अकोढीगोला प्रखंड अंतर्गत अकोढी पंचायत भवन पर आयोजित कार्यक्रम में उच्च रक्तचाप से होने वाली बीमारियों जैसे हृदय रोग, स्ट्रोक आदि के बारे में जागरूक किया गया तथा लोगों से हमेशा रक्तचाप की जांच कराने का आग्रह किया गया। उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में आए लोगों ने अपना रक्तचाप जांच कराया और इसे नियंत्रित कर लंबा जीवन पाने के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर वहां आए जनसमूह का निशुल्क हेल्थ चेकअप किया गया तथा रक्तचाप,मधुमेह आदि की जांच भी की गई। कार्यक्रम का आयोजन नारायण नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या प्रोफ़ेसर डॉक्टर के लता, उपप्राचार्या डा श्वेता शर्मा, मेडिकल सर्जिकल नर्सिंग की विभाग अध्यक्ष प्रोफ़ेसर पी पुन्नरसी की दिशा निर्देश में किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में तेजपाल सिंह, विप्लव डिंडा, शिवांशु कुमार, विक्रांत कुमार, ममता कुमारी, मोनिका पी, सुश्री काव्या सिंह आदि शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# बिहार की जनता करे पुकार, फिर से नीतीश कुमार : बैरिस्टर सिंह



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** जदयू प्रवक्ता व अधिवक्ता बैरिस्टर सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि वर्तमान और भविष्य को ध्यान में रखकर ही सूबे की जनता वोट करती है। जनता चाहे तो अर्श पर नहीं तो फर्श पर लाने में देर नहीं करती है। सिर्फ वक्त का इंतजार करना पड़ता है और यह होते रहा है आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि कोई राजनीतिक विशेषज्ञ नहीं जानता था कि नीतीश कुमार का बिहार में इतना बड़ा कार्यकाल होगा परन्तु जनता सबकुछ जानती है क्योंकि यही जनता कांग्रेस के बाद राजद के लालू प्रसाद यादव को बिहार में लाई परन्तु 15 सालों के जंगल राज को भूल नहीं पाती है। बिजली, रोड, स्वास्थ्य, शिक्षा के क्षेत्र में अनगिनत कार्य नीतीश कुमार के नेतृत्व में हुआ और अब विकास की गति तेज है। हर जगह से एक ही आवाज बिहार की जनता करे पुकार फिर से नीतीश कुमार की आवाज सुनाई दे रही है।

# प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे से जगी कई उम्मीदें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** प्रधानमंत्री के रोहतास आगमन पर युवा भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित पटेल तथा बसंत प्रसाद ने हर्ष प्रकट करते हुए कई उम्मीदें जताई है। दोनों नेताओं ने इसके लिए पीएम को पत्र भी लिखा है। प्रधानमंत्री को लिखे गए पत्र में उन्होंने कहा है कि बिहार के सत्य हरिश्चंद्र के सुपुत्र रोहिताश्व के नाम पर बने रोहतास की पावन भूमि पर आपके आगमन की सूचना से रोहतास ही नहीं बल्कि अगल-बगल के जिलों के लोगों में भी खुशी है। आपके आगमन की सूचना पाकर आमलोगों में चर्चा है कि प्रधानमंत्री बिहार के साथ-साथ रोहतास जिले के विकास की भी घोषणा करेंगे। डिहरी में बंद पड़े रोहतास उद्योग, जो कभी एशिया महादेश का बड़ा कारखाना हुआ करता था, वर्ष 1984 से बंद पड़ा है। यहां हजारों लोग कार्यरत थे। इस कारखाना से अगल-बगल के ही नहीं बल्कि आपके संसदीय क्षेत्र वाराणसी के लोग भी कार्यरत थे। बंद पड़े कारखाना को भारत सरकार के रेल मंत्रालय ने खरीद लिया और यह निर्णय लिया गया कि रेल से संबंधित कलपुर्जे का निर्माण कराया जायेगा लेकिन अबतक इसपर काम शुरू नहीं हुआ है। अमझोर में भी भारत सरकार का कारखाना था। उस कारखाना में सोनगंगा नामक खाद का निर्माण होता था। कम लागत में गुणवत्तापूर्ण खाद का निर्माण होता था। किसानों को सस्ता खाद मिलता था जो फसलों के लिए उपयोगी था। वह कारखाना भी बंद हो गया। दोनों कारखाना बड़े भू-आग में फैला था जिसमें काफी मजदूर कार्यरत थे। दोनों कारखाना चलता था तो जिले में खुशहाली थी। लक्ष्मी की कृपा बनी रहती थी। अब वीरानगी छाई हुई है। आपकी कृपा इन बंद पड़े कारखानों पर हो जाये तो पुनः लक्ष्मी की कृपा हो जायगी। बेरोजगार युवकों को रोजगार मिलने लगेगा। जिले के साथ-साथ बिहार का भी विकास होगा।

# राष्ट्रीय मुख्य सचिव बनने पर मनीष को दी बधाई

**डिहरी ऑन-सोन(नबिटा ब्यूरो)।** मनीष कुमार शरण को इंडियन ह्यूमन राइट्स सोशल प्रोटेक्शन के राष्ट्रीय मुख्य सचिव के पद पर मनोनीत किया गया है। मनीष शरण पिछले 14 वर्षो से मानवाधिकार क्षेत्र में मानव के संरक्षण के लिए लगातार कार्य करते आ रहे हैं। मनीष शरण को नीति आयोग द्वारा भी सम्मानित भी किया जा चुका है। इंडियन ह्युमन राइट सोशल प्रोटेक्शन के राष्ट्रीय मुख्य सचिव बनाए जाने पर मनीष शरण को कई लोगों ने बधाई दी है। बधाई देने वाले में रूपेश राय, अजय कुमार उर्फ बिट्टू, संदीप मिश्रा, राजीव पांडे, बलवंत सिंह, विकास कुमार आदि शामिल हैं।

# 'ये धरती है वीर जवानों की' गीत से आपरेशन सिंदूर का समर्थन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा(कैमूर)।** प्रखंड के जहानाबाद स्थित उच्च माध्यमिक सह कन्या मध्य विद्यालय में सिंदूर ऑपरेशन की सफलता पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें छात्राओं ने ये धरती है वीर जवानों की... नामक गीत को प्रस्तुत किया। छात्राओं ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर देश के लिए बहुत जरूरी था। इसकी सफलता ने देश के गौरव को और बढ़ा दिया है। वीर जवानों की बदौलत ही देश के सभी लोग अमन-चैन की जिंदगी जी रहे हैं। वीर जवान देश के लिए अपनी सभी खुशियों को कुर्बान कर देते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ चंचल कुमारी एवं पिंकी कुमारी की सरस्वती वंदना से हुआ। सिमरन एवं स्वीटी ने 'ये धरती है वीर जवानों की' गीत पर अपनी प्रस्तुति दी। अदिति दीपांशी एवं साध्वी पांडेय ने 'तेरे मिट्टी में मिल जवा' गीत पर अपनी प्रस्तुति दी। निधि कुमारी के गीत 'ओ माई तेरी मीठी बुलावे' ने सबका मन मोह लिया एवं पूजा कुमारी के गीत संदेशे आते हैं... ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा छात्र-छात्राओं के कार्यक्रम ने सबको प्रभावित किया। ब्यूटी एवं ज्योति के निर्देशन में आंचल काजल, अलका, जैस्मिन, शाजिया जेबा, अरफा समां एवं मंत्रा मैं पाकिस्तान शासन व्यवस्था पर एक व्यंग्यात्मक रोल प्ले का मंचन किया। अंत में प्रधानाध्यापक कुमार अनिल सिंह ने बताया कि भारत का ऑपरेशन सिंदूर शत प्रतिशत सफल रहा है। भारत में पाकिस्तान के अंदर सारे टारगेट हिट किया एवं उसके 11 एयर बेस को नष्ट किया। जबकि पाकिस्तान भारत में नुकसान नहीं पहुंचा सका। कार्यक्रम में काफी संख्या में छात्राओं के साथ शिक्षक व अभिभावक उपस्थित थे।

# डॉ. मैकू राम का नेतृत्व व शिक्षकों की मेहनत बेमिसाल




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिलौथू (रोहतास)।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तिलौथू में शनिवार को आयोजित अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) ऐतिहासिक रही। इस बैठक में 400 से अधिक अभिभावकों ने भाग लेकर विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन और शिक्षकों की समर्पणशीलता पर पूर्ण विश्वास जताया। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय के कुशल एवं कर्मठ प्रधानाचार्य डॉ. मैकू राम ने की। जिनके नेतृत्व में विद्यालय निरंतर शैक्षिक उत्कृष्टता की दिशा में अग्रसर है। उपस्थित अभिभावकों ने खुले दिल से डॉ. मैकू राम की दूरदर्शिता, अनुशासनप्रियता और कार्यशैली की सराहना करते हुए उन्हें विद्यालय का वास्तविक मार्गदर्शक बताया। अभिभावकों ने विद्यालय में कक्षाओं का अनुशासित संचालन, विद्यार्थियों के प्रति शिक्षकों के समर्पित दृष्टिकोण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण प्रक्रिया को 'प्रेरणादायी' करार दिया। विषयवार प्रयोगशालाओं का संचालन, नियमित मूल्यांकन व्यवस्था, समयबद्ध गृहकार्य तथा छात्रों में आत्मविश्वास की वृद्धि जैसे बिंदुओं को विशेष रूप से सराहा गया। बैठक में अभिभावकों ने विद्यालय के भविष्य को और अधिक उज्ज्वल बनाने हेतु कई रचनात्मक सुझाव भी प्रस्तुत किए। इनमें करियर गाइडेंस सत्रों की संख्या बढ़ाने, मोबाइल फोन की लत से छात्रों को दूर रखने तथा खेल-कूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने जैसे बिंदु शामिल रहे। डॉ. मैकू राम ने सभी अभिभावकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए आश्वस्त किया कि आपके सुझावों को विद्यालय की आगामी कार्ययोजना में सम्मिलित किया जाएगा। बच्चों की सफलता विद्यालय, शिक्षक और अभिभावक-तीनों की साझी जिम्मेदारी है। अभिभावकों ने विद्यालय के समर्पित शिक्षकों यथा उमा शंकर पाल, नूतन कुमारी, प्रीती श्रीवास्तव, मिथिलेश पासवान, सुमित मिश्रा, रवि रंजन कुमार आदि की विशेष प्रशंसा की। कहा कि इन शिक्षकों की शिक्षण शैली ने बच्चों में समझ, अनुशासन और आत्मविश्वास को नई दिशा दी है। इस बैठक ने न केवल विद्यालय की सशक्त शैक्षणिक छवि को सुदृढ़ किया बल्कि विद्यालय-शिक्षक-अभिभावक की त्रिस्तरीय सहभागिता को भी नई ऊर्जा प्रदान की।


## कार्यालय नगर परिषद, गढ़वा

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सभी भवन मालिकों/संस्था/गैर सरकारी संस्थानों को सूचित किया जाता है कि झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011, झारखंड शहरी क्षेत्र धर्मशाला, विवाह भवन (Marriagre Hall) वैक्वेट हॉल (Banquet Hall), लॉज एवं हॉस्टल निर्माण और अनुज्ञप्ति नियमावली, 2013 एवं अधिसूचना संख्या 05/ न0 वि0/विविध/141/2012 –1477 राँची दिनांक 17.04.2013 के द्वारा अनुज्ञप्ति एवं नवीकरण का वार्षिक शुल्क निम्न दर से भवन मालिकों/संस्था/गैर सरकारी संस्थानों द्वारा देय होगा, जो निकायों की श्रेणी के आधार पर निम्नवत् है :–

| क्रमांक | भवन का प्रकार | निर्मित क्षेत्र | अनुज्ञप्ति का न्यूनतम दर वार्षिक शुल्क (रु0 में) |
|---|---|---|---|
| | | | नगर परिषद |
| 1 | धर्मशाला | 5000 वर्गफीट तक | 800/– |
| | | 5001 वर्गफीट से ऊपर | 1,000/– |
| 2 | विवाह भवन/वैक्वेट हॉल (Banquet Hall) | 5000 वर्गफीट तक | 7,500/– |
| | | 5001 वर्गफीट से ऊपर | 10,000/– |
| 3 | लॉज | 1–10 बेड | 800/– |
| | | 11–20 बेड | 1,200/– |
| | | 21–50 बेड | 1,500/– |
| | | 50 से अधिक बेड | 2,000/– |
| 4 | हॉस्टल | 1–10 बेड | 600/– |
| | | 11–20 बेड | 800/– |
| | | 21–50 बेड | 1,000/– |
| | | 50 से अधिक बेड | 1,500/– |

नोट–
1. उपरोक्त दर अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए भी वार्षिक रुप से देय होगा।
2. उपरोक्त वर्धित न्यूनतम दरों के अतिरिक्त शहरी क्षेत्रों के अंतर्गत व्यवसायिक महत्त्व के आधार पर क्षेत्रवार न्यूनतम दर से वृद्धि उपरोक्त निर्धारित दर का 25% तक देय होगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, गढ़वा

PR 352725 Urban Development (25-26)_D

# सैन्य सम्मान के साथ शहीद मनीष को दी गई अंतिम विदाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** देश की रक्षा करते करते ड्यूटी के दौरान 14 मई की सुबह सवा सात बजे शहीद हुए भारतीय सेना के जवान व जिले के कौआकोल थाना क्षेत्र के पाण्डेयगंगौट गांव निवासी 27 वर्षीय चन्दन कुमार का पार्थिव शरीर घटना के चौथे दिन उनका पैतृक गांव पहुंचा। हजारों वाहनों के काफिले एवं काफी जनसैलाब के बीच जैसे ही दोपहर एक बजे के आस पास उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव पाण्डेगंगौट पहुंचा, तो माहौल काफी गमगीन हो उठा। वहाँ मौजूद हजारों आँखें नम थी और हर दिल में गर्व का भाव था। सैनिक सम्मान के साथ जहां शहीद मनीष के पार्थिव शरीर को गांव स्थित श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। वहीं हजारों ग्रामीणों,जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में शहीद जवान को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं शहीद मनीष को वीरों की तरह विदाई दी गई। दिवंगत शहीद जवान मनीष के पार्थिव शरीर को उनके छोटे भाई सन्नी कुमार ने नम आँखों से मुखाग्नि दी। इसके पूर्व शहीद जवान मनीष के पार्थिव शरीर जैसे ही नवादा पुलिस लाइन से निकला, जगह जगह रास्ते में हजारों लोगों ने गांव की गलियों एवं सड़कों को तिरंगा से पाट दिया। जगह जगह शहीद मनीष के शव वाहन को रोककर पुष्प वर्षा की गई। देश भक्ति गीतों के बीच जब तक सूरज चांद रहेगा, मनीष तेरा नाम रहेगा, शहीद मनीष अमर रहे,भारत माता की जय,पाकिस्तान मुर्दाबाद, जय हिंद, वन्दे मातरम



आदि देशभक्ति नारों से पूरा इलाका गुंजयमान हो उठा। लोगों ने कहा कि हमारे जवानों की बलिदानी बेकार नहीं जाएगी।

**सुविधाओं के लिए टेंट एवं पानी की व्यवस्था, मनीष ने जीते थे कई मेडल**

कौआकोल। बलिदानी मनीष के पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन को उमड़े लोगों के सुविधाओं के लिए एवं भीषण गर्मी से बचाव को लेकर बड़े बड़े शामियाना लगाया गया था। वहीं पेयजल की भी व्यवस्था भी की गई थी। एक शामियाना में शहीद मनीष के सेवाकाल के यादों को संजो कर रखा गया था। बता दें कि दिवंगत मनीष ने अपने सेवाकाल में विभाग से कई मेडल जीतें थे। वहीं स्थानीय मुखिया दीपक कुमार ने बताया कि उनके एवं ग्रामीणों के सहयोग से गांव के मुख्य द्वार सहित कई स्थानों पर शहीद मनीष का बैनर लगाकर उन्हें अंतिम विदाई दी गई। वहीं मुख्य सड़क व मुख्य द्वार से पूरे गांव तक जाने वाली सड़कों को ग्रामीणों द्वारा फूलों से सजाया गया। पूरे गांव की सड़कों पर एक साइड से फूल बिछाकर सम्मान दिया गया।

**गांव के मुख्य द्वार को शहीद मनीष द्वार करने की मांग**

ग्रामीणों ने पाण्डेयगंगौट गांव जाने वाली मुख्य द्वार का नाम शहीद मनीष द्वार रखने का निर्णय लिया है एवं इस दिशा में सरकार एवं प्रशासन से आवश्यक पहल करने का मांग किया है। वहीं फुलडीह मोड़ का भी नाम शहीद मनीष मोड़ करने की मांग प्रशासन से की जा रही है।

**मध्य विद्यालय कौआकोल में छात्र-छात्राओं ने दी श्रद्धांजलि**

भारतीय सेना में कार्यरत शहीद मनीष के बलिदान के बाद उनकी आत्मा की शांति के लिए मध्य विद्यालय कौआकोल में शोक सभा का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक इंद्रदेव दास ने बताया कि स्कूली बच्चों एवं शिक्षकों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीद मनीष की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। मौके पर शिक्षक विजय कुमार सुमन, सूरकांत निराला, अभिषेक राज, रामजन्म पासवान, शबनम प्रवीण, तराना खातून, शीला, अशोक आदि मौजूद थे।

**शहीद मनीष के अंतिम दर्शन में शामिल हुए कई दिग्गज**

दिवंगत शहीद मनीष कुमार के अंतिम दर्शन को लेकर हजारों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। सभी लोगों ने नम आंखों से शहीद को अंतिम विदाई दी। वहीं शहीद मनीष के पैतृक गांव पाण्डेयगंगौट में मुख्यमंत्री के आदेश पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इसके पूर्व पार्थिव शरीर पर लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित किया। विधि व्यवस्था को लेकर जिले के रूपौ एवं कौआकोल थाना सहित कई अन्य थानों के पुलिस अधिकारी एवं जवान लगे रहे। शहीद जवान मनीष के अंतिम संस्कार में राज्यसभा सांसद डॉ. भीम सिंह चंद्रवंशी,नवादा के जिलाधिकारी रवि प्रकाश, सदर एसडीओ अखिलेश कुमार, पकरीबरावां एसडीपीओ महेश चौधरी, विधायक मोहम्मद कामरान, एमएलसी अशोक यादव, मगही एवं भोजपुरी गायक गुंजन सिंह, बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार, सीओ मनीष कुमार, जदयू जिलाध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी, भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता सहित अन्य कई दिग्गज लोग मौजूद रहे।

**विधायक मो0 कामरान ने की एक माह का वेतन देने की घोषणा**

गोविंदपुर विधायक मो. कामरान ने शहीद मनीष के परिवार को अपना एक माह का वेतन देने की घोषणा की है साथ ही सरकार से एवं अन्य स्तर से भी आर्थिक मदद दिलाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि हमारे जवानों का बलिदान बेकार नहीं जाएगा। विधायक की इस पहल पर ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की है। इसके पूर्व विधायक मो. कामरान शहीद जवान के पार्थिव शरीर की बाइक से अगुवाई करते नजर आए।

## मुख्यमंत्री ने सालेपुर-नरसंडा-तेलमर-करौटा पथ का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सालेपुर-नरसंडा-तेलमर-करौटा पथ का निरीक्षण किया। यह पथ एसएच 78 बिहटा-सरमेरा पथ से प्रारंभ होकर सालेपुर-नरसंडा-तेलमर करौटा होते हुए एनएच 30 पटना-मोकामा के जगदंबा स्थान मोड़ पर मिलता है। यह पथ राजगीर जाने के लिए एक वैकल्पिक मार्ग है। इस पथ का चौड़ीकरण फोरलेन के रूप में किया जाएगा। जिससे राजगीर जाने में लोगों को सहूलियत होगी एवं समय की बचत होगी। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने नालंदा जिला अन्तर्गत प्रस्तावित सालेपुर से राजगीर बुद्ध सर्किट फोर लेन पथ



निर्माण के एलायनमेंट का स्थल निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। सालेपुर से राजगीर टू लेन पथ को फोरलेन के रूप में चौड़ीकरण किया जाएगा। इससे पटना से राजगीर जाने वाले लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी। समय की भी बचत होगी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि प्रस्तावित पथ के एलायनमेंट में पड़ने वाले रेलवे लाइन के ऊपर एलिवेटेड पथ बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने सालेपुर मोड़ के निरीक्षण के पश्चात चैहान मोड़, बेलदारीपर, नूरसराय में भी स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पथ निर्माण विभाग के अपरमुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाकारी गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, नालंदा के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## कुशल नेतृत्व का परिणाम है ऑपरेशन सिंदूर में मिली सफलता : अनिल मेहता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अनिल मेहता ने शनिवार को तिरंगा यात्रा के उपरांत कहा कि देश में कुशल नेतृत्व का परिणाम है कि ऑपरेशन सिंदूर में हमारे देश के जवानों ने दुश्मन देश के दांत खट्टे कर दिए। जमकर मुकाबला किया। इस युद्ध में हमारे नवादा के एक लाल मनीष कुमार शहीद हुए, जिसका ऋणी पूरा देश रहेगा। इस युद्ध में कुशल नेतृत्व और सैनिकों की अदम शौर्य साहस ने दुश्मनों को दिखा दिया कि भारत की ओर आंख उठाकर देखना मुनासिब नहीं है नहीं तो मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा।



**एनडीए गठबंधन की सरकार ने पहलगाम का ले लिया बदला : मुकेश विद्यार्थी**

नवादा। जनता दल यूनाइटेड के जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने कहा कि कश्मीर के पहलगाम में जिस तरह से धर्म पूछ कर पर्यटकों की हत्या की गई इसके बदले स्वरूप एनडीए गठबंधन की सरकार ने दुश्मन के घर में घुसकर ऑपरेशन



तिरंगा के साथ बदला लिया है। हमारे देश की सेना ने यह दिखा दिया है कि भारत कमजोर नहीं है। आंख उठाकर देखने पर हमारे देश की सेना उस आंख को बर्बाद कर देगी। हमारी मां बहनों व जनता की सुरक्षा का दायित्व संभाले देश के सैनिकों ने जिस तरह से लड़ाई लड़ी वह काबिले तारीफ है।न हम लोग के लिए गौरव की बात है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह जंग जीता गया ।

**सिंदूर का बदला ऑपरेशन सिंदूर से लिया गया : अरुणा देवी**

नवादा। तिरंगा यात्रा के दौरान वारसलीगंज की विधायक अरुणा देवी ने कहा कि देश की मजबूत नेतृत्व नरेंद्र मोदी की सरकार ने पहलगाम में जिस तरह से मां बहनों की सिंदूर को उजाड़ने वाले आतंकी के हौसले को देश की सेना ने ध्वस्त कर दिया है, वह काबिले तारीफ है। आतंकी संगठन को हमारे देश की सेवा और कुशल नेतृत्व के कारण ध्वस्त किया जा सका है। यह हमारे लिए गर्व की बात है।

## कुएं में गिरने से किशोरी की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** रहुई थाना क्षेत्र के देकपुरा गांव में शुक्रवार रात एक हादसे में 14 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई। मृतका की पहचान सुकुमार पासवान की पुत्री गुड़िया कुमारी के रूप में की गई है। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार की देर रात शौच के लिए घर से निकली थी। इसी दौरान अंधेरे में उसका पैर फिसल गया और वह पास स्थित एक पुराने कुएं में गिर गई। घरवालों ने जब काफी देर तक उसे वापस नहीं आते देखा तो उसकी तलाश शुरू की। आशंका होने पर लोगों ने कुएं में झांक कर देखा तो बच्ची पानी में डूबी हुई मिली।

## शहीद मनीष की एक झलक पाने को लेकर उमड़ी भीड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** शहीद मनीष कुमार का पार्थिव शरीर लेह लद्दाख से शनिवार को नवादा पहुंचा। इसके बाद जिलेवासी एक झलक पाने को लेकर पुलिस लाइन में सुबह से जुटे रहे। मनीष का पार्थिव शरीर पुलिस लाइन पहुंचते ही गया के सैनिक जवानों द्वारा पूरे सम्मान के साथ आर्मी वाहन से उसके पैतृक गांव कौआकोल प्रखंड के पांडेय गंगौट ले जाया गया। इस दौरान गया के आर्मी कैंट से आर्मी के अधिकारी और नवादा डीएम एसपी सहित तमाम पदाधिकारी पुलिस लाइन में जुटे रहे। जैसे ही पुलिस लाइन से शाहीद मनीष के पार्थिव



शरीर के साथ तिरंगा यात्रा निकाला। भारत माता की जय और शाहीद मनीष अमर रहे के उद्घोष से वातावरण गूंज उठा। उनके पार्थिव शरीर के साथ तिरंगा यात्रा में हजारों की संख्या में तिरंगा झंडा लगाए बाइक पर सवार युवा जयकारा लगाते हुए साथ चल रहे थे। वहीं नगर के हृदयस्थली प्रजातंत्र चौक पर सैंकड़ों महिला-पुरुष हाथ में तिरंगा झंडा लिए उसके पार्थिव शरीर पर पुष्प वर्षा करते हुए भारत माता की जय और शहीद मनीष अमर रहे के साथ देश भक्ति गीत बजाकर सम्मान देने में जुटे रहे। शहीद मनीष के तिरंगा यात्रा के दौरान महिलाएं व लड़कियां पुष्प बरसाते हुए भावुक हो रही थी, मानो कोई सगा भाई देश के लिए शहीद हुआ हो।

## सैनिकों के सम्मान में निकाली गई तिरंगा यात्रा





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** ऑपरेशन सिंदूर के सफलता पर भारतीय सैनिकों के सम्मान में नवादा साहेब कोठी मंदिर के प्रांगण से भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल मेहता के नेतृत्व में एवं जिला महामंत्री अरविंद कुमार गुप्ता एवं नंदकिशोर चौरसिया के संयोजन में

'देश प्रेमी नागरिकों' के बैनर तले एक एक वृहत तिरंगा यात्रा निकाला गया। तिरंगा यात्रा में हजारों की संख्या में देश प्रेमी महिला, पुरुष शामिल हुए। सभी के हाथों में तिरंगा झंडा, स्लोगन लिखा हुआ तख्ती एवं 100 मीटर लंबा तिरंगा झंडा के साथ नवादा के विभिन्न मार्गो में भ्रमण किया। सभी ने जोरदार तरीके से जमकर नारा लगाया। भारत माता की जय, वन्देमातरम, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, भारतीय सेना जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद, सेना ने दम झोंका है, आतंकवाद को ठोका है, सिंदूर का अपमान नहीं सहेंगे, नहीं सहेंगे, ऑपरेशन सिंदूर जिंदाबाद, शहीद मनीष सिंह अमर रहें। भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा कि भारत के नरेंद्र मोदी सरकार आतंकवाद को खत्म करके ही दम लेगे। उन्होंने साबित कर दिया कि जो हमारा मां, बहन का सिंदूर उजड़ेगा हमे उसे खत्म करके रहेंगे। भारतीय सेना के शौर्य को हमलोग सलाम करते है। जेडीयू जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने कहा कि हमारा भारत शक्तिशाली देश है। हम किसी को छेड़ते नहीं है। अगर कोई हमे छेड़ता है उसे हम नहीं छोड़ते है। विधायक अरुणा देवी ने कहा कि भारत के नारी का सुहाग को मिटाने वाले आतंकवादी को भारतीय सेना ने चुन चुन कर बदला लिया है। कार्यक्रम के प्रदेश प्रभारी पूनम शर्मा ने कहा कि भारतीय सेना के सम्मान में पूरे बिहार के हर जिला से लेकर प्रखंड में तिरंगा यात्रा निकाला जा रहा है। इससे लोगों में राष्ट्र भक्ति का भावना जागृत होता है। इस तिरंगा यात्रा में नवादा के विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता शामिल रहे जिसमें भाजपा के निवर्तमान जिला अध्यक्ष संजय कुमार मुन्ना, लोजपा आर के जिला अध्यक्ष मनोज सिंह, जिला महामंत्री अरविंद गुप्ता,

## मनीष का बलिदान न केवल नवादा बल्कि पूरे बिहार के लिए गर्व का विषय : प्रमोद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** जम्मू-कश्मीर में देश की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए मनीष कुमार चंद्रवंशी को आज उनके पैतृक गांव पाण्डेगंगौट में नम आंखों से श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर हजारों की संख्या में स्थानीय लोग, परिजन और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। बीजेपी अति पिछड़ा प्रकोष्ठ बिहार के संयोजक प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने गांव पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि मनीष कुमार ने कम उम्र में देश की सेवा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने कहा कि यह बलिदान न केवल नवादा बल्कि पूरे बिहार के लिए गर्व का विषय है। श्रद्धांजलि सभा के दौरान वीर शहीद मनीष कुमार अमर रहें और भारत माता की जय के नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। लोगों ने शहीद के सम्मान में भावभीनी विदाई दी और पाकिस्तान की कायराना हरकत पर गुस्सा भी जताया। स्थानीय लोगों और परिजनों ने मांग की कि गांव में बने नवनिर्मित नगर भवन, विद्यालय, सड़क और स्वागत द्वार का नाम वीर शहीद मनीष कुमार के नाम पर रखा जाए। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि इस मांग को सरकार के समक्ष रखा जाएगा और इसे पूरा कराने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर हम सेकुलर पार्टी के प्रदेश महासचिव लव कुश चंद्रवंशी, लोजपा के प्रदेश महासचिव मुकेश सिंह चंद्रवंशी, मुखिया करण कुमार मांझी, देवेंद्र मांझी, हम सेकुलर के जिला प्रधान महासचिव रवि चंद्रवंशी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## स्थानीय विधायक ने शहीद को दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाला नवादा का वीर सपूत मनीष कुमार का पार्थिव शरीर शनिवार को सुबह में जिला मुख्यालय पहुंचा जहाँ एक झलक पाने के लिए हजारों जनता उमड़ पड़ी। जिले के सभी जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों के साथ सदर विधायक विभा देवी ने पुलिस लाइन पहुंचकर शहादत को नमन किया और शहीद रथ के साथ चल रहे विशाल काफिले का हिस्सा बनी। उन्होंने मनीष के पैतृक गाँव पाण्डेय गंगौट पहुंचकर तिरंगे में लिपटे मनीष के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित किया और डबडबाई आंखों से श्रद्धांजलि दी। शहीद की आखिरी विदाई में उमड़ते जनसैलाब और उसमें देशभक्ति के जज्बे को देखकर उन्होंने कहा कि वीर जवानों के हाथ में देश कल भी सुरक्षित था, आज भी है और कल भी रहेगा। विभिन्न दलों की सत्ता का आना-जाना लगा रहेगा लेकिन मनीष जैसे बहादुर जवानों के इरादे हमेशा बुलन्दियों पर रहेंगे। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकारों से मांग की है कि मनीष





के सर्वोच्च बलिदान के लिए सर्वोच्च सम्मान के साथ उनके आश्रितों पर आभाव का साया भी नहीं पड़ने दें। विधायक के काफिले में नवादा एमएलसी अशोक यादव, जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी, सामाजिक कार्यकर्ता अमित चन्द्रवंशी, सुरेन्द्र यादव, देवनंदन यादव, मदन कुमार इत्यादि शामिल थे।

## इंटर विद्यालय नारदीगंज में समर कैंप का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा।** समर कैंप का आयोजन गांव व जिला स्तर पर आगामी 21 मई 2025 से शुरु होगी,जो 20 जून 2025 तक किया जाना है। इसमें मुख्य भूमिका पढ़ाने हेतु शिक्षा सेवकों को करना है। इसमें वर्ग पांच से छह कक्षा तक के बच्चों को गणित कौशल को सुदृढ करने हेतु गणितीय समर कैम्प होगा। बैठक में प्रथम संस्थान के प्रतिनिधि के द्वारा टोल सेवकों को प्रशिक्षण दिया गया। कहा गया समर कैंप के दौरान आप सभी गांव में कही भी अच्छे स्थान को चयन कर बच्चों को पढ़ाने का कार्य करेंगे। इंटर विद्यालय नारदीगंज में शनिवार को बैठक आयोजित की गई।

## अनुमंडलीय अस्पताल में ऑपरेशन करने के बाद बरती जा रही लापरवाही

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** मुख्यालय स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा बरती जा रही अनियमितताओं से आम जनमानस परेशान हैं। इससे भी अधिक दुःख की बात है कि परेशानियों को कहने के बाद भी पदाधिकारियों द्वारा अनियमितता बरतने वाले कर्मियों पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं किए जाने से उनका मनोबल और बढ़ जाता है। इसका नतीजा है कि अस्पताल में मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ रुक नहीं पा रहा है।बीते शुक्रवार की दोपहर लगभग 12 बजे रजौली के आसपास की पांच महिलाओं का बंध्याकरण डॉ. अनुज कुमार और डॉ. स्नेहल द्वारा किया गया। बंध्याकरण के बाद महिलाओं को ऑपरेशन थिएटर के बगल में रहे वातानुकूलित कमरे और एक सामने वाले में रूम में शिफ्ट कर दिया गया। बंध्याकरण कराने आई महिलाओं में मलियातरी गांव निवासी अजय राजवंशी की पत्नी चांदनी कुमारी,बंधन छपरा गांव निवासी टिंकू कुमार की पत्नी बबीता



कुमारी,बहादुरपुर गांव निवासी प्रमोद कुमार की पत्नी खुशबू देवी एवं संपत बिगहा गांव निवासी लल्लू यादव की पत्नी इंदु देवी है।पीड़ित मरीज इंदु देवी के साथ रही परिजन सुमित्रा देवी ने बताई कि शाम से ही मेरे मरीज को दर्द है,किंतु तीन घंटे हो गए हैं, कोई नर्स तक देखने नहीं आई है और ना ही उन्हें अस्पताल द्वारा साफ-सुथरा चादर दिया गया है,जिसके कारण वे घर से लाए बिछावन पर सोने को मजबूर हैं वहीं ऑपरेशन से प्रसव कराकर भर्ती मरीज ढाब गांव निवासी अंतर्देशी राजवंशी की पत्नी गंगा देवी ने बताई कि उन्हें बीते दिनों सिजेरियन से पहले संतान के रूप में पुत्र की प्राप्ति हुई है। कल तक हम अकेले ही रह रहे थे,किंतु शुक्रवार को दर्जनों लोगों का आवागमन बेरोकटोक जारी है। इससे उन्हें संक्रमण का खतरा लग रहा है, चूंकि व्यवस्था सरकारी है, इसलिए वे खुलकर इसका विरोध नहीं कर रही हैं वहीं अस्पताल के प्रबंधन को दुरुस्त बनाने में प्रबंधक विफल दिखाई दे रहे हैं। ड्यूटी करने वाले चिकित्सकों के लिए रेस्ट रूम तक की व्यवस्था नहीं है। वहीं ओपीडी में मरीजों को एक ही कमरों में बैठे चिकित्सकों के कारण लंबी लाइन में खड़ा रहना पड़ता है। हालांकि अस्पताल में कमरों की कोई कमी नहीं है,कई कमरे तो खाली पड़े बंद ही रहते हैं। अस्पताल के कार्यालय में ही चिकित्सकगण अपनी ओपीडी और इमरजेंसी ड्यूटी करते नजर आते हैं।वहीं नवपदस्थापित सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार चौधरी के द्वारा अस्पताल भ्रमण के दौरान दो एयर कंडीशनर एवं बंद पड़े पंखों को बदलने एवं मरम्मत का कार्य करवाया गया है।वहीं लोगों को आशा है कि सिविल सर्जन ही अनुमंडलीय अस्पताल में व्याप्त कुव्यवस्थाओं को दूर कर सकते हैं। इस बाबत अस्पताल के प्रभारी डीएस डॉ. दिलीप कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं था। उन्होंने जांच कर दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने की बात कही है।

## 43 फरार अपराधी गिरफ्तार : एसपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 16 मई 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, हत्या में 1, हत्या के प्रयास में 8, पुलिस पर हमला में 1, मद्य निषेध में 6 एवं अन्य गिरफ्तारी 27 कुल 43 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 293.6 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या-16 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या-19 है। वाहन जांच के क्रम में कुल 850 वाहनों की जांच की गयी है एवं जुर्माने की कुल राशि 52 हजार रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत मोटरसाइकिल 3, ट्रैक्टर 1, नकद 40 हजार रूपया एवं एक अपहृता बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**ई–निविदा नोटिस सं0–05 ऑफ 2025–26/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।**
मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डी.डी.यू. एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध हैं, निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती हैं।
**निविदा सं.–03–डीडीयू–व.मं.इंजी.–मुख्यालय–25–26,** (i) **कार्य का नाम एवं लोकेशन :** सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय/डी.डी.यू. के अधीन डी.डी.यू. में यूरोपीय कॉलोनी में ब्लॉक संख्या 76/एफ, 93/बी, 107, 73/बी, 150, 97, 148, 74/ए, 96, 87 आदि में रहने वाले का परिवर्तन के कारण नाली, पीछे और किनारे की चारदीवारी, सेप्टिक टैंक, सम्प, फर्श, गेट, दरवाजे और खिड़कियाँ, रंग धुलाई, पेंटिंग आदि की मरम्मत। (ii) **कार्य की अनुमानित लागत : ₹** 5804315.10 (iii) **धरोहर राशि : ₹** 116100.00 (iv) **ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 06.06.2025 को 12:00 बजे तक। (v) **वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in नोटः–** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।
**मंडल रेल प्रबन्धक,**
**पूर्व मध्य रेल, पं0 दीन दयाल उपाध्याय मंडल**
पीआर/0260/डीडीयूजीएस/इंजी./टी/25–26/40



**पूर्व मध्य रेल**

**ई निविदा सूचना**

**निविदा सूचना सं./बिड संख्या – जीईएम/2025/बी/6216218**
मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, दानापुर भारत के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से दानापुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर स्थित फेस–टू–फेस पूछताछ काउन्टरों (मैनुअल) की व्यवस्था, उद्घोषणा तथा टीआईबी/सीआईबी/टीटीई लॉबी के डाटा फिडिंग, इत्यादि हेतु 03 वर्षों (1095 दिनों) की अवधि हेतु संचालन के लिए अनुबंध प्रदान करने हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से दो पैकेट प्रणाली पर बोलियाँ (बिड) आमंत्रित करते हैं।
**क्र. सं. :** 01., **कार्य का नाम एवं स्थानः** दानापुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर स्थित फेस–टू–फेस पूछताछ काउन्टरों (मैनुअल) की व्यवस्था, उद्घोषणा तथा टीआईबी/सीआईबी/टीटीई लॉबी के डाटा फिडिंग के साथ–साथ रिटर्न सेक्शन, ट्विटर सेल, हेल्पलाईन (138)/वाणिज्यिक नियंत्रण–दानापुर के अधीन केन्द्रीय पूछताछ में डाटा फिडिंग के लिए 03 वर्षों (1095 दिनों) की अवधि के लिए संचालन हेतु अनुबंध। **क्र. सं. :** 02., **कार्य की अनुमानित लागत :** रू 27,80,98,836.30, **क्र. सं. :** 03., **अग्रदाय राशिः** रू 15,40,500/–, **क्र. सं. :** 04., **बिड समापन एवं बिड खुलने की तारीख एवं समय :** बिड बंद होने की तारीख/समय – 06.06.2025 को 12.00 बजे।, बिड खुलने की तारीख/समय – 06.06.2025 को 12.30 बजे।, **क्र. सं. :** 05., **वेबसाईट विवरण– नोटिस बोर्ड आदि का स्थान जहाँ निविदा (सूचना एवं निविदा प्रलेख) देखा जा सकता हैः** वेबसाईट–www.gem.gov.in. नोटिस बोर्ड का स्थान – वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, दानापुर के कार्यालय में।
**मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य),**
**पूर्व मध्य रेल, दानापुर**
पीआर/0264/डीएनआर/वा./टी/25–26/44

# गया में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा

## सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता को किया सलाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता और भारतीय सेना के अदम्य शौर्य को नमन करते हुए बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. प्रेम कुमार ने शनिवार को गया के आजाद पार्क से अंबेडकर चौक तक एक भव्य तिरंगा यात्रा में भाग लिया। इस यात्रा के माध्यम से राष्ट्रभक्ति, आत्मसम्मान और सैन्य बलों के पराक्रम को सम्मान देने का संदेश दिया गया।



डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा देश की जनता में राष्ट्रप्रेम की भावना को और मजबूत करने के लिए निकाली गई है। उन्होंने कहा, 'जिस प्रकार पाकिस्तानी आतंकियों ने पहलगाम में कायराना हरकत की, उससे पूरा देश आक्रोशित था। भारतीय सेना ने मात्र आधे घंटे के भीतर दुश्मन को उसी की धरती पर करारा जवाब दिया। वायु, जल और थल सेना ने आतंकियों के 9 प्रशिक्षण शिविरों को तबाह कर दिया और 11 एयरबेस को निशाना बनाकर पाकिस्तानी इरादों को चकनाचूर कर दिया। यह भारत की सैन्य ताकत, तकनीकी कौशल और रणनीतिक दक्षता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक कार्रवाई में 150 से अधिक आतंकियों और 40 से अधिक पाकिस्तानी सैनिकों को ढेर कर भारतीय जवानों ने पूरे विश्व में भारत की सैन्य क्षमता का डंका बजाया है। यह कार्रवाई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री, गृह मंत्री और तीनों सेनाओं की संयुक्त रणनीति का परिणाम है। डॉ. प्रेम कुमार ने आगे कहा, तिरंगा यात्रा सिर्फ एक परंपरा नहीं, बल्कि यह राष्ट्र के प्रति सम्मान और कर्तव्य बोध का प्रतीक है। यह हमारी नई पीढ़ी को भारत की सैन्य शक्ति और गौरवशाली इतिहास से परिचित कराने का माध्यम है। जय जवान, जय किसान, वंदे मातरम, हर हर महादेव और जय बजरंगबली जैसे नारों के साथ यह यात्रा राष्ट्रीय एकता का अद्वितीय उदाहरण बनी। इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष विजय मांझी, लोजपा के जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह, जदयू जिला अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद सहित विभिन्न दलों के नेता और सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। यात्रा में गगनभेदी नारों और उत्साहपूर्ण माहौल ने पूरे शहर को राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत कर दिया।

# मगध विश्वविद्यालय कुलपति ने गया में मूल्यांकन कार्य का लिया औचक जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर एसपी शाही ने अनुग्रह नारायण कॉलेज, गया में स्नातक सत्र 2023-27 के तृतीय सेमेस्टर की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मूल्यांकन केंद्र पर मौजूद केंद्राधीक्षक और शिक्षकों से मूल्यांकन प्रक्रिया की जानकारी ली और यह स्पष्ट किया कि उत्तरपुस्तिकाओं की जांच समयसीमा के भीतर पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि लापरवाही या ढिलाई किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं होगी और इस प्रकार की शिकायतों पर विश्वविद्यालय प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगा।



प्रोफ़ेसर शाही ने यह दोहराया कि परीक्षा और मूल्यांकन कार्यों का समय पर निष्पादन विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है, ताकि छात्रों को समय से परिणाम मिल सकें और उनकी शैक्षणिक गतिविधियां बाधित न हों। कुलपति का यह औचक निरीक्षण मूल्यांकन व्यवस्था की पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने की दिशा में एक अहम प्रयास माना जा रहा है।

# सीएसआर वोल्फ कंडक्टर सहित अन्य विद्युत सामग्री चोरी, मामला दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के डबूर पंचायत अंतर्गत अमवां गांव के समीप एक स्थान से एसीएसआर वोल्फ कंडक्टर सहित अन्य विद्युत सामग्री की चोरी हो गई। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज शनिवार को किया है। सहायक विद्युत अभियंता विशाल कुमार चौधरी ने कोंच थाना में आवेदन देकर कहा है कि बियाडा का हाइ टेंशन विद्युत संबंध उपलब्ध कराने हेतु नए 33 केवी लाइन, जो रफीगंज पीएसएस से गुरारू पी एस एस तक का निर्माण कार्य किया जा रहा है। ग्रामीण जनता द्वारा दूरभाष से सूचना दी गई कि नए 33 केवी लाइन का एसीएसआर वोल्फ कंडक्टर के साथ-साथ अन्य विद्युत सामग्री अज्ञात लोगों के द्वारा काटकर चोरी कर ली गई है। विद्युत कनीय अभियंता कोंच राजेश कुमार, संवेदक सहित अन्य विभागीय मिस्त्री के साथ स्थल निरीक्षण किया गया तो पाया गया कि लगभग 2.5 किलोमीटर के साथ - साथ अन्य विद्युत सामग्री काट कर चोरी कर लिया गया है।जिसके कारण नए 33 केवी लाइन का निर्माण कार्य बंद हो गया है। उक्त वर्णित विद्युत सामग्री के चोरी होने से बिजली विभाग को 4,75,000 रुपए की क्षति हुई है। इस संबंध में कोंच थानाध्यक्ष शैलेश कुमार ने बताया कि कांड संख्या 273/25 दर्ज कर पुलिस चोरी की जांच में जुटी हुई है और सीसीटीवी फुटेज समेत अन्य साक्ष्यों को खंगाल रही है। जल्द ही चोरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।



# छह वांछित अपराधी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले में बढ़ रहे आपराधिक गतिविधियों से परेशान जिलेवासियों के लिए एक राहत भरी खबर है। पुलिस ने अलग अलग मामलों में वांछित छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यह सभी अपराधियों ने बीते दिन शहर की विधि व्यवस्था को और पूरे पुलिस महकमे को तहस नहस कर रखा था। गिरफ्तार आरोपितों की जानकारी जिला पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह ने अपने कार्यालय में प्रेसवार्ता के जरिये दी। गिरफ्तार हुए आरोपितों में कोरमा गांव मे हुए हर्ष फायरिग कांड के आरोपी बिमलेश कुमार को गिरफ्तार किया। आपको बता दें कि इस हर्ष फायरिंग में दो बच्चों को गोली लगी थी जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गयी थी वहीं दूसरे आरोपित घोसी थाना क्षेत्र के अकला बिगहा गांव में आपसी विवाद में हुए मारपीट के दौरान हुए गोलीबारी घटना का आरोपी गुड्डू कुमार है, इस गोलीबारी घटना में एक व्यकि गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस मामले में अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी की कोशिश जारी है। दूसरी ओर जहानाबाद पुलिस ने तीन अपराधियों को चोरी के सामान के साथ रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। जिनके खिलाफ राज्य के कई जिलों में केस दर्ज हैं।




# सीएसआईआर-यूजीसी जेआरएफ में शगुफ्ता अशरफी की कामयाबी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** मिर्जा गालिब कॉलेज की छात्रा शगुफ्ता अशरफी ने सीएसआईआर-यूजीसी नेट (दिसंबर 2024) परीक्षा में सफलता प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। शगुफ्ता को लाइफ साइंस विषय में जूनियर रिसर्च फ़ेलोशिप (जेआरएफ) और असिस्टेंट प्रोफ़ेसर बनने के लिए पात्र घोषित किया गया है।
शगुफ्ता ने स्नातक और परास्नातक की पढ़ाई कॉलेज के जंतु विज्ञान विभाग से पूरी की है। उनकी इस उपलब्धि के पीछे परिवार का सहयोग और आत्मविश्वास अहम रहा है। उनके पति तनवीर आलम ने इस सफलता पर खुशी जाहिर की और शुभकामनाएं दीं।
कॉलेज की शासी निकाय के सचिव शबी आरफीन शमसी ने इसे एक बड़ी उपलब्धि बताया और कहा कि यह कॉलेज के लिए गर्व का विषय है। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. मो. अली हुसैन, जंतु विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. आफताब अहमद खान, डॉ. मोहम्मद अबुल फतह, डॉ. जावेद एजाज़ सहित अन्य शिक्षकों ने शगुफ्ता को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# विद्यालय में पांच शिक्षकों ने दिया योगदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** रामेश्वर प्लस टू उच्च विद्यालय बेलागंज गया में टीआर 3 के पांच शिक्षकों ने योगदान दिया। योगदान देने वाले शिक्षकों में मो. रिजवान उल्ला, दीपक कुमार सिंह, अंतरिना एंटीना कुमारी, मानस कुमार एवं अनिल कुमार सिंह शामिल हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद अबरार आलम एवं विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षकों ने नवनियुक्त शिक्षकों का स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने शिक्षक शिक्षकों की एक गोष्ठी आयोजित कर विद्यालय में शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने के लिए अपेक्षित सहयोग की अपील की। विद्यालय के चौमुखी विकास के लिए शिक्षकों को प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने दिलीप कुमार, अभिमन्यु कुमार, राजेश कुमार, राजू दीपक कुमार, राशिद अनवर, अनेश कुमार, प्रदीप कुमार मौर्य, वाणी वंदना, रिंकू कुमारी, मधुबाला कुमारी, अनामिका रानी, सोनी कुमारी, चंद्रमणि कुमार, रिमझिम कुमारी, श्वेता कुमारी, एमपी कुमारी, अनुरोध प्रसाद, लिपिक ने आगंतुक शिक्षकों का स्वागत किया। विद्यालय प्रधानाध्यापक ने शिक्षकों का सभी कक्षाओं में परिचय कराकर शैक्षणिक कार्य करने की अनुमति प्रदान करते हुए वर्ग का संचालन सुचारू रूप से करने के लिए शिक्षकों को प्रेरित किया।



# हत्या मामले में तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** थाना क्षेत्र के गुडरु गांव में डीजे बजाने को लेकर दो समुदायों के बीच हुई मारपीट और हत्या कांड में फरार चल रहे तीन अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष मोहम्मद सरफराज इमाम ने बताया कि यह कार्रवाई शुक्रवार रात की गई, जब पुलिस ने गुडरु गांव में छापेमारी कर सदाम, एहसान और रजिस मियां को गिरफ्तार किया। गौरतलब है कि बीते दिनों डीजे बजाने को लेकर दो समुदायों के बीच विवाद हुआ था, जो मारपीट में बदल गया। इस घटना में कुल दस लोग घायल हुए थे, जिनमें से एक की मौत हो गई थी। थानाध्यक्ष ने आगे बताया कि इस मामले में अब तक कुल 18 नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, और आगे की कार्रवाई जारी है।

# रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना ने थिम्मराजनहल्ली रेलवे यार्ड का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेंगलुरु।** केंद्रीय रेल एवं जल शक्ति राज्य मंत्री श्री वी. सोमन्ना ने शनिवार को तुमकुर-चित्रदुर्ग-दावणगेरे नई रेलवे लाइन परियोजना के तहत निर्माणाधीन थिम्मराजनहल्ली रेलवे यार्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित थिम्मराजनहल्ली गुड्स शेड, CBIC-TITL इंडस्ट्रियल पार्क को रेलवे कनेक्टिविटी उपलब्ध कराएगा, जिससे औद्योगिक परिवहन में तेजी आएगी और लॉजिस्टिक लागत में कमी आएगी।



श्री सोमन्ना ने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री के 'ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस' और 'मेक इन इंडिया' जैसे दृष्टिकोणों को मजबूती देगी। उन्होंने बताया कि रेलवे उद्योगों को गति शक्ति कार्गो टर्मिनल स्थापित करने के लिए पूरा सहयोग देगा। मंत्री ने औद्योगिक जगत के प्रतिनिधियों से इस परियोजना में सक्रिय भागीदारी का भी आह्वान किया। चेन्नई-बेंगलुरु औद्योगिक गलियारे के अंतर्गत तुमकुर के वसंत नरसापुरा में एक विशाल औद्योगिक केंद्र विकसित किया जा रहा है, जिसकी आधारशिला माननीय प्रधानमंत्री ने 2023 में रखी थी। इस परियोजना से लगभग 90,000 रोजगार सृजित होने और करीब 7,000 करोड़ का निवेश आकर्षित होने की संभावना है।
मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि रेलवे क्षेत्रीय औद्योगिक विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और थिम्मराजनहल्ली समेत अन्य औद्योगिक नगरों को बेहतर रेल संपर्क देने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

# देवबिगहा व धमौली गांव में मंत्री ने किया पीसीसी, रोड व नाली गली का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** रहुई प्रखंड के देव विगहा और धमौली गांव में शनिवार को बिहार सरकार के पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने 24.08 लाख की लागत से नवनिर्मित पी.सी.सी रोड का विधिवत रूप से उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद मंत्री ने ग्रामीणों के बीच संबोधन किया। उन्होंने कहा कि लगातार रहुई प्रखंड के विभिन्न गांवों में विकास का कार्य किया जा रहा है। हर पंचायत में सामुदायिक भवन, नली गली का निर्माण व हर गली को पीसीसी ढ़लाई का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, हर गांव में सड़क की कनेक्टिविटी, बिजली और पानी समेत तमाम तरह के क्षेत्रों में तेजी से विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देव विगहा में अपने विधायक मद से 9 लाख की लागत से नवनिर्मित भून्ने गोप के मकान से शिवालाक पासवान के मकान होते रामईश्वर पासवान के मकान तक नाला निर्माण एवं पी.सी.सी ढलाई, 3.80 लाख की लागत से नवनिर्मित किसान भवन के सामने प्रति जमीन पर एट सोलिंग एवं पीसी ढलाई कार्य का उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया। इसके बाद धमौली गांव में अपने विधायक मद से 6.48 लाख की लागत से नवनिर्मित एन0एच0-20 दुर्गा स्थान से जगत प्रसाद के मकान तक पीसीसी ढलाई कार्य, 4.80 लाख की लागत से नवनिर्मित देवनंदन प्रसाद के मकान से बंगाली प्रसाद के मकान तक नाली निर्माण व पीसीसी ढलाई कार्य का उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया। वन और पर्यावरण मंत्री होने के नाते उन्होंने लोगों से अपील किया कि हर रविवार को एक पौधा जरूर लगाए और हरित बिहार बनाएं।




# आंधी-बारिश ने ली दो जानें, दीवार गिरने से किशोर समेत दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गुरुआ (गया)।** क्षेत्र में तेज आंधी और बारिश ने भारी तबाही मचाई। अलग-अलग घटनाओं में दीवार गिरने से एक किशोर समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों का इलाज किया जा रहा है।
पहली घटना गुरुआ के सिद्धार्थपुर गांव की है, जहां तेज आंधी और पानी से बचने के लिए तीन बच्चे एक घर की दीवार के पास खड़े थे। अचानक दीवार गिरने से दस वर्षीय रंजीत कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। रंजीत उपेंद्र मांझी का बेटा था। वहीं, सुनील कुमार का सात वर्षीय पुत्र अर्जुन कुमार और जितेंद्र मांझी का छह वर्षीय बेटा विकास कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों का इलाज सीएचसी गुरुआ में चल रहा है।
दूसरी घटना गुरुआ के उपरडीह मुहल्ले की है, जहां गढ़ पर स्थित एक फर्नीचर दुकान की दीवार गिर गई। हादसे में 50 वर्षीय दुकानदार रामुदित शर्मा और शेरपुर गांव के वतन मेधावी बुरी तरह घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने दोनों को तुरंत सीएचसी गुरुआ पहुंचाया, जहाँ डॉक्टरों ने रामुदित शर्मा को मगध मेडिकल कॉलेज, गया रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। इस हादसे के बाद पूरे इलाके में मातम छा गया है। दोनों गांवों में कोहराम मचा हुआ है और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। गुरुआ थानाध्यक्ष मोहम्मद सरफराज इमाम ने बताया कि पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुटी है और सभी घायलों की स्थिति अब स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# जदयू कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक, निन्दा प्रस्ताव पारित

**नवबिहार टाइम्स संवाददता**

**कोंच।** प्रखण्ड जदयू कार्यालय के प्रांगण में जदयू कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक का आयोजन शनिवार को किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष मो जमिलू रहमान ने की। बैठक में बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति के विगत दिनों हुए कार्यालय के उद्घाटन में उपाध्यक्ष को नहीं बुलाये जाने पर निंदा प्रस्ताव पारित किया गया है तथा एनडीए गठबंधन में प्रखण्ड में दरारें पड़ने की बातें कही गई। मो. जमिलू रहमान ने कहा कि मुझे अस्वस्थ रहने के कारण दो दिन बाद विधायक डॉ अनिल कुमार से उद्घाटन करने का अनुरोध किया था। लेकिन नहीं मानें और मनमानी तरीक़े से उद्घाटन किया गया। बैठक में मो.जमिलू रहमान ने कार्यकर्ताओं के समक्ष कहा कि विधायक डॉ अनिल कुमार के गुर्गों के द्वारा धमकी दिया गया और होश में रहने को कहा। मो. जमिलू रहमान ने विधायक से कहा कि चुनाव आपको लड़ना है। क्या मैं आपके गठबंधन में हूँ या नहीं। इस बात को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समक्ष भी रखने की भी बातें कही। बैठक में गया जिला महासचिव मो.आकिब आलम, बीस सूत्री सदस्य सुनिल सिंह, द्वारिका प्रसाद चन्द्रवंशी, मो मुईन अंसारी, सुभाष कुशवाहा आदि लोग शामिल थे।

# किशोरी की हत्या मामले में मां-भाभी गई जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा में गुरुवार को रहुई पुलिस ने साड़ी में लिपटा हुआ शव बरामद किया है। शव की शिनाख्त गोकुलपुर थाना क्षेत्र के महुआ बाग खरथुआ निवासी (17) वर्षीया श्वेती कुमारी के रूप में की गई। रहुई थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि श्वेती कुमारी अपने पसंद के लड़के से शादी करना चाहती थी। जिसका विरोध उसके घर वाले कर रहे थे। पिछले कुछ समय से इस बात को लेकर हमेशा घर में झगड़ा हो रहा था। पिता चाहते थे की जमीन बेचकर बेटी की शादी कर दें, जबकि जमीन बेचने का विरोध दोनों भाई करते थे। स्वेती पांच भाई बहनों में सबसे छोटी थी। पुलिस ने हत्या के आरोप में श्वेती की मां शाकुन देवी और उसकी दो भाभियां बबीता देवी एवं संगीता देवी को गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपुर्द कर दिया है। विनोद यादव और उसके दोनों बेटे धनंजय कुमार एवं अजय कुमार की तलाश कर रही है। चौकीदार के बयान पर 15 मई को रहुई थाना में मामला दर्ज किया गया था। थानाध्यक्ष ने कहा कि अनुसंधान के क्रम में मामला और स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस जांच में यह बात सामने आई की स्वेती की हत्या 9 मई को ही हुई थी। मारपीट एवं गला दबाकर मां-पिता, भाई एवं भाभियों ने मिलकर की थी। इसके बाद शव को घर से करीब 200 मीटर दूर पंचाने नदी में साड़ी में लपेट कर फेंक दिया गया था। हत्या के करीब छह दिन बाद मवेशी पालकों की नजर शव पर पड़ी, जब कुछ चरवाहे मवेशी लेकर नदी किनारे गए हुए थे। तब उन्हें तेज दुर्गंध आ रही थी। पास जाकर देखा तो साड़ी में लिपटा हुआ एक शव पड़ा हुआ था। जिसके बाद गोकुलपुर पुलिस को इस बात की सूचना दी गई। मौके पर पहुंची गोकुलपुर पुलिस ने रहुई पुलिस को थाना क्षेत्र के नदी में शव होने की जानकारी दी। मौके पर पहुंची रहुई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम एवं पहचान के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया।

## दो साइबर ठग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** शनिवार को ऑपरेशन प्रहार के तहत गुप्त सूचना स्थानीय पुलिस द्वारा दो साइबर ठग को ठगी में उपयोग होने वाले सामन के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार साइबर ठगों के पास से पांच मोबाईल, दो वाईफाई, तीन पासबुक, दो एटीएम कार्ड तथा चार पेज ऑडर शीट जिसमें ग्राहकों का मोबाइल नम्बर तथ नाम व पता अंकित है जबकि गिरफ्तार साइबर ठगों कि पहचान स्थानीय थाना क्षेत्र के बरीठ गांव निवासी रजनीश प्रसाद के बीस वर्षीय पुत्र रवि कुमार तथा दूसरे कि पहचान नवादा जिला के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बरनावां गांव निवासी धर्मेन्द्र प्रसाद के 19 वर्षीय पुत्र निकुंज कुमार के रूप में की गई है।


**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा नोटिस सं0-2 ऑफ 2025-26 / खुला / गति शक्ति इकाई, डीडीयू।**
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी / निर्माण / आर०एस०पी० / महेन्द्रूघाट द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोकनिर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोकनिर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध हैं, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई - निविदा) आमंत्रित की जाती है ।
**(i) कार्य का नाम एवं लोकेशन : निविदा सं0-2-डीडीयू-उप मुख्य परियोजना प्रबंधक - गति शक्ति इकाई -25-26**
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी / निर्माण / आर०एस०पी० / महेन्द्रू घाट के अधीन डीडीयू डिविजन में गति शक्ति यूनिट द्वारा निष्पादित किए जा रहे विभिन्न कार्यो के लिए सामान्य सलाहकार की नियुक्ति के प्रस्ताव (आर०एफ०पी) के लिए अनुरोध। **(ii) कार्य का अनुमानित लागत** : 2,13,69,762.44, **(iii) धरोहर राशि** : 2,56,900.00, **(iv) ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय** : 10.06.2025 को 12:00 बजे तक, **(v)** वेबसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी : **www.ireps.gov.in** **नोट**:-विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा ।
**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/आर.एस.पी.**
**पूर्व मध्य रेल, महेन्द्रूघाट, पटना**
**पीआर/0259/डीडीयूजीएस/जीएस/टी/25-26/40**



**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

मण्डल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के आवंटन हेतु ई-नीलामी (E-AUCTION) किया जाना है।

**ऑक्शन कैटलॉग नम्बर BSB 10 PARKING 25**

| कार्य का विवरण | अवधि | ई-नीलामी की तिथि | ई-नीलामी का समय |
|---|---|---|---|
| सीवान कचहरी हाल्ट स्टेशन स्थित (2 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 3 वर्ष | 02.06.2025 | 10:00 बजे से 10:30 बजे तक |
| गाजीपुर सिटी स्टेशन स्थित (2 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 3 वर्ष | 02.06.2025 | 10:00 बजे से 10:40 बजे तक |
| दिघवा दुबौली स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 3 वर्ष | 02.06.2025 | 10:00 बजे से 10:50 बजे तक |
| जीरादेई स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 3 वर्ष | 02.06.2025 | 10:00 बजे से 11:00 बजे तक |
| दाउदपुर स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 3 वर्ष | 02.06.2025 | 10:00 बजे से 11:10 बजे तक |
| प्रयागराज रामबाग स्टेशन स्थित (3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 3 वर्ष | 02.06.2025 | 10:00 बजे से 11:20 बजे तक |
| कादीपुर स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 3 वर्ष | 02.06.2025 | 10:00 बजे से 11:30 बजे तक |
| युसुफपुर स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 3 वर्ष | 02.06.2025 | 10:00 बजे से 11:40 बजे तक |
| माधोसिंह स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 3 वर्ष | 02.06.2025 | 10:00 बजे से 11:50 बजे तक |
| चैनवा स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 3 वर्ष | 02.06.2025 | 10:00 बजे से 12:00 बजे तक |

**ऑक्शन कैटलॉग नम्बर BSB 11 PARKING 25**

| कार्य का विवरण | अवधि | ई-नीलामी की तिथि | ई-नीलामी का समय |
|---|---|---|---|
| प्रयागराज रामबाग स्टेशन स्थित (2 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 3 वर्ष | 03.06.2025 | 10:00 बजे से 10:30 बजे तक |
| चौरीचौरा स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 3 वर्ष | 03.06.2025 | 10:00 बजे से 10:40 बजे तक |
| फेफना स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 3 वर्ष | 03.06.2025 | 10:00 बजे से 10:50 बजे तक |
| रसड़ा स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 3 वर्ष | 03.06.2025 | 10:00 बजे से 11:00 बजे तक |
| रामकोला स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 3 वर्ष | 03.06.2025 | 10:00 बजे से 11:10 बजे तक |
| किडिहरापुर स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 3 वर्ष | 03.06.2025 | 10:00 बजे से 11:20 बजे तक |
| सहतवार स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 3 वर्ष | 03.06.2025 | 10:00 बजे से 11:30 बजे तक |
| कर्मुद्दीनपुर स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 3 वर्ष | 03.06.2025 | 10:00 बजे से 11:40 बजे तक |
| चितबड़ागाँव स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 3 वर्ष | 03.06.2025 | 10:00 बजे से 11:50 बजे तक |
| बनकटा स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 3 वर्ष | 03.06.2025 | 10:00 बजे से 12:00 बजे तक |

• ई-नीलामी (E-AUCTION) IREPS पोर्टल पर ऑनलाईन होगी। • ई-नीलामी (E-Auction) में भाग लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति द्वारा IREPS पोर्टल पर ऑनलाईन ₹10,000/- (Non Refundable) ऑनलाईन जमा कर एक बार (One time Registration) करना आवश्यक है, साथ ही उसे SBI (स्टेट बैंक ऑफ इंडिया) में करेंट खाता हो, जिसे IREPS पोर्टल से लिंक करना आवश्यक होगा। • ई-नीलामी (E-Auction) से संबंधित नियम एवं शर्तें की संपूर्ण जानकारी IREPS पोर्टल **www.ireps.gov.in** के E-Auction Leasing Section में उपलब्ध है।

**मुजाधि/वा.-38** — **सहायक वाणिज्य प्रबन्धक, वाराणसी**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

संपादकीय

# गूंज बांग्लादेश में भी!

भारत के पाक आतंकियों के खिलाफ चलाए सफल 'ऑपरेशन सिंदूर' के धमाके बांग्लादेश में भी सुनाई दे रहे हैं। वहां की अंतरिम मोहम्मद युनूस सरकार ने पूर्व में सत्तारूढ़ रही शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी को बैन कर दिया है। शायद युनूस सरकार इस आंशका से घिर गई है कि पाकिस्तान को सबक सिखाने के बाद भारत कहीं बांग्लादेश पर नजर न डाल दे। उधर बांग्लादेश की एक और बड़ी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की नेता खालिदा जिया विदेश से इलाज करवाकर स्वदेश लौट आई हैं। इस बीच छात्रों की एक नई राजनीतिक पार्टी 'गणतांत्रिक छात्र संसद' भी अस्तित्व में आ गई है। दरअसल पड़ोसी देश में यह सारी उठापटक डेढ़ दशक तक सत्ता में रही और भारत की दोस्त मानी जाने वाली शेख हसीना और उनकी पार्टी अवामी लीग को सत्ता से बाहर रखने की कवायद का अहम हिस्सा है। पिछले साल जुलाई में जब शेख हसीना को सत्ता से बाहर किया गया था, तब बनी अंतरिम सरकार ने कहा था कि वह दो माह में चुनाव कराएगी। लेकिन 10 माह बाद भी वह ऐसा करने की हिम्मत नहीं जुटा पाई है। इस बीच शेख हसीना भारत में शरण लिए हुए हैं और अंतरिम सरकार भारत से दुश्मनी पालकर अपना ही नुकसान किए जा रही है। इसमें दो राय नहीं कि बांग्लादेश में अवामी लीग ही सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी रही है। देश को आजाद कराने में उसकी बड़ी भूमिका रही है। अवामी लीग का रवैया समावेशी और अपेक्षाकृत उदार रहा है। इसलिए अल्पसंख्यकों का भी उसे काफी समर्थन मिलता रहा है। लेकिन शेख हसीना को हटाने के बाद बांग्लादेश पर इस्लामिक कट्टरपंथी ताकतों का कब्जा हो गया है, जो बांग्लादेश को प्रगतिशील राष्ट्र की जगह धार्मिक राज्य में बदलना चाहते हैं। अमेरिका और पाकिस्तान के षड्यंत्र के चलते इन तत्वों ने देश पर कब्जा कर लिया है। शेख हसीना हटाओ आंदोलन के दौरान हिंदुओं के साथ साथ अवामी लीग के नेताओं पर भी हिंसक हमले हुए। उनकी हत्याएं कर दी गई। कहा गया कि बांग्लादेश अब बदल चुका है। लेकिन ऐसे तत्वों को आम बांग्लादेशी का समर्थन कितना है, यह कोई नहीं जानता। कट्टरपंथियों के सत्ता में बने रहने के लिए जरूरी है कि अवामी लीग जैसी जनाधारवाली पार्टियां चुनाव में शामिल न हों। युनूस सरकार का अवामी लीग पर बैन लगाने का फैसला इसी से प्रेरित है। यदि इस पार्टी का रजिस्ट्रेशन रद्द हो जाता है तो वह चुनाव में भाग नहीं ले पाएगी। हालांकि अवामी लीग ने कहा है कि वह आसानी से राजनीतिक मैदान नहीं छोड़ेगी। पार्टी ने कहा कि यह देश में तानाशाही की पराकाष्ठा है। पार्टी ने दुनियाभर के लोकतांत्रिक देशों से इस फैसले की निंदा करने की अपील की है। पार्टी ने अपने एक बयान में कहा कि कहा कि हम फासीवादी तानाशाह यूनुस सरकार के फैसले को घृणा के साथ खारिज और विरोध करते हैं। अवामी लीग फासीवादी यूनुस सरकार के फैसले की अवहेलना करते हुए उचित तरीके से अपनी गतिविधियां जारी रखेगी। बहरहाल अवामी लीग पर बैन और पार्टी के इसके खिलाफ विरोध से बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता और बढ़ सकती है। अवामी लीग पर बैन से प्रतिद्वंद्वी बीएनपी की राह आसान हो सकती है। हालांकि बीएनपी का रवैया भी भारत विरोधी रहा है, लेकिन कट्टरपंथी तत्वों की तुलना में वह ज्यादा संतुलित और समझदार है। कहा तो यह भी जा रहा है कि वर्तमान में सत्तासीन अंतरिम सरकार के मुख्या सलाहकार, अर्थशास्त्री 84 वर्षीय मोहम्मद युनूस खुद ही सत्ता में लंबे समय तक बने रहना चाहते हैं। इसलिए अवामी लीग को खत्म करने की योजना पर काम कर रहे हैं। हालांकि ऐसा करना आसान नहीं है।

# आतंक के खिलाफ जीरो टॉलरेन्स का वैश्विक स्वागत

**भारत ने आतंकवाद के बारे में बड़ी कार्रवाई करके विश्व में व्याप्त आतंकवाद से लड़ने की मिसाल पेश की है. अपनी सहिष्णु संस्कृति के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध भारत ने यह बता दिया है कि आतंकवाद समस्या है, लेकिन इसका निदान भी है. उसे कैसे ख़त्म किया जा सकता है उसका एक ही विकल्प है कि आतंक के खिलाफ पहले स्वयं को खड़ा करना पड़ेगा. पहलगाम में हुई आतंकी घटना के बाद पूरे विश्व में भारत के अगले कदम की प्रतीक्षा थी. भारत व भारत के नेतृत्व ने अपनी आतंक के खिलाफ़ कार्रवाई करने के साथ यह बता दिया है कि आतंकवाद के विरुद्ध भारत ज़ीरो टॉलरेन्स में रूचि रखता है.**

**प्रो. कन्हैया त्रिपाठी**

पाकिस्तान की सबसे बड़ी कमी यह है कि उसने कभी माना ही नहीं कि उसकी भूमि का उपयोग करके आतंकवाद फल-फूल रहा है. जिसका खामियाजा पूरे विश्व को भुगतना पड़ रहा है. भारत ने जब उसके आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया और आतंक के खिलाफ अपनी रणनीति स्पष्ट करते हुए हवाई हमले कर दिया तो अब किसी सबूत की आवश्यकता रही ही नहीं, कि पाकिस्तान शासित व पाकिस्तान अधिकृत भूमि पर आतंकवाद को बढ़ावा दिया जा रहा है. भारत की इस कार्रवाई का सबसे अहम् परिणाम यह निकल कर आया है कि विश्व के कई देशों से परोक्ष या प्रत्यक्ष समर्थन भारत को मिल रहा है और पाकिस्तान के मंसूबे की पुरजोर निंदा भी हुई है.




पहलगाम की आतंकवादी घटना के बाद भारत की नरेंद्र मोदी सरकार व भारतीय सैन्य बल द्वारा शौर्यपूर्ण कार्रवाई हुई, इसका खूब स्वागत किया गया. भारतीय दृष्टि में भारत के लिए आतंक के खिलाफ़ ज़ीरो टॉलरेन्स के लिए यह कार्रवाई अनिवार्य और ज़रूरी थी. उसने किसी भी सिविलियन प्लेस या किसी सैन्य क्षेत्र में कार्रवाई शुरुआती दौर में नहीं की, यह उसकी मानवीय संवेदना मानी गई. भारत इससे यह साबित भी कर दिया कि हमारी लड़ाई केवल और केवल आतंक की समस्या के खिलाफ़ है किसी देश से नहीं है. यद्यपि पाकिस्तान भारत की कार्रवाई के बाद ज़वाबी कार्रवाई किया. अच्छा होता कि वह ज़वाबी कार्रवाई से बचता. भारत को मजबूरन अपने नागरिकों की प्रतिरक्षा में उचित कदम उठाने पड़े तो पाकिस्तान ने इस कार्रवाई को भ्रमपूर्ण प्रचारित किया. ड्रोन भेजे, मिसाइलें दागी, सीमा क्षेत्र में रह रहे भारतीयों पर गोलीबारी की. यद्यपि, भारत के पराक्रमी सैन्य बल ने उसके सभी अमानवीय, असंवेदनशील, कार्रवाइयों को विफल करके भारतीय मस्तक को ऊंचा किया और पाकिस्तान किसी भी मंसूबे में सफल नहीं हो सका.

सर्वविदित है कि भारत और पाकिस्तान दोनों परमाणु हथियार संपन्न देश हैं. भारत-पाक के बीच बढ़ रहे तनाव, संघर्ष व द्वेष अब युद्ध की ओर बढ़ रहे थे. संयम और अनुशासन युद्ध व संघर्ष की स्थिति में स्टेट द्वारा किनारे कर दिए जाते हैं. यह भयानक मानवाधिकारों के हनन की ओर दोनों देशों का बढ़ना भारत एवं पाकिस्तान के आम नागरिकों के लिए लम्बे समय तक परेशानी का सबब बनने वाला था कि संघर्ष विराम की घोषणा हुई और दोनों देशों के नागरिक राहत की सांस लिए. सबको पता है कि इस दौरान संयुक्त राष्ट्र सिक्योरिटी काउंसिल ने दोनों देशों को एहतियात बरतने की अपील की थी. सिक्योरिटी काउंसिल व संयुक्त राष्ट्र के महासचिव ने बार-बार यह अपील की कि पहलगाम हमले के लिए ज़िम्मेदारों को विश्वसनीय, और क़ानूनी उपायों के ज़रिए, न्याय के कटघरे में लाना चाहिए एवं भारत व पाकिस्तान के बीच टकराव मोल नहीं लिया जा सकता, जो न केवल भारत पाकिस्तान के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए त्रासदीपूर्ण होगा. हालांकि, इस अपील के बाद भी भारत ने स्पष्ट किया कि हम ज़ीरो टॉलरेन्स चाहते हैं क्योंकि आतंकवाद के खिलाफ उसकी लड़ाई है. हाँ, पाकिस्तान ने पलटवार करके भारत की आतंकवाद की चिंता को अनसुना किया और शांति के लिए कदम आगे नहीं बढ़ाया, जिस पर कुछ देशों को अगर छोड़ दें तो पूरे विश्व में नाराज़गी व्यक्त की गई, सबसे बड़ी बात यह है. इतिहास की ओर दृष्टि डालें तो पता चलता है कि विश्व में शांति की प्रक्रिया जहाँ कहीं भी रुकी हुई है, उसका सबसे अहम् कारण यही है कि स्टेट्स अपनी संप्रभुता को समृद्धि देने के बजाय अपने पड़ोसी के साथ अंतर्संघर्ष में जुट जाते हैं और देश की अच्छी भली पटरी पर दौड़ रही आर्थिकी को बर्बाद कर देते हैं. भारत और पाकिस्तान में यही आज हुआ है, मानें या न मानें. दोनों देशों ने कई बिलियन आर्थिक नुकसान ड्रोन, मिसाइल व हथियारों में कर लिया है, मिला कुछ भी नहीं. इसमें पाकिस्तान की सबसे बड़ी गलती यह है कि वह कोई भी जिम्मेदारी आतंकवाद के खात्मे के लिए लेना नहीं चाहता. उसने बस जिद पकड़ रखी है की, उसकी ओर से आतंकवाद जैसी समस्या को सह नहीं दी जा रही है, जबकि दुनिया जानती है कि पाकिस्तान में कितने आतंकवादी कैंप अस्तित्व में हैं और वे क्या कर रहे हैं. ऐसे में पहलगाम में हुई आतंकी घटना में 26 लोगों की बेरहमी से की गयी हत्या ने इतने बड़े संघर्ष को जन्म दिया और दो देशों के बीच आपसी संबंध इस कदर ख़राब हुए की दोनों ने अब युद्ध के मोहाने पर अपने आपको खड़ा कर लिया. शांति का सिद्धांत कहता है कि शांति के लिए तो स्टेट्स को सह-अस्तित्व के साथ आगे आना पड़ता है. अब जब भारत और पाकिस्तान के बीच आतंकवाद जैसी समस्या को कुचलने का सामूहिक प्रयत्न नहीं हो रहा है अपितु एक दूसरे से संघर्ष के लिए दोनों देश आगे बढ़ेंगे, चाहे जिस भी परिस्थिति में, तो ऐसे में, शांति की जगह व्यापक पैमाने पर मानवाधिकारों का हनन होना तय है और व्यापक पैमाने पर हिंसा को ही प्रश्रय मिलेगा.

भारत व पाक के डीजीएमओ लेवल पर हुई वार्ता से संघर्ष विराम पर सहमति जो बनी उससे शांति के मार्ग खुले लेकिन सैन्य कार्रवाई पर रोक के वादे से मुकरते पाकिस्तान की छवि विश्व स्तर पर ख़राब हो रही है, पाकिस्तान माने या न माने. संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेश ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम लागू करने पर हुई सहमति का स्वागत किया, इसे मौजूदा तनातनी में कमी लाने की दिशा में एक सकारात्मक क़दम बताया. लेकिन यदि पाकिस्तान ने अपनी ओर से एहतियात नहीं बरता तो क्या होगा, चिंता की बात यह है. युद्ध से भली शांति, यह दोनों देश जानते हैं लेकिन फिर भी पाकिस्तानी मिजाज़ यदि संघर्ष विराम के विरुद्ध अपनी विभिन्न गतिविधियों को जारी रखेंगे तो भारत की नरेंद्र मोदी सरकार की मज़बूरी होगी कि वह अपने विरुद्ध किये जा रहे किसी भी प्रयास का माकूल ज़वाब दे. आज पूरी पृथ्वी पर आतंकवाद की वजह से पाकिस्तान की छवि ख़राब हुई है और यह एक बड़ा सच है कि नरेंद्र मोदी सरकार को विश्व स्तर पर उनके आतंकवाद के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेन्स को व्यापक समर्थन मिला है. यह भारत की अपने आप में बड़ी जीत है. विश्व में आतंकवाद ने वीभत्स हिंसा की है. पाकिस्तान के साथ खड़े टर्की व चीन के लिए यह सवाल मन में आता है कि क्या मानवता के बरक्स उनके लिए दूसरे देशों में अस्थिरता, तनाव व संघर्ष इतने अहम् हैं?

विश्व में शांति चाहने वाले अधिकांश देशों से डरे हुए ये देश अपने मंसूबे में कामयाब नहीं होंगे. भारत की आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को ये देश नकार सकने में सक्षम हैं ही नहीं. विश्व ने तो भारत व भारत की नरेंद्र मोदी सरकार के ही शांति नीति का स्वागत किया है. विश्व में शांति का पैरोकार भारत इसलिए अजेय है और अजेय बना रहेगा क्योंकि विश्व को यह पता है कि आतंक से सबका विनाश तय है और शांति से सबकी समृद्धि.

अध्यात्म

## जीवन बहुमूल्य है, इसके हर एक पल को उत्साह और खुशी के साथ जीना चाहिए



पुराने समय में एक राजा अपने मंत्री की किसी बात से बहुत नाराज हो गया। उसने मंत्री को फांसी पर चढ़ाने की सजा दे दी। राजा ने सैनिकों से कहा कि जाओ आज शाम मंत्री को फांसी पर लटकाना है, इसकी सूचना मंत्री को दे आओ।

राजा के सैनिक मंत्री के घर के पहुंचे। सभी ने घर को चारों ओर से घेर लिया और कुछ सैनिक घर के अंदर गए। वहां मंत्री और उसके रिश्तेदार, मित्र उत्सव मना रहे थे। क्योंकि मंत्री का जन्मदिन था।

सैनिकों ने मंत्री और वहां सभी लोगों को राजा का आदेश बताया। ये सुनते ही सभी उदास हो गए। लेकिन, मंत्री ने सभी को समझाया कि हमारे आज शाम तक का तो समय है ही, हमें हर एक पल को उत्साह के साथ जीना चाहिए।

मित्र और परिवार के लोग निराश थे, लेकिन मंत्री की बात मानकर फिर से उत्सव मनाने लगे। ये बात सैनिकों ने राजा को बताई तो राजा भी आश्चर्यचकित रह गया। उसने तुरंत ही मंत्री को बुलवाया।

राजा ने मंत्री से कहा कि क्या तुम पागल हो गए हो, आज शाम तुम्हें फांसी पर लटका दिया जाएगा और तुम उत्सव मना रहे हो। मंत्री ने कहा कि राजन् आपका बहुत-बहुत धन्यवाद, आपने मुझे शाम तक समय तो दिया। अब मैं शाम तक अपने परिवार के साथ रह सकूंगा। अगर मैं निराश होकर बैठ जाऊंगा तो परिवार के साथ रहने का ये समय बर्बाद हो जाएगा। इसीलिए मैं शाम तक का एक-एक पल उत्साह और खुशी के साथ ही बिताना चाहता हूं।

ये बात सुनकर राजा बहुत खुश हुआ। उसने सोचा कि जो व्यक्ति जीवन के हर एक पल की कद्र करता है, उसे मृत्युदंड देना उचित नहीं है। उसने मंत्री की सजा माफ कर दी।

### सीख

हमें जीवन के पल-पल का मूल्य समझना चाहिए। निराशा से बचें और खुश होकर जीवन जीना चाहिए।

# भारत से हज यात्रियों का डिजिटल सशक्तिकरण

**सी.पी.एस बख्शी**

भारत सरकार ने हाल के वर्षों में समावेशी शासन पर अत्यधिक बल दिया है। एक ऐसा शासन, जो भूगोल, पृष्ठभूमि या विश्वास की परवाह किए बिना हर नागरिक तक पहुंचता हो। यह बात वार्षिक हज यात्रा के संचालन में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। एक नियमित प्रशासनिक क्रियाकलाप से दूर, यह एक विशाल मानवीय, कूटनीतिक और तार्किक संचालन है, जो अनेक राष्ट्रों और संस्कृतियों तक फैला हुआ है। सबका साथ, सबका विकास के लोकाचार से प्रेरित होकर सरकार ने हज प्रबंधन को 21वीं सदी की सेवा वितरण के मॉडल के रूप में परिणत कर दिया है। भारत से हर साल लगभग 1.75 लाख तीर्थयात्री पवित्र हज यात्रा पर जाते हैं। सऊदी अरब साम्राज्य (केएसए) के साथ घनिष्ठ समन्वय में, भारतीय हज समिति के माध्यम से चार महीने तक चलने वाले इतने व्यापक और संवेदनशील ऑपरेशन का प्रबंधन करना राष्ट्रीय समन्वय, कूटनीति और सेवा का एक महत्वपूर्ण नमूना है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के माध्यम से भारत सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि यह आध्यात्मिक यात्रा निर्बाध होने के साथ-साथ गरिमापूर्ण, समावेशी और तकनीकी रूप से सशक्त भी हो। बिना किसी पक्षपात के सभी समुदायों की सेवा करने की अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ, सरकार हज के अनुभव को विदेशों में अब तक किए गए सबसे उन्नत सार्वजनिक सेवा संचालन में से एक के रूप में परिणत कर रही है। हज सुविधा ऐप को भारत सरकार ने 2024 में लॉन्च किया था। इसका उद्देश्य तीर्थयात्रियों के अनुभव को सरल और बेहतर बनाना था। इसके माध्यम से प्रत्येक तीर्थयात्री से जुड़े राज्य हज निरीक्षकों के विवरण के साथ-साथ निकटतम स्वास्थ्य सेवा और परिवहन सुविधाओं सहित आवास, परिवहन और उड़ान संबंधी विवरण जैसी सूचनाओं तक तत्काल पहुंच कायम करना संभव हो रहा है। यह ऐप शिकायत प्रस्तुत करने, उसकी ट्रैकिंग करने, बैगेज ट्रैकिंग, आपातकालीन एसओएस सुविधाएं, आध्यात्मिक सामग्री और तत्काल सूचनाएं प्राप्त करने में भी सक्षम बनाता है। पिछले साल 67,000 से अधिक तीर्थयात्रियों ने ऐप इंस्टॉल किया था, जो स्वीकृति की उच्च दर का संकेत देता है। केएसए में भारत सरकार द्वारा हाजियों के लिए स्थापित प्रशासनिक ढांचे द्वारा 8000 से अधिक शिकायतें और 2000 से अधिक एसओएस उठाए गए और उनका जवाब दिया गया। ऐप की फीडबैक- संचालित डिजाइन तीर्थयात्रा की पूरी अवधि के दौरान निरंतर सुधार की सुविधा देती है। हज-2024 के दौरान ऐप से प्राप्त जानकारी ने 2025 के लिए हज नीति और दिशानिर्देश तैयार करने के लिए महत्वपूर्ण इनपुट के रूप में काम किया।



ये डेटा-समर्थित निर्णय भारत सरकार के अपने नागरिकों के लिए उत्तरदायी शासन के मॉडल का उदाहरण हैं। 2024 में इस सफलता को आगे बढ़ाते हुए, सरकार ने अब हज सुविधा ऐप 2.0 लॉन्च किया है। यह हज के पूरे दायरे को कवर करता है और तीर्थयात्रियों के लिए वास्तव में एंड-टू-एंड डिजिटल समाधान तैयार करता है। हज 2.0 में हज यात्रियों के डिजिटल आवेदन, चयन (कुर्रा), प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन, भुगतान एकीकरण, अदाही कूपन जारी करने और रद्दीकरण तथा धन वापसी की प्रक्रियाओं से लेकर हज की पूरी प्रक्रिया शामिल है। अपडेट किया गया ऐप बैंकिंग नेटवर्क के साथ सहज एकीकरण प्रदान करता है, जिससे तीर्थयात्री यूपीआई, डेबिट/क्रेडिट कार्ड और इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं। यात्रा के दौरान सुविधा के लिए तत्काल उड़ान संबंधी सूची और इलेक्ट्रॉनिक बोर्डिंग पास भी प्रदान किए जाते हैं। ऐप को पेडोमीटर सुविधा के साथ संवर्धित किया गया है। इसका उद्देश्य तीर्थयात्रियों में पैदल चलने की आदत डालना है, ताकि उनमें आगे की कठिन यात्रा के लिए आवश्यक सहनशक्ति विकसित हो सके। तीर्थयात्रियों की सहायता के लिए तत्काल मौसम के अपडेट भी जोड़े गए हैं, ताकि तीर्थयात्रियों को जलवायु संबंधी प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करने में मदद मिल सके और साथ ही उन्हें स्वस्थ और हाइड्रेटेड रखा जा सके। भारतीय हज चिकित्सा दल को सर्वश्रेष्ठ माना जाता है और यह मक्का एवं मदीना में हज के दौरान स्थापित क्षेत्रीय अस्पतालों तथा औषधालयों के नेटवर्क के माध्यम से तीर्थयात्रियों को विश्व स्तरीय चिकित्सा सेवाएं प्रदान करता है। एम्बुलेंस का एक नेटवर्क आपातकालीन चिकित्सा सहायता प्रदान करता है। स्वास्थ्य मंत्रालय के ई-हेल्थ कार्ड और ई-हॉस्पिटल मॉड्यूल को इस वर्ष ऐप के साथ जोड़ दिया गया है। इसका लक्ष्य तीर्थयात्रियों के लिए निर्बाध प्रवेश और उपचार सुनिश्चित करना है। इससे डॉक्टरों को उपचार के लिए उपलब्ध डेटा की गुणवत्ता में भी वृद्धि होगी और हज 2025 के लिए तीर्थयात्रियों को समुचित चिकित्सा सेवा प्रदान की जाएगी। ऐप की बहुविध सराहनीय लगेज ट्रैकिंग प्रणाली को आरएफआईडी आधारित टैगिंग के साथ और उन्नत किया गया है। यह गुम हुए सामान को ट्रैक करने की प्रक्रिया को सरल बनाएगा और उच्चतम स्तर की सेवा सुनिश्चित करेगा। मीना, अराफात और मुजदलिफा सहित माशाएर क्षेत्र की डिजिटल मैपिंग द्वारा हज अनुष्ठानों के नेविगेशन को बदल दिया गया है। तीर्थयात्रियों को उनके गंतव्य तक मार्गदर्शन करने और रेगिस्तान की अत्यधिक गर्मी में खो जाने के जोखिम को कम करने के लिए शिविर स्थलों की पहचान की जाती है और मानचित्र पर ट्रैक किया जाता है। नमाज अलार्म, किबला कम्पास और अस्पतालों, बस स्टॉप, सेवा केंद्रों और भारतीय मिशन कार्यालयों की स्थान-आधारित मैपिंग जैसी सुविधाएं तीर्थयात्रियों के समग्र अनुभव और सुविधा को काफी समृद्ध करती हैं। एआई द्वारा संचालित एक चैटबॉट को डिजिटल पर्सनल असिस्टेंट के रूप में शामिल किया गया है। यह चैटबॉट संवादात्मक लहजे में नियमित प्रश्नों का उत्तर देने, तत्काल सहायता और सलाह प्रदान करने के लिए है। सुविधाओं का यह समग्र सेट सरकार की मंशा का संकेत है कि वह न केवल सेवा वितरण के साधन के रूप में प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना चाहती है, बल्कि एक ऐसे उपकरण के रूप में भी है जो आध्यात्मिक पथ पर चलने वालों सहित सभी के लिए सम्मान, सुविधा और सक्षमता को सशक्त बनाता है। हज सुविधा ऐप 2.0 भारत के डिजिटल सार्वजनिक इंफ्रास्ट्रक्चर में अग्रणी है और यह भारत सरकार के इस दृष्टिकोण का प्रमाण है कि शासन प्रत्येक नागरिक तक सार्थक तरीके से पहुंचे। प्रौद्योगिकी की शक्ति का इस्तेमाल करते हुए, भारत तीर्थयात्रियों के प्रबंधन के लिए नए अंतरराष्ट्रीय मानक स्थापित कर रहा है, जिससे अपने नागरिकों को निर्बाध, सुरक्षित और आध्यात्मिक रूप से बेहतर अनुभव मिल रहा है।

**(लेखक भारत सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं। लेख में व्यक्त किए गए विचार उनके निजी हैं।)**

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आपको किसी सरकारी क्षेत्र में अपार सफलता मिलेगी, लेकिन यदि आप किसी काम को लेकर जल्दबाजी दिखाएंगे, तो उसमें कोई गड़बड़ी अवश्य होगी।

**वृषभ**
आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों को कार्यक्षेत्रमें कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए आप मेहनत भी अधिक करेंगे।

**कर्क**
किसी बात को लेकर कोई टेंशन थी, तो उसमें आपके परिवार के सदस्यों का पूरा साथ मिलेगा, लेकिन आपको जीवनसाथी के भावनाओं का सम्मान करना होगा।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। आपके कामकाज में वृद्धि होगी। कोर्ट-कचहरी से संबंधित मामले में आपको जीत मिलेगी।

**कन्या**
आज आपकी पद-प्रतिष्ठा बढ़ेगी और कोई कानूनी मामला आपके लिए समस्या बन सकता है। आज आपको किसी अजनबी पर भरोसा करने से नुकसान होगा।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप दिखावे के चक्कर में पड़कर कामों में कोई गड़बड़ी कर सकते हैं।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। कारोबार के सिलसिले में आप छोटी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं। अध्यात्म के कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी।

**मकर**
वैवाहिक जीवन में आपसी प्रेम बना रहेगा, क्योंकि आप अपने साथी की बातों को पूरा महत्व देंगे। नौकरी में कार्यरत लोगों को अपने कामों को करने में समस्या आ सकती है।

**कुंभ**
दिन आपके लिए करियर में अच्छा अवसर लेकर आने वाला है। खुशखबरी सुनने को मिलेगी। आप काम के साथ-साथ बड़े बुजुर्गों की सेवा के लिए भी समय निकालेंगे।

**मीन**
आप अपनी बुद्धि और विवेक से निर्णय लेकर काम करेंगे, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आप अत्यधिक फायदे के चक्कर में ज्यादा धन ना लगाएं।

# पुजारी हत्याकांड में शामिल तीन गिरफ्तार

## हत्या में प्रयुक्त हथियार भी हुए बरामद



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** लाखो थाना क्षेत्र के पनसल्ला में 13 मई को अर्द्धनिर्मित दुर्गा मंदिर के प्रांगण में पुजारी हत्या में शामिल तीन लोगो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ज्ञात हो की मृतक शंभू सिंह की गोली मारकर हत्या हुई थी। घटना के बाद शनिवार को हत्या मामले का पुलिस टीम के द्वारा उद्भेदन किया गया। घटना में संलिप्त तीन अपराधकर्मी एवं एक देसी कट्टा एवं तीन जिन्दा कारतूस जब्त किया गया है। शनिवार को डीएसपी सदर सुबोध कुमार ने प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि लाखो थानान्तर्गत 13 मई को ग्राम पनसल्ला स्थित अर्धनिर्मित छोटी दुर्गा मंदिर के प्रांगण में शंभू सिंह (पुजारी) को अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। हत्या के संबंध में दिए गए आवेदन पर लाखो थाना कांड सं-91/25 दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। पुलिस अधीक्षक, बेगूसराय के निर्देशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1, बेगूसराय के नेतृत्व में लाखो थाने की पुलिस टीम के द्वारा तकनीकी अनुसंधान एवं सूचना संकलन करते हुए घटना में संलिप्त अभियुक्त सोनू कुमार पिता रामजतन सिंह उर्फ जाटो सिंह, मनीष कुमार पिता राममूर्ति सिंह एवं निलेश कुमार पिता जवाहर यादव सभी पनसल्ला थाना-लाखो जिला-बेगूसराय को सुरदासा ढाला के पास खेत में पकड़ा गया। पकड़ाए सभी व्यक्तियों से पूछताछ करने पर हत्या करने की घटना में अपनी-अपनी संलिप्तता को स्वीकार करते हुए बताया कि एक युवती से शंभू सिंह (मृतक) का अवैध संबंध था। जिसको लेकर गाँव में चौक-चौराहों पर अभद्र बाते किया जाता था। जिससे क्षुब्ध होकर योजनानुसार 12 मई देर की रात्रि में उक्त तीनों अपने एक अन्य सहयोगी साथी के साथ मिलकर दुर्गा मंदिर के प्रांगण में सो रहे शंभू सिंह को गोली मारकर हत्या कर दिए एवं सभी भाग गए तथा घटना में प्रयुक्त हथियार एवं कारतूस को सुरदासा ढ़ाला के निकट एक पुलिया के निचे छिपा दिए है। तत्पश्चात पुलिस टीम के द्वारा पकड़ाए अभियुक्तों की निशानदेही पर सुरदासा ढ़ाला के पुलिया के निकट पत्थर के नीचे छिपा कर रखे गए। घटना में प्रयुक्त एक देसी पिस्तौल एवं अन्य तीन कारतूस बरामद किया गया। जिसे विधिवत जप्त करते हुए पकड़ाए सभी अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया गया। विधिसम्मत आवश्यक अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

# आंगन में पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

## हत्या या अत्महत्या की गुत्थी में उलझी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** शनिवार को शहर के बहादुरपुर मुहल्ला स्थित मॉडल हाई स्कूल के निकट एक चहारदीवारी के अंदर अमरूद के पेड़ से लटका एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। देखते-देखते यह खबर जंगल के आग की तरह शहर में फैल गई। कुछ ही देर में सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गयी। इसी बीच लोगों ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। उक्त चहारदीवारी के मेन गेट पर ताला भी अंदर से लटका हुआ पाया गया है। वहीं शव को देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि, उक्त युवक की हत्या कर शव को पेड़ से लटका दिया गया है। मृत युवक की पहचान पड़ोसी देश नेपाल के तीरथूम जिला के हक्कुड़ गांव गांव निवासी, 25 वर्षीय गौतम कुमार के रूप में की गयी है। मृतक अपने पांच अन्य साथियों के साथ उक्त मकान में किराए पर रहता था। घटना के संबंध में मृतक के साथियों ने बताया कि, मृतक शहर के गणेश चैक पर चाउमीन चाट का ठेला लगाया करता था। विगत दो दिनों से वह काम पर नही जा रहा था। बीती रात को उसे खाना खाने के लिए बुलाने गये तो उसने खाना खाने से मना कर दिया। सुबह जब वह उसे जगाने गये तो वह अपने बिछावन पर नही था। जिसके बाद वह लोग उसकी खोजबीन करने लगे। जब रूम से बाहर निकले तो चहारदीवारी से घिरे आंगन में अमरूद के पेड़ से उसका शव लटकता मिला। जिसकी सूचना उनलोगों ने मृतक के परिवार व स्थानीय थाना को दी। उधर घटना की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने मृतक शव को पोस्टमार्टम केलिए भेज दिया है और मामले की पडताल में जुट गई है। मामला हत्या का है या आत्महत्या का यह पूछे जाने पर नगर थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस दोनो मामले पर काम कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहना ज्यादा उचित होगा।

## एक नजर

### रत्नेश चैरसिया से भाजपा ने किया किनारा

**समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाजपा के मुसरीघरारी मंडल अध्यक्ष सह प्रखण्ड बीस सुत्री सदस्य रत्नेश चैरसिया को पार्टी की सदस्यता सहित सभी दायित्वों से मुक्त कर दिया गया है। उक्त आशय के जारी पत्र में जिलाध्यक्ष भाजपा दक्षिणी शशिधर झा ने लिखा है कि प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल के निर्देशानुसार उनकी संदिग्ध आचरण को देखते हुए उक्त निर्णय लिया गया है। बताते चलें कि भाजपा के निवर्तमान मंडल अध्यक्ष चैरसिया को मुसरीघरारी पुलिस ने सोना लूट गैंग के तीन साथियों के साथ किसी लूट की योजना बनाते पिछले दिनो गिरफ्तार किया था। इस गिरफ्तारी के बाद भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर जिलाध्यक्ष ने उक्त कार्रवाई की है।

### थाना परिसर में जनता दरबार आयोजित

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंचल क्षेत्र के विभिन्न राजस्व ग्रामों में उत्पन्न भूमि विवाद के निबटारे को लेकर शनिवार को थाने में आयोजित जनता दरबार में एक नया भूमि विवाद का मामला सुनवाई के लिए दर्ज किया गया तथा चार पुराने मामले को निष्पादित किया गया। निष्पादित मामला समसा के राजकुमार महतो व रामानंद महतो, बभनगामा के राजेन्द्र साह व .ष्ण नंदन पंडित का है। उभयपक्षों द्वारा विवाद दर्ज तिथि के बाद अभिरुचि नहीं लेने के आधार पर निष्पादित किया गया। वही नावकोठी के अमित कुमार व दिनेश महतो के मामले में द्वितीय पक्ष द्वारा उपयुक्त कागजात उपलब्ध नहीं कराने तथा अभिरुचि नहीं लेने के आधार पर भूमि उपसमाहर्ता के न्यायालय में जाने का निर्देश, छतौना के नीरज सिंह व अंगद सिंह द्वारा विवादित भूमि का मापी कराने की सहमति के आधार पर निष्पादित किया गया। वही समसा के सिकंदर साहू व सीताराम पासवान के बीच उत्पन्न भूमि विवाद की सुनवाई हेतु मामला दर्ज किया गया। जनता दरबार में कुल 8 मामले लंबित है।छतौना के रामनारायण महतो वो मिथिलेश कुमार,अब्बूपुर के दामोदर महतो व सोनी देवी, रामनारायण महतो व मिथिलेश कुमार,चक्का के नारायण महतो व राजकुमार पोद्दार,बगरसथान सिंह समसा के अमरजीत पोद्दार व रूदो तांती, शेखपुरा के सुखो ताती व मनोज पासवान, रमौली के सिकंदर महतो व सुनाम यादव आदि मामले की सुनवाई कर अगली तारीख मुकर्रर की गयी।मौके पर सीओ सूरज कुमार, एस आई अबोध कुमार सिंह, राजस्व अधिकारी अखिलेश्वर राम, अंचल कर्मी अमरजीत कुमार व फरियादी आदि मौजूद थे।

### बिजली कटौती पर भड़के राजद नेता

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राजद के प्रदेश महासचिव मनोज सिंह ने भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड के बभनगांवा पावर स्टेशन शनिवार को पहुंचे। बिजली में हो रही भारी कटौती का कारण पूछा। राजद नेता से वहां काम कर रहे कर्मचारियों ने कहा कि यहां अभी कम पावर मिल रही हैं और क्षेत्र में बिजली की खपत ज्यादा है इस लिए यहां पावर की क्षमता बढ़ाने की बात कही गई। मनोज ने कहा कि यहां के जन प्रतिनिधि एवं शासन प्रशासन के निकम्मापन की वजह से बिजली की क्षमता नहीं बढ़ पा रही हैं। जिसके चलते भीषण गर्मी में वहां की जन मानस को काफी परेशानी की सामना करना पड़ रहा है। राजद महासचिव मनोज सिंह ने कहा कि हम बिजली संबंधित समस्याओं को लेकर काफी चिंतित हैं और इसके लिए हम प्रधान सचिव से पावर बढ़ाने के लिए बात करेंगे और तत्परता से लग के काम करवाएंगे। ताकि आम लोगों को कोई दिक्कत न हो। कहा कि अगर बिजली की क्षमता नहीं बढ़ी तो हम आंदोलन करेंगे और बिजली उपकेन्द्र पर काम कर रहे कर्मचारियों को भी बताया कि आपलोग भी तत्परता से काम करें ताकि समस्या नहीं हो।

### बिहार शिक्षा परियोजना की बैठक में योजनाओं पर चर्चा

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिलाधिकारी तनय सुलतानिया की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बिहार शिक्षा परियोजना की जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक शनिवार को आयोजित की गई। जिसमें जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा पिछली 42वीं कार्यकारिणी समिति की बैठक की संपुष्टि की गई तथा 43वीं बैठक में तैयार की गई सभी भौतिक एवं वित्तीय उपलब्धियों पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने उपस्थित सभी सदस्यों के समक्ष इन उपलब्धियों को साझा किया। जिलाधिकारी की अनुमति से असैनिक निर्माण कार्य, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में प्रशिक्षण, निजी विद्यालयों में नामांकन एवं गुणवत्ता शिक्षा संभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं उपलब्धियों पर भी चर्चा की गई। प्रबंध संरचना के अंतर्गत कार्यरत दैनिक मानदेय पर नियुक्त कर्मियों की सेवा अवधि के विस्तार तथा सफाई कर्मियों को दैनिक मजदूरी के समतुल्य मानदेय नियमानुसार प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया। मौके पर डीपीओ, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, डीपीओ (आईसीडीएस), जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, मध्य विद्यालय मानपुर के एचएम सहित कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्य मौजूद थे।

# राज्य एवं केन्द्र सरकार की नीतियों के खिलाफ आंदोलन का निर्णय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बिहार राज्य राजपत्रित कर्मचारी महासंघ कार्यालय भवन में शनिवार को पेंशनर एसोसिएशन जिला शाखा की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता वरीय जिला उपाध्यक्ष किरण देवी ने की। अध्यक्ष के आदेश अनुसार जिला मंत्री मथुरा ठाकुर ने सदन में जिला स्तरीय राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर कार्यक्रम एवं समस्याओं से सभी को अवगत कराया। साथ ही कर्मचारी शिक्षक मजदूर विरोधी नीति राज्य एवं केंद्र सरकार की नीति के खिलाफ आंदोलन का निर्णय लिया गया। केंद्रीय ट्रेड यूनियन और अखिल भारतीय कर्मचारी महासंघ के संयुक्त अभियान पर केंद्र सरकार की जन एवं कर्मचारी मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ 20 मई को राष्ट्रव्यापी ग्राम हड़ताल में हम सभी पेंशनर्स एसोसिएशन की पूरी भागीदारी है। हमारी एक मुख्य मुख्य मांग है पेंशनर के हित में प्रतिकूल एपीसी यूपीएस है। इसे समाप्त कर पूर्व की भांति पुरानी पेंशन यथावत लागू किया जाए। इसके अलावे विगत दिनों कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में निर्दोष पर्यटकों की हत्या पाकिस्तान आतंकियों द्वारा किया गया। उन शहीदों की आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गई। साथ ही परिवार का असहनीय दर्दनाक विपत्ति में धैर्य धारण हेतु शक्ति प्रदान करे। इसके लिए उपस्थित लोगो ने प्रार्थना की। इस शोक संतप्त दुख की घड़ी में राम शंकर प्रसाद सिंह डक्टर के पी पोद्दार, राम सकल सिंह, आशा कुमारी, विमला, विश्वनाथ चौधरी, रामानंद, मोहन मुरारी, अजय कुमार सिंह आदि शामिल हुए।

# दो मामले निष्पादित

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए जमीन विवाद को निपटारे को लेकर पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को थाना परिसर स्थित प्रतीक्षालय भवन में वीरपुर के अंचलाधिकारी भाई बीरेंद्र की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। बताया कि एक नया आवेदन सहित कुल आठ मामलों की सुनवाई की गई जिसमें दो मामलों को आपसी समझौता के आधार पर निष्पादित किया गया। शेष बचे हुए आवेदन के आलोक में दोनों पक्षों को नोटिस कर साक्ष्य सहित उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है।

# समाजसेवी भाई राजू सहनी ने विभिन्न हादसों में मरने वालों के परिवार वालों के लिए छह माह का राशन उपलब्ध कराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** उजियारपुर प्रखंड अंतर्गत भगवानपुर कमला गांव निवासी युवा समाजसेवी भाई राजू सहनी ने मानव सेवा व जनसेवा के संकल्प को दोहराते हुए एक बार एक बेटी की शादी का बीड़ा उठाने के साथ, विभिन्न हादसों में मरने वाले मृतक के परिवार वालों को 06 माह का राशन उपलब्ध कराया। इस दौरान भाई राजू सहनी ने रामचंद्रपुर अंधैल पंचायत स्थित चंदौली गांव निवासी, मृतक विशुनी सहनी एवं दलसिंहसराय प्रखंड के मोख्तियारपुर सलखन्नी गांव के सड़क हादसे में मरने वाले रामचंदर पासवान के परिजनों से मुलाकात किया तथा उन्हें भी 06 माह का राशन आदि सामान उपलब्ध कराया। साथ ही भविष्य में भी पिड़ित परिवार की सहायता करते रहने का वचन दिया। तत्पश्चात वह उजियारपुर प्रखंड के लखनीपुर महेशपट्टी गांव के वार्ड संख्या 01 स्थित महादलित मुहल्ला में पहुंचे। जहां उन्होंने रामप्रवेश सदा की बच्ची की शादी में आ रहे आर्थिक बाधा को दूर कर शादी संपन्न कराने में बडी भूमिका निभाई। लाभुक रामप्रवेश सदा ने बताया कि पैसे के अभाव के कारण बेटी की शादी में समस्या उत्पन्न हो गयी थी। जिसकी जानकारी मिलने पर पहुंचे भाई राजू सहनी ने आर्थिक सहायता तो की ही साथ ही, शादी के चुनरी से लेकर बारातियों के खाने पीने तक का सामान उपलब्ध करा दिया।

# दिवंगत सैनिक के परिजनों से मिले प्रदेश अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत डफरपुर पंचायत के छतौना अब्बुपुर स्थित आवास पर दिवंगत पवन पंडित के परिजनों से जन स्वराज के प्रदेश अध्यक्ष मिलकर सांत्वना दिया। जन स्वराज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती छतौना निवासी दिवंगत पवन पंडित के घर पर जाकर उनके परिजनों से मिलकर सांत्वना दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पवन पंडित देश की सेवा करते हुए प्राण गंवाए हैं। इन्ही के जैसे राष्ट्र प्रहरियों की बदौलत हम सभी भारतवासी चैन की नींद सोते हैं। इस दौरान उनकी आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि पवन पंडित के परिजनों के साथ हर सुख- दुःख में कदम से कदम मिलाकर चलेंगे। किसी भी कठिनाइयों में हम और मेरी पार्टी जन स्वराज हमेशा उनके लिए खड़ी रहेगी।

# जरूरतमंदों की सेवा करना ही मेरे जीवन का प्रथम उद्देश्य : डॉ मनोज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** सेवा परमो धर्मः एवं अहर्निशं सेवा महे के सिद्धांत को मैं न केवल शब्दों में, बल्कि अपने कर्मो में भी साकार करना चाहता हूं। मैं समस्तीपुर की मिट्टी में जन्मा हूं, यही मेरी पहचान है, और अपने लोगों की सेवा करना ही मेरे जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य है। श्री राम चंद्र सेवा ट्रस्ट द्वारा समस्तीपुर जिला के अंतर्गत लगुनियाँ गांव में वार्ड संख्या 46 के पंचायत सरकार भवन परिसर में आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर के दौरान रामचन्द्र अस्पताल के प्रबंध निदेशक सह मुख्य चिकित्सक डॉ मनोज कुमार सिंह ने उक्त बातें अपने संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि समस्तीपुर का बेटा होने के नाते यह मेरा कर्तव्य है कि मैं अपने लोगों का इलाज करूं, उनकी सहायता करूं और उनके दुखों को कम करूं। बताते चलें कि शनिवार को जिले के लगुनियाँ वार्ड 46 के पंचायत सरकार भवन परिसर में आयोजित इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर में सैकड़ों वृद्धजनों, महिलाओं और बच्चों ने निःशुल्क चिकित्सा परामर्श और सेवाओं का लाभ उठाया। इस शिविर में नैरोपैथी जांच, मधुमेह, रक्तचाप, बोन मास डेंसिटी जांच, ब्लड टेस्ट, के साथ जरूरतमंदों के बीच आर्थराइटिस किट तथा दवाओं का निःशुल्क वितरण किया गया। शिविर में वार्ड सदस्य बब्बन चैधरी, राम कुमार सिंह, सुजीत कुमार सिंह और मनोज कुमार सिंह समेत कई स्थानीय गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# अनुसंधानकर्ता अपने कार्यों में लाएं प्रगति : डीआईजी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बेगूसराय।** बेगूसराय एवं खगरिया रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक आशीष भारती ने शनिवार को कार्यालय कक्ष में बेगूसराय एवं खगड़िया जिला के काण्ड अनुसंधानकर्ताओं के साथ बैठक की। साथ ही विधि व्यवस्था प्रभावित करने से संबंधित सांप्रदायिक कांडों, हर्ष फायरिंग कांडों, पुलिस पर हमला एवं 2000 लीटर से अधिक शराब बरामद्गी वाले कांडों की समीक्षा की गई। अनुसंधान में लापरवाही बरतने के आरोप में मुफस्सिल थाना बेगूसराय के पुलिस अवर निरीक्षक पिंटू कुमार को सजा दी गई है। समीक्षा में वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दोनों जिला के पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1 बेगूसराय, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तेघड़ा एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1 खगड़िया शामिल हुए। सभी कांडों के अनुसंधान कर्ताओं को लंबित कांडों में त्वरित गति से अनुसंधान पूर्ण करने तथा वांछित, फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी, कुर्की करने का निर्देश दिया गया।

# जिलास्तरीय नियोजन मेला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**बेगूसराय।** जिला नियोजनालय के द्वारा जिला स्तरीय एक दिवसीय नियोजन- सह- व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया। मेला का उदघाटन उप निदेशक (नियोजन), दरभंगा प्रमण्डल आशीष आनंद, सहायक निदेशक (नि), अवर प्रादेशिक नियोजनालय, दरभंगा, नीतीश कुमार सिन्हा, राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर, अभियंत्रण महाविधालय बेगूसराय, डा सुशील कुमार एवं जिला नियोजन पदाधिकारी, राणा अमितेष ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। नियोजन मेला में कुल- 24 नियोजकों ने भाग लिया। मेला में हजारों की संख्या में अभ्यर्थी उपस्थित थे। विभिन्न नियोजकों के द्वारा कुल-932 अभ्यर्थियों का बायोडाटा प्राप्त कर कुल- 358 अभ्यर्थियों का रोजगार हेतु चयन किया गया। मेला में उपस्थित पदाधिकारियों के द्वारा अभ्यर्थियों का नियोजन और कौशल विकास हेतु मार्गदर्शन दिया गया। मेला में विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा स्टल लगाये गये थे। जिसके माध्यम से उक्त विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके राहुल कुमार, विनय कुमार (प्रधान लिपिक), पंकज कुमार, जिला कौशल प्रबंधक कुमार रंजय सिंह देव, श्री सतीश पटेल, सामंत कुमार एवं कार्यालय के सभी कर्मी आदि उपस्थित थे।

# नगर परिषद में जल निकासी व गंदगी है बड़ी समस्या

## नगर परिषद ने आयोजित किया जनसंवाद कार्यक्रम

### समस्या के शीघ्र समाधान की कही गई बात

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरौनी।** बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग के निर्देशानुसार नगर परिषद बरौनी में नागरिक सुविधाओं की उपलब्धता हेतु नगर जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जिसमें लोगों से उनकी समस्याओं को संग्रह करने और उसका निदान करने के लिए लोगों से जनसंवाद किये जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को नगर परिषद बरौनी के वार्ड 24 में नगर जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यपालक पदाधिकारी रणवीर कुमार, सिटी मैनेजर रोहित सिंह, स्वक्छता पदाधिकारी शुभम कुमार, उप मुख्य पार्षद नेहा मेहता, वार्ड पार्षद कुमार गौतम समेत वार्ड के दर्जनो महिला पुरूष और नगर कर्मी शामिल हुये। इस मौके पर लोगों ने पीएम आवास योजना, नल जल, साफ सफाई, जल निकासी, नाला, लाइट समेत अन्य समस्याओं को रखा। जिसे बारी बारी से संग्रह किया गया और उस समस्या का समाधान करवाने को लेकर बात की गई। वही वार्ड पार्षद कुमार गौतम ने बताया कि सरकार तो इस प्रकार के कार्यक्रम कर रही है और ये स्वागत योग्य है पर इसका समुचित लाभ तब ही मिल पाएगा जब प्रशासन जनता के उठाएँ समस्या का निष्पादन करेगी। रही बात बरौनी नगर परिषद की तो यहाँ के मुख्य पार्षद ही पूरी तरह खुद खायेंगे और परिवार को भी खिलायेंगें के भाव को लेकर चल रहें हैं। चुनाव के समय हर घर जाएँगें पर आज जब बात समस्या सुनने की है तो वो नहीं आएँगें। बाकी मुझे इंतजार रहेगा कि जनता की समस्या जल्द से जल्द दूर हो।

# पीएचसी में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरूद्ध सर्वदलीय धरना

## भ्रष्टाचार के खिलाफ में सभी राजनीतिक दलों के लोगों ने मंसूरचक अस्पताल में दिया धरना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मंसूरचक (बेगूसराय)।** शनिवार को दस सूत्री मांगों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंसूरचक में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर विभिन्न राजनीतिक दल के लोगों ने स्वास्थ्य केंद्र पर धरना-प्रदर्शन किया। जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष बालेश्वर महतों ने की। संचालन कल्याणी महतों ने किया। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष बालेश्वर महतो ने कहा कि इस डबल इंजन सरकार में अफसरशाही हावी हो गयी है। जो अपने कारनामों पर पर्दा डालने के लिए अब झूठा मुकदमा भी करवाने लगे हैं। लेकिन हमलोग इससे ना तो डरने वाले हैं और ना ही झुकने वाले हैं। इसलिए हमलोग आज धरना-प्रदर्शन पर बैठे हैं। मेरे मांगों को तय समय-सीमा पर पूरा नहीं होने पर हमलोग पुनः इस भ्रष्टाचार के खिलाफ अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर भी बैठेंगे। धरना के माध्यम से 10 सूत्री मांग पत्र को राज्यपाल के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी सुभाष कुमार को सौंपा। धरना प्रदर्शन को मुखिया प्रतिनिधि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अमीनुद्दीन, मुखिया दिनेश कुमार राय, मुखिया राममूर्ति चौधरी, मुखिया हीरा देवी, पैक्स अध्यक्ष राजेश कुमार, उपसरपंच अवधेश कुमार, पूर्व उपमुखिया मो जावेद,मो राजा, रामविलास चौधरी, दिनेश महतो, रामकुमार चौधरी, अशोक महतो, श्याम नंदन महतो, जोखन सदा, महावीर सदा, बछवाड़ा विधानसभा युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष निखिल राज, संजय पासवान, सुबोध कुमार, पंसस चन्द्रहास सिंह, मुकेश कुमार, मो अहमद, मनोज पासवान, मधुकांत महतो, सुरेश दास,अमरेश यादव, शिबु शर्मा सहित अन्य ने संबोधित करते हुये कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंसूरचक इस क्षेत्र के गरीब लोगों का एक बहुत बड़ा सहारा हैं। लेकिन प्रखंड विकास पदाधिकारी सुभाष कुमार के द्वारा संतोष जनक अश्वासन दिये जाने के बाद धरना को आंदोलन कारियों ने समाप्त किया। तनावपूर्ण स्थिति की जानकारी मिलते ही मंसूरचक थानाध्यक्ष अमीत कांत कुमार पुलिस बल के साथ धरना स्थल पर पहुंच कर विधि व्यवस्था को शांतिपूर्ण करवाने में डटे रहें।दुसरी तरफ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर विनय कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक सौरभ सुमन से उक्त घटना के संबंध में पूछे जाने पर बताया कि मेरे ऊपर लगाया गया आरोप का कोई भी साक्ष्य उन लोगों के पास नहीं हैं।

# जननी बाल सुरक्षा कार्यक्रम में गिरते ग्राफ पर जताया गया असंतोष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड के पीएचसी नावकोठी के सभागार में स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक शनिवार को आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता चिकित्सा पदाधिकारी डा नीतीन कुमार ने की। उन्होंने जननी बाल सुरक्षा कार्यक्रम में गिरते ग्राफ पर असंतोष जाहिर किया। इसमें वृद्धि लाने के तकनीक को बताया। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में गर्भवती महिलाओं की शत प्रतिशत भागीदारी एवं जांच कराने पर बल दिया। बीएमसी गोपाल शर्मा ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य परिवार कल्याण कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए एफपीएलएमआई एप के उपयोग के बारे में दक्ष बनाना है। अब आशा कार्यकर्ताओं को अपना कार्य इसी एप के माध्यम से संपादित करना है। यह एप उन्हें अपने कार्य क्षेत्र में परिवार कल्याण से संबंधित डेटा को आसानी से दर्ज करने और उसका विश्लेषण करने में मदद मिलेगी। परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत दो बच्चों के बीच अंतराल रखने के अस्थायी साधन माला, छाया, अंतरा, कंडोम आदि का इंडेंट इसी एप पर ही करना होगा। इनकी आवश्यकता की पूर्ति करने में आसानी होगी। बीसीएम उषा कुमारी एवं काउंसलर राजकुमार सिंहा ने मोबाइल फोन पर इस एप को इंस्टाल कर संचालन की विधि को बताया। मौके पर बीएचएम आनंद ईश्वर, बीएमईए संदीप चंद्र, लेखापाल राजीव कुमार, सीएचओ, एएनएमआदि ने हिस्सा लिया।

# समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध : अलंकृता पांडेय





नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिले के समाज कल्याण विभाग के सहयोग से शनिवार को खेल भवन, जहानाबाद में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के 21 दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल वितरित की गई। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय के कर-कमलों से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लाभुकों एवं आमजनों की उपस्थिति रही, जिनमें खुशी और आभार का भाव स्पष्ट देखा गया। ट्राईसाइकिल पाकर लाभार्थियों के चेहरों पर आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की चमक झलक रही थी। अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने कहा कि यह सिर्फ एक शुरुआत है। हमारा प्रयास रहेगा कि महादलित टोलों सहित सभी जरूरतमंदों तक यह सुविधा पहुंचे। उन्होंने आश्वासन दिया कि आने वाले दिनों में और अधिक दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे वे भी समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। उन्होंने आगे कहा कि प्रशासन यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी सुविधाएं पहुंचें और कोई भी व्यक्ति अपने अधिकार से वंचित न रह जाए। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के पदाधिकारी एवं जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रशासन की टीम ने समर्पित भाव से कार्य किया। वहीं यह पहल सामाजिक समावेशन और मानव गरिमा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है, जिससे दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन जीने की दिशा में प्रोत्साहन मिलेगा।

## पूरन छपरा लूटकांड का अभियुक्त गिरफ्तार



**चकिया (पूर्वी चम्पारण)/ नबिटा संवाददाता।** पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत पूरन छपरा में बीते वर्ष अक्टूबर माह में हुए लूटकांड के अप्राथमिक अभियुक्त को शनिवार को छापेमारी कर गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मुजफ्फरपुर जिले के साहेबगंज थाना क्षेत्र के सोमगढ़ निवासी विवेक कुमार, पिता बीरेंद्र सहनी के रूप में की गई है। वह कांड संख्या 315/24 लूट व 316/24 आर्म्स एक्ट का अभियुक्त है। इसी मामले में बीते शुक्रवार को एक और अभियुक्त दीपू कुमार की गिरफ्तारी हुई थी। छापेमारी प्रशिक्षु आईपीएस सह डीएसपी मो मोहिबुल अंसारी के नेतृत्व में की गई। जिसमें थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार, अपर थाना अध्यक्ष गौरव कुमार,एसआई राज कुमार राजू सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भव्य तिरंगा यात्रा





नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** भारतीय सेना की हालिया सफलता ऑपरेशन सिंदूर के सम्मान में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) द्वारा शनिवार को जहानाबाद में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा इंडोर स्टेडियम से प्रारंभ होकर अरवल मोड़ तक निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में नागरिक, युवा, महिलाएं, छात्र एवं पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए। यात्रा के दौरान देशभक्ति के रंग में डूबे लोगों ने हाथों में तिरंगा थामे ''भारत माता की जय'', ''वंदे मातरम'' और ''जय हिन्द'' जैसे नारों से पूरा माहौल गुंजायमान कर दिया। देशभक्ति गीतों और घोषणाओं के बीच यह यात्रा एक जनसैलाब में तब्दील हो गई, जिसने नगर के कोने-कोने में राष्ट्रप्रेम की भावना भर दी। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष धीरज कुमार ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर ने सिद्ध कर दिया है कि भारतीय सेना देश की रक्षा के लिए हर परिस्थिति में तैयार है। यह तिरंगा यात्रा हमारे सैनिकों के शौर्य, बलिदान और समर्पण को सम्मान देने का एक छोटा प्रयास है। उन्होंने आगे कहा कि इस यात्रा के माध्यम से युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना को और मजबूत करने तथा भारतीय सेना के साहस और वीरता को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया गया है। जिस उत्साह और जोश के साथ जनता ने इसमें भाग लिया, वह अपने आप में प्रेरणादायक है। अरवल मोड़ पर यात्रा का समापन एक सभा के साथ हुआ, जहां वक्ताओं ने भारतीय सेना की बहादुरी को नमन करते हुए उनके योगदान को याद किया और उन्हें सलामी दी। इस सफल आयोजन में एनडीए के सभी घटक दलों, स्थानीय नेताओं और स्वयंसेवकों की भूमिका उल्लेखनीय रही। यह तिरंगा यात्रा सिर्फ ऑपरेशन सिंदूर की जीत का उत्सव नहीं थी, बल्कि यह एक स्पष्ट संदेश भी थी कि भारत की जनता अपनी सेना के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है।

# 11:30 बजे के बाद सभी तरह की शैक्षणिक गतिविधियों पर रोक

**भीषण गर्मी को देखते हुए जिलाधिकारी ने जारी किया आदेश**



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिला अंतर्गत लगातार बढ़ रहे तापमान एवं दोपहर के समय पड़ रही भीषण गर्मी के दृष्टिगत बच्चों के स्वास्थ्य एवं जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव की संभावना को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के अंतर्गत महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। जिलाधिकारी द्वारा जारी किए गए आदेश के अनुसार जहानाबाद जिले के सभी सरकारी विद्यालयों (प्री-स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों सहित), निजी विद्यालयों एवं कोचिंग संस्थानों में दिनांक 18 मई से आगामी 25 मई तक प्रत्येक दिन पूर्वाह्न 11:30 बजे के बाद किसी भी प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियों पर रोक लगाई जाती है। इस दौरान जिला पदाधिकारी ने सभी विद्यालय प्रबंधनों को यह निर्देश दिया है कि वे उक्त अवधि में अपने शिक्षण कार्यक्रमों एवं समय-सारिणी का पुनर्निर्धारण करते हुए आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करें।

# निर्वाचन आयुक्त ने गहनता से की इवीएम/ वीवीपैट की प्रथम स्तरीय जांच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत एफएलसी सेंटर का निर्वाचन आयुक्त डॉ. विवेक जोशी के द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वहां चल रहे एफएलसी कार्य का बहुत ही बारीकी से जायजा लिया गया। इस दौरान ईसीआईएल के अभियंताओं से एफएलसी से संबंधित सभी चीजों की जानकारी प्राप्त की गई एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। ज्ञातव्य है कि आगामी बिहार विधानसभा आम चुनाव 2025 की तैयारी को लेकर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में ईवीएम/ वीवीपैट की प्रथम स्तरीय जांच की जा रही है। यह जांच ईसीआईएल के 18 अभियंताओं द्वारा की जा रही है। निर्वाचन आयुक्त के एफएलसी सेंटर भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा बताया गया जिला में कुल 7209 बीयू, 5613 सीयू तथा 6058 वीवीपैट उपलब्ध है। ईसीआईएल के 18 अभियंताओं के द्वारा पिछले 2 मई से एफएलसी का कार्य किया जा रहा है। यह कार्य 24 मई तक पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभी तक 4380 बीयू, 4380 सीयू तथा 4380 वीवीपीएटी का एफएलसी कार्य किया जा चुका है। इस दौरान 431 बीयू, 47 सीयू तथा 36 वीवीपैट को रिजेक्ट किया गया है। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह- जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने बताया कि एफएलसी का कार्य आयोग से प्राप्त दिशा निर्देश और प्रोटोकॉल के अनुसार कराया जा रहा है। यह कार्य मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कराया जा रहा है और एफएलसी के चल रहे कार्यों की जानकारी उन्हें दी जा रही है। निर्वाचन आयुक्त के भ्रमण के दौरान एफएलसी केंद्र पर भारतीय जनता पार्टी, जनता दल यूनाइटेड, राष्ट्रीय जनता दल, इंडियन नेशनल कांग्रेस, एलजेपी, बहुजन समाजवादी पार्टी और आप के जिला प्रतिनिधि उपस्थित थे। निर्वाचन आयुक्त के भ्रमण के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिहार, विनोद सिंह गुंजियाल, पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात सहित जिला के वरीय पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी एवं निर्वाचन विभाग, बिहार, पटना के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# कोटवा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को मिले आठ नये शिक्षक

- नवनियुक्त शिक्षकों ने विद्यालय में दिया योगदान
- प्रधनाचार्य ने कहा, लगभग सभी विषयों में पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित शिवधर अनूठा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को बीपीएससी 3 चरण में विभिन्न विषयों के आठ शिक्षक मिले हैं। गुरुवार को इन शिक्षकों ने विद्यालय में अपना योगदान भी कर लिया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य हीरा मिश्रा ने बताया कि वर्गवार व विषयवार आठ शिक्षकों ने योगदान किया है उसमें वर्ग 11-12 के लिए ऋषिकेश कुमार- भूगोल विषय, कृष्ण कुमार यादव- हिंदी, कविराज- जंतुविज्ञान, रजनी कुमारी- अंग्रेजी, रुचि कुमारी- अर्थशास्त्र और राजकिशोर कुमार कुशवाहा- भौतिकी विषय में अपना योगदान दिया वहीं वर्ग 9-10 के लिए दीपू कुमार- संगीत और रीनू यादव ने संस्कृत विषय में अपना योगदान किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने इस आशय का प्रपत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी को भेजा है। प्रधानाचार्य हीरा मिश्रा ने बताया कि विद्यालय में एक दो विषयों को छोड़ पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध हैं। विद्यालय ससमय वर्गवार और विषयवार संचालित हो रहा है।

# डिग्री कॉलेज नहीं होने से उच्च शिक्षा लेने में हो रही परेशानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामगढ़वा (मोतिहारी)।** प्रखण्ड क्षेत्र मे एक भी डिग्री कॉलेज नहीं होने से छात्र-छात्राओं को डिग्री कि शिक्षा प्राप्त करने के लिए रक्सौल, मोतिहारी या बेतिया जाना पड़ता हैं। अधिक खर्च एवं असुविधा के चलते इस क्षेत्र के बहुत सारे छात्र- छात्राएं डिग्री कि पढ़ाई से प्रत्येक वर्ष वंचित रह जाते हैं। इस प्रखण्ड क्षेत्र के अतिरिक्त आस - पास के प्रखण्ड क्षेत्र मे 10+2 एंव इंटर कॉलेज 25 कि संख्या मे हैं और छात्र इस क्षेत्र से प्रत्येक वर्ष अच्छे अंक से उत्तीर्ण होते हुये भी डिग्री कॉलेज नहीं होने से क्षेत्र के छात्र- छात्राओं एंव अभिभावकों को परेशानी हैं। क्षेत्र के शिक्षाविद, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों एंव गणमान्य लोगों ने सरकार से प्रखण्ड क्षेत्र मे डिग्री कॉलेज खोलने कि मांग कि है, जिससे यहां के छात्र-छात्राओं को डिग्री कि पढ़ाई के लिए अन्य शहरों मे नहीं जाना पड़े। यहां डिग्री कॉलेज होने से ग्रामीण क्षेत्र के किसान भी अपने बच्चों को डिग्री तक की शिक्षा दिलाने मे सक्षम होंगे। साथ ही क्षेत्र के छात्र- छात्राओं को आगे की पढ़ाई पूरी करने के बाद अच्छी नौकरी प्राप्त करने का मौका मिल भी मिल जायेगा।

# अवैध तरीके से भारत में प्रवेश करता कनाडाई नागरिक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)।** भारत- नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल ने एक कनाडाई नागरिक को अवैध तरीके से भारत में प्रवेश करते गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान हरप्रीत सिंह के रूप में की गई है। वह मूल रूप से पंजाब के कपूरथला का निवासी है, जो वर्तमान में कनाडा का नागरिक है। रक्सौल बॉर्डर पर एसएसबी टीम ने पूछताछ के बाद हरप्रीत को हिरासत में लिया है। पूछताछ में पता चला कि हरप्रीत 2023 में भारत आया था और उसका वीजा 2024 में ही समाप्त हो चुका था। उसके पास भारत में प्रवेश का वैध दस्तावेज नहीं था। थानाध्यक्ष किशन कुमार पासवान ने बताया कि हरप्रीत पहले भारतीय नागरिक था। कनाडा में कई वर्षों तक रहने के बाद उसे वहां की नागरिकता मिल गई थी। हरप्रीत 2023 में भारत में अपने पैतृक गांव आया था। उसका वीजा 2024 में ही समाप्त हो चुका था, लेकिन वीजा समाप्त होने के बावजूद वह भारत में ही रुका रहा। कनाडा लौटने की योजना बनाते हुए उसने नेपाल के रास्ते हांगकांग होते हुए जाने की कोशिश की। हरप्रीत ने बताया कि पंजाब में किसी ने उसे यह रास्ता सुझाया था। वह रक्सौल के रास्ते काठमांडू पहुंचा, लेकिन वहां एयरपोर्ट अधिकारियों ने भारतीय इमिग्रेशन की मोहर न होने के कारण उड़ान से रोक दिया। इसके बाद वह फिर से भारत में घुसने की कोशिश कर रहा था, तभी एसएसबी ने उसे दबोच लिया। भारत-पाकिस्तान तनाव को देखते हुए सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है। हाल के दिनों में इसी सीमा से एक अमेरिकी और चार चीनी नागरिकों को भी अवैध प्रवेश करते हुए पकड़ा गया था। हरप्रीत से पूछताछ जारी है और उसके विरूद्ध कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# अगलगी में लाखों का नुकसान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज के पूर्वी अमरपुरा गांव में शनिवार की दोपहर प्रमोद यादव एवं अर्जुन यादव के घर में आग लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही अग्निशमन वाहन मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रमोद यादव एवं अर्जुन यादव के घर में अचानक आग लग गई। घटना में प्रमोद यादव के घर में राशन, बाइक, घर में रखा हुआ कागजात एवं 15000 नगद राशि जलकर राख हो गयी। वहीं अर्जुन यादव के घर राशन, कपड़ा, साइकिल, दो पीस चौकी एवं अन्य समान जलकर राख हो गया। इस घटना में एक लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। मौके पर पहुंचे अग्निशमन वाहन एवं ग्रामीणों की सहयोग से आसपास फैल रहे आग पर काबू पाया गया। पीड़ित लोगों ने मुआवजा की मांग सरकार से की है।

## पेड़ गिरने से किशोरी जख्मी

**मदनपुर (नबिटा संवाददाता)।** मदनपुर के सलैया थाना क्षेत्र के रुनिया गांव में शनिवार की दोपहर में तेज आंधी में पेड़ गिरने से एक किशोरी घायल हो गई जिसकी पहचान उस गांव निवासी चांदनी कुमारी के रुप में की गई है। परिजनों के द्वारा इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मदनपुर में किया गया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में रेफर कर दिया है।

## शराब कारोबारी गिरफ्तार, जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** बंदेया पुलिस ने थाना क्षेत्र के चपरा गांव से पूर्व के शराब मामले में फरार चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है। मामले में बताया जाता है कि चपरा गांव निवासी सूरत दास के घर से 15 लीटर देसी शराब बरामद किया गया था। छापेमारी के दौरान पुलिस की भनक लगते ही शराब कारोबारी भागने में सफल रहा था, जिसे गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि शराब कारोबारियों के विरूद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

# डाकघर के कार्यों से रू-ब-रू हुए स्कूली छात्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** प्रमण्डल के डाक अधीक्षक डॉ.आशुतोष आदित्य के निर्देश पर शनिवार को स्टेपिंग स्टोन के बच्चों को प्रधान डाकघर, मोतिहारी का भ्रमण कराया गया। प्रधान डाकघर स्थित लेटर बॉक्स, काउंटर और डाकिया के कार्यों को दिखाया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षक अमित कुमार द्वारा प्रधान डाकघर के सभागार में बच्चों को डाकघर के सेवाओं का वीडियो दिखाया गया और डाकिया के कार्यों को समझाया गया। विकास पदाधिकारी ने डाकघर के इतिहास के बारे में जानकारी दी। पत्रों एवं पार्सल को प्रेषित करने के दौरान सही पिन कोड और मोबाइल नंबर लिखने की बात कही। इस दौरान पोस्ट कार्ड, अंतर्देशीय पत्र, लिफाफा आदि दिखाया गया जो बच्चों को काफी पसंद आया। बच्चों से डाकघर से जुड़ी क्विज भी कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्या गौरी जायसवाल और निदेशक प्रशांत जयसवाल ने भी बच्चों को डाकघर से जुड़ी अपने बचपन की यादें साझा की। डाक निरीक्षक कमलेश प्रसाद साह ने भी बच्चों से डाक सेवाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक कोमल सिंह, शालू सिंह, प्रियांशु गिरी, प्रीति गिरी, प्रिया, नजमीन, अनिशा जयसवाल, साक्षी, रेशमी श्रीवास्तव, अंजलि सिंह, मुस्कान गिरी, अंकिता, अविका, अनामिका आदि उपस्थित रहे। सभी ने डाक अधीक्षक के इस अनोखी पहल की काफी सराहना की और डाक अधीक्षक का शुक्रिया अदा किए।

# बैठक में छाया रहा आवास योजना में उगाही का मुद्दा

**पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण)/ नबिटा संवाददाता।** स्थानीय मॉडल स्कूल के सभागार में प्रखंड 20 सूत्री की बैठक शनिवार को अध्यक्ष उपेन्द्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में की गई। बैठक के आरंभ में सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। बैठक में पदाधिकारियों ने सरकार के विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान पूर्व मंत्री सह विधायक प्रमोद कुमार ने पीएचसी में एमबीबीएस चिकित्सक से साथ मानक के अनुसार रिक्त चिकिसकों की पूर्ति करने का प्रस्ताव पारित किया। वही आवास योजना के लाभुकों से हो रही अवैध उगाही की सूचना पर विभागीय अधिकारीयों को सख्त होने का निर्देश दिया गया। वही शशिभूषण कुमार वर्मा ने बेलवतिया विश्व कबीर शांति स्तम्भ परिसर के सौंदयिकरण, सड़क निर्माण आदि का प्रस्ताव दिया। जबकि बैठक में मनरेगा, कृषि, जीविका, शिक्षा से संबंधित समस्याओं के समाधान पर चर्चा किया गया। वही विधायक श्री कुमार ने बीडीओ बुसरा नावेद को 20 सूत्री के पदाधिकारी के लिए कार्यालय, उपस्कर, एक लिपिक एवं एक अनुसेवक की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। मौके पर प्रमुख रजनीश कुमार, बीडीओ बुसरा नावेद, सीओ सुनील कुमार, बीएसओ अजय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष जितेंद्र साह, सदस्य राजकिशोर सिंह, कामेश्वर चौरसिया, गौरीशंकर साह, शशिभूषण कुमार वर्मा, रानी देवी, मुन्ना कुमार आदि मौजूद थे।

# समय से विद्यालय संचालन का आदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अरेराज (पूर्वी चम्पारण)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी आदित्य नारायण दीक्षित द्वारा 1200 से अधिक मतदाताओं वाले मतदान केंद्र का निरीक्षण किया गया जिसमें पाया गया कि मतदान केंद्र संख्या 127 राजकीय प्राथमिक विद्यालय मामरखा उर्दू में मात्र एक ही कमरा है जिसमें पूर्व से ही एक बूथ अवस्थित है और मतदाताओं कि संख्या 1340 हो चुकी है जिसे पास के ही विद्यालय राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय ममारखा कन्या में शिफ्ट करने पर विचार किया गया। वापसी के क्रम में 10:30 बजे कुछ बच्चे बैग लेकर घर जाते पाए गए। बच्चों से श्री दीक्षित द्वारा पूछा गया कि आप कहां जा रहे हैं तो बच्चों ने बताया कि विद्यालय में अवकाश कर दिया गया है इसलिए हम घर जा रहे हैं। इस पर श्री दीक्षित नवसृजित प्राथमिक विद्यालय कमालुआ पहुंचे जहां उपस्थित प्रधानाध्यापक को फटकार लगाया और समय से विद्यालय संचालन के लिए आदेशित किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**

31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**

मो.- 09818366269

# भागवत कथा के श्रवण से बढ़कर मोक्ष का कोई अन्य सरल साधन नहीं



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** सुगौली प्रखंड अंतर्गत भरगावा पंचायत के धर्मपुर महादेव स्थान मठ के प्रांगण में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के पांचवें दिन आचार्य कथावाचक लाडले श्री हर्षवर्द्धन जी महाराज के द्वारा कथा रूपी सागर में स्नान कराया गया। महाराज ने कहा कि श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ के द्वारा जीवन मुक्त होता है और सब तरह के पाप का नाश होता है। जैसे आग सब कुछ को जला कर राख कर देती है वैसे ही भागवत कथा के श्रवण मात्र से समस्त पापों का नाश होता है और व्यक्ति मोक्ष को प्राप्त करते हैं। श्री हर्षवर्द्धन जी ने कहा किक भागवत कथा के श्रवण से बढ़कर इस संसार में कोई ज्ञान, मोक्ष का सरल साधन नहीं है। सभी प्रकार की मनोकामना सिद्ध होती है। इस भक्ति की गंगा में श्रद्धालुओं ने जी भर कर सुकून पाया। वहीं कथा सुनने के दौरान करमवा पंचायत समिति सदस्य प्रदीप गिरी, समाजसेवी संदीप मिश्रा, उत्तरी सुगाव पंचायत के पैक्स अध्यक्ष सहित दर्जनों समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें। साथ ही पूजा समिति के अध्यक्ष अखिलेश झा, भोला साह, कृष्णा कुमार यादव, ओमप्रकाश मिश्र, सुरेश झा, ओमप्रकाश साह, अतिबल साह, प्रमोद साह, दिवाकर ठाकुर, नवनीत कुमार, अनूठा शर्मा, संजय ठाकुर, ललन साह,पप्पू मिश्रा, अशोक ठाकुर, राजू ठाकुर आदि मौजूद थे।

## भारी मात्रा में शराब बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** उत्पाद थाना मधुबन की टीम ने अपनी बहादुरी का परिचय देते हुए मंदिर की आड़ में अनलोड करते ट्रक सहित भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया है। हालांकि इस दौरान अंधेरे का लाभ लेते हुए ट्रक चालक व कारोबारी भागने में सफल रहा। उक्त जानकारी उत्पाद थाना मधुबन के इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष शिवेन्द्र कुमार ने दी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि उक्त मामले में सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर फरार कारोबारी को चिन्हित की जा रही है। फिल्हाल वाहन मालिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। छापेमारी में इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष श्री कुमार के अलावे सहायक अवर निरीक्षक सुजीत कुमार व शौकत अली शामिल थे।

# खेल मैदान का निर्माण शत-प्रतिशत शीघ्र करें पूर्ण : डीडीसी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** उप विकास आयुक्त शंभू शरण पांडे के द्वारा शनिवार को पूर्वी चंपारण समाहरणालय मोतिहारी स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद सभागार में ग्रामीण विकास अंतर्गत पीएम आवास, मनरेगा, जल जीवन हरियाली, वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान से जुड़े हुए कार्यों के प्रगति की समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा में पाया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-26 के लिए जिला को कुल 109525 आवास का लक्ष्य मिला था, जिसके विरुद्ध 103719 को स्वीकृति दी गई है। अभी भी 5806 की स्वीकृति लंबित है। इस पर उप विकास आयुक्त के द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को जरूरी निर्देश दिए गए। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि इस योजना अंतर्गत 50996 लाभुकों को प्रथम किस्त की राशि दे दी गई है, वहीं द्वितीय किस्त की राशि 33790 लाभुकों को प्रदान की गई है। इस पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि वैसे सभी लाभुक जिन्होंने प्लिंथ लेवल तक का कार्य पूर्ण कर लिया है उसका जिओ टैगिंग कर तुरंत ऑर्डर शीट जनरेट करें ताकि उसके द्वितीय किस्त का भुगतान किया जा सके। उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि प्रथम किस्त के विरुद्ध द्वितीय किस्त का भुगतान एक माह के अंदर करना सुनिश्चित किया जाए। समीक्षा में पाया गया कि कुल 333 पंचायत में खेल के मैदान का लक्ष्य रखा गया था जिसके विरुद्ध 252 पंचायत में पूर्ण कर लिया गया है। तेतरिया, पिपरा कोठी, अरेराज, पहाड़पुर प्रखंड में यह सत प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है जबकि फेनहरा, चकिया, हरसिद्धि पताही और तुरकौलिया इस मामले में जिला के औसत से पीछे चल रहे हैं। यहां के प्रोग्राम पदाधिकारी मनरेगा को सख्त निर्देश दिया गया कि खेल के मैदान का निर्माण शत प्रतिशत शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। निदेशक डॉ कुंदन कुमार के द्वारा बताया गया कि खेल के मैदान में मुख्य रूप से बास्केटबॉल, बैडमिंटन, रनिंग ट्रैक एवं वॉलीबॉल के लिए फील्ड तैयार किया जा रहा है। इस मामले में जिला की उपलब्धि वर्तमान में 75% प्राप्त हो गई है।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### निर्माणाधीन अटल घाट का सांसद ने किया निरीक्षण

**मांझी (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने गुरुवार की शाम माँझी के रामघाट स्थित नमामि गंगे परियोजना के तहत निमार्णाधीन अटल घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने अभियंता एवं संवेदक को घाट से नीचे पानी तक पक्की सीढ़ी बनाने और फुटपाथ को बहोरन सिंह टोला स्थित राम जानकी मंदिर तक जोड़ने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अटल स्मृति भवन, चेंजिंग रूम, पुलिस चौकी, शौचालय, पार्क, स्ट्रीट लाइट आदि का भी मुआयना किया। सांसद ने 1908 में निर्मित राम जानकी मंदिर को भव्य रूप देने और रेल पुल के पास बन रहे बोल्डर पीचिंग बांध को भी श्रद्धालुओं के अनुकूल बनाने की बात कही। निरीक्षण के समय वुडको के अभियंता आनंद मोहन सिंह, संवेदक रामानुज शर्मा, बीडीओ रंजीत सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।



### गांजा लदी बोलेरो जब्त, एक गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सीमा पर तैनात इनरवा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए तस्करी के गांजा के साथ एक बोलेरो को जब्त किया है। जब्त गांजा का वजन 57 किलो बताया गया है। इस दौरान एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है। नरकटियागंज एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नेपाल से सेमरवारी गांव के रास्ते बोलेरो गाड़ी पर गांजा लेकर तस्कर भारतीय सीमा में प्रवेश करने वाले है। सूचना के आधार पर पुलिस ने सेमरवारी पुल के पूरब दिशा में नाका लगा दिया। नेपाल की तरफ आता एक बोलेरो गाड़ी पर से चालक पुलिस को देख गाड़ी रोक कुद कर फरार हो गया। पुलिस और एसएसबी ने दौड़ कर बोलेरो को अपने कब्जे मे कर जांच पड़ताल करना शुरू कर दिया। जांच पड़ताल के दौरान गाड़ी से 57 किलो गांजा बरामद हुआ। वही मौके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान सकरौल निवासी धर्मराज कुमार के रूप में हुई है।

### चोरी के आरोप में नाबालिग की पिटाई, वीडियो वायरल

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चोरी के आरोप में एक नाबालिग को बिजली के पोल में बांध कर पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पे तेजी से वायरल हो रहा हैं। वीडियो शिकारपुर थाना क्षेत्र के पंडई चौक का बताया जा रहा है। वीडियो में एक 10 वर्षीय नाबालिग को चोरी के आरोप में बिजली के पोल में बांध कर लोगो ने पिटाई कर रहे है। और बच्चा छोड़ देने की गुहार लगा रहा है। वीडियो में वह अपनी चोरी का गुनाह भी कबुल करते हुए बता रहा है कि वह केसरिया का रहने वाला है। वही इस घटना का वीडियो वहां मौजूद कुछ लोगों ने बनाकर सोशल मीडिया पे वायरल कर दिया। हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि राष्ट्रीय सहारा अखबार नही करता है। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो की जानकारी मिली है। मामले में जांच पड़ताल की जा रही है।

### विकास शिविर से गायब कर्मियों की सूची तलब

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** डॉ. अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत अनुसूचित जाति और जनजाति टोलों में चल रहे विशेष विकास शिविरों में अनुपस्थित रहे शिविर प्रभारियों पर कार्रवाई की तैयारी शुरू हो गई है। डीडीसी सुमित कुमार ने जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि ऐसे सभी प्रभारियों की सूची उपलब्ध कराई जाए, जो शिविर के दौरान मौजूद नहीं थे या जिनके द्वारा आवेदन और विकास रजिस्टर की प्रविष्टि संतोषजनक रूप से नहीं की गई।डीडीसी ने बताया कि डीएम द्वारा दिए गए निर्देश के बावजूद अब तक संबंधित प्रस्ताव नहीं भेजा गया है। इससे यह स्पष्ट होता है कि कार्यक्रम को गंभीरता से नहीं लिया गया। उप विकास आयुक्त ने इसे पदीय दायित्व के प्रति लापरवाही माना है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और तय समय सीमा में कार्रवाई का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।

### बिना सूचना के अनुपस्थित पीओ से जबाब तलब

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मधुबनी प्रखंड के मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी को बिना सूचना के गैरहाजिर रहने पर उप विकास आयुक्त सुमित कुमार ने स्पष्टीकरण तलब किया है। 5 मई को खोतहवा बासी नदी घाट के पास निमार्णाधीन छठ घाट, सिठी घाट, पार्क, प्रवेश द्वार, पुलिस चौकी, शौचालय, चबूतरा, शौधागृह, चेंजिंग रूम, पुलिया और नाला का निरीक्षण किया गया था। पूर्व सूचना देने के बावजूद कार्यक्रम पदाधिकारी मौके पर मौजूद नहीं थे।उन्होंने पत्र जारी कर 24 घंटे के भीतर अनुपस्थिति पर स्पष्टीकरण देने को कहा है। जब तक जवाब संतोषजनक नहीं मिलता, मार्च और अप्रैल महीने का मानदेय स्थगित रहेगा।

### हत्याकांड में दो गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नौतन पुलिस ने थाना क्षेत्र के दक्षिण तेल्हुआ से हत्या मामले में फरार दो आरोपियों को दबोच लिया है। पकड़े गए आरोपियों में मदन सहनी व विश्वनाथ सहनी दक्षिण तेल्हुआ मल्लाह टोली का नाम शामिल हैं। इनके उपर थाने में कांड संख्या 194/24 दर्ज है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि विगत वर्ष एक विवाहिता के हत्या मामले में दोनों नामजद थे। जो विगत एक वर्ष से पुलिस से फरार चल रहे थे। गुप्त सूचना पर पुलिस ने दोनों को उनके घर दक्षिण तेल्हुआ से गिरफ्तार किया है। पुछताछ के बाद पुलिस ने दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### जिलाधिकारी ने किया नौ मामलों का निष्पादन

**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिनियम, 2015 के तहत द्वितीय अपील की सुनवाई की गई। इस दौरान नौ मामलों की सुनवाई हुई, जिनमें से पाँच मामलों का अंतिम रूप से समाधान कर आदेश पारित किया गया। शेष चार मामलों में पूर्ण प्रतिवेदन के साथ अगली तिथि पर लोक प्राधिकार को उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोक शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निष्पादन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने संवेदनशीलता और तत्परता से कार्य करने का निर्देश भी दिया।



### गर्म माड़ में गिरने से ढाई साल का बच्चा जख्मी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एक ढाई वर्ष का बच्चा गर्म माड़ में गिर जाने से बुरी तरह से जख्मी हो गया। जिसे आनन फानन में परिजनों ने अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। घायल बच्चे की पहचान गौनाहा थाना के मुरली मझरिया के वार्ड संख्या पांच निवासी सुमन महतो का ढाई वर्षीय पुत्र आर्यन कुमार के रूप में की गई है।

# 14 साल पुराने मामले में लालू प्रसाद यादव पर बड़ी कार्रवाई: कोर्ट ने दिया कुर्की का आदेश

**निषेधाज्ञा के उल्लंघन और ध्वनि विस्तारक यंत्र के गलत इस्तेमाल का है मामला, बार-बार कोर्ट में गैरहाजिर रहने पर लिया गया सख्त फैसला**

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राजद सुप्रीमो और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव की कानूनी मुश्किलें एक बार फिर बढ़ गई हैं। सीवान की विशेष एमपी-एमएलए अदालत ने शनिवार को उनके खिलाफ कुर्की की कार्रवाई का आदेश दे दिया है। यह आदेश लगभग 14 साल पुराने आचार संहिता उल्लंघन के मामले में पारित किया गया है, जिसमें लगातार अदालत की तारीखों पर अनुपस्थित रहने के कारण यह सख्त कदम उठाया गया है। मामले की सुनवाई अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सह विशेष अदालत एमपी एमएलए अरविंद कुमार सिंह की अदालत में चल रही थी। अदालत ने पाया कि लालू प्रसाद यादव बार-बार समन और गैर जमानती वारंट के बावजूद हाजिर नहीं हो रहे हैं।



लालू प्रसाद यादव के गांव का घर।

**क्या है पूरा मामला ?**

वर्ष 2000 में दारौंदा विधानसभा उपचुनाव के दौरान यह मामला सामने आया था। उस समय लालू प्रसाद यादव रेल मंत्री थे और राजद उम्मीदवार परमेश्वर सिंह के समर्थन में चुनाव प्रचार करने सीवान पहुंचे थे। इस दौरान धारा 144 लागू होने के बावजूद उन्होंने बिना प्रशासन की अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्र (लाउडस्पीकर) का इस्तेमाल कर जनसभा की। यह आदर्श आचार संहिता और निषेधाज्ञा का उल्लंघन था। सूचना मिलने पर तत्कालीन अंचलाधिकारी और उड़न दस्ते के निरीक्षण प्रभारी शंकर महतो ने मौके पर जाकर जांच की और पाया कि आचार संहिता का उल्लंघन हुआ है। इसके बाद लालू प्रसाद यादव और परमेश्वर सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

**परमेश्वर सिंह के निधन के बाद अकेले बचे अभियुक्त लालू**

मामले के सह-अभियुक्त परमेश्वर सिंह की मृत्यु हो जाने के बाद मुकदमा अब सिर्फ लालू प्रसाद यादव के खिलाफ चल रहा है। अदालत ने पहले ही धारा 188 आईपीसी (सरकारी आदेश का उल्लंघन) के तहत संज्ञान लेते हुए उन्हें नोटिस भेजा था। बावजूद इसके, यादव की ओर से अदालत में कोई उपस्थिति नहीं हुई।

**दो बार जारी हो चुका है गैर जमानती वारंट**

इस मामले में कोर्ट ने लालू प्रसाद यादव के खिलाफ पहले भी दो बार गैर जमानती वारंट जारी किया था। साथ ही, आदेशों का अनुपालन नहीं करने पर तत्कालीन थाना प्रभारी को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया था। शनिवार को मामले की पुनः सुनवाई निर्धारित थी, लेकिन लालू प्रसाद की ओर से फिर कोई उपस्थिति नहीं हुई। इस पर अदालत ने कड़ा रुख अपनाते हुए उनकी संपत्ति कुर्क करने का आदेश पारित कर दिया।

## मॉनसून को लेकर अगले तीन माह राशन वितरण के समय मे बदलाव

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा अगले तीन माह के लिए जनवितरण दुकान के संचालन को लेकर एक समय सारणी में बदलाव किया गया है। इसको लेकर आपूर्ति विभाग के प्रधान सचिव ने एक पत्र भी जारी किया है। पत्र में आगामी तीन माह में मौनसून और खराब मौसम की परिस्थितियों तथा बाढ़ आदि को लेकर जून, जुलाई एवं अगस्त माह में अनाज के उठाव एवं वितरण को लेकर अलग-अलग तिथि निर्धारित की गई है। उक्त जानकारी देते हुए प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार ने बताया कि खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जारी आदेश के आलोक में आगामी तीन माह के लिए राशन उठाव व वितरण के लिए समय में बदलाव करते हुए विभाग द्वारा एक निर्देश प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि उक्त निर्देश के आलोक में जून माह के राशन का वितरण 21 मई से ही शुरू कर दिया जाएगा जो कि 31 मई तक वितरण होगा। इसी तरह जुलाई माह का राशन एक जून से 15 जून तक वितरण किया जाएगा। वही अगस्त माह का राशन 16 जून से 30 जून तक वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मौनसून को देखते हुए विभाग ने उक्त निर्देश जारी किया है। एमओ ने बताया कि खाद्यान्न का वितरण तीनो माह के लिए अलग-अलग होगा।

**जून, जुलाई एवं अगस्त में राशन विरतण को लेकर समय निर्धारित**

## 186 दिव्यांग बच्चों के चेहरों पर लौटी मुस्कान

**सदर, दरौंदा और मैरवा के संसाधन केंद्रों पर वितरित किए गए सहाय्य उपकरण**

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को सीवान जिला के तीन प्रखंडों सदर, दरौंदा और मैरवा में संचालित संसाधन केंद्रों पर 186 दिव्यांग बच्चों के बीच सहाय्य उपकरणों का वितरण किया गया। सर्व शिक्षा अभियान के समावेशी शिक्षा प्रकोष्ठ के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर और वैशाखी जैसे उपकरणों का वितरण कर बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया।



**समावेशी शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों को मिली सुविधा**

कार्यक्रम के अंतर्गत प्रखंड दरौंदा में चिन्हित 110 बच्चों में से 70, मैरवा में 71 में से 44 और सिवान सदर में 97 में से 72 बच्चों को उपकरण वितरित किए गए। कुल मिलाकर 186 बच्चों को सहायता प्रदान की गई। सहाय्य उपकरण पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। परिजनों की आंखों में भी राहत और उम्मीद की चमक दिखाई दी। बच्चों ने अब स्कूल आने-जाने और पढ़ाई में कोई बाधा न होने की खुशी जाहिर की।

**डीईओ ने खुद बांटे उपकरण, बच्चों को दिया हौसला**

जिला शिक्षा पदाधिकारी ने खुद बच्चों को उपकरण सौंपे और उन्हें प्रोत्साहित करते हुए कहा, ह्लइन सहाय्य उपकरणों से बच्चे अब विद्यालय नियमित रूप से जा सकेंगे और अपने दैनिक जीवन में स्वतंत्रता और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेंगे।

**समावेशी शिक्षा समन्वयक और अन्य अधिकारी रहे मौजूद**

इस अवसर पर जिला समावेशी शिक्षा समन्वयक श्री राजीव रंजन, श्रर मीडिया प्रभारी श्री हरीश कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी श्री संजय कुमार सिंह, ढडए रश्मि रंजन पांडा एवं विभिन्न प्रखंडों के संसाधन शिक्षक उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने बच्चों की जरूरतों को समझते हुए वितरण प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**जनसंपर्क पदाधिकारी ने दी जानकारी**

जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने जानकारी दी कि समावेशी शिक्षा के अंतर्गत बच्चों को सहाय्य उपकरण प्रदान कर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना राज्य सरकार का प्रमुख लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि यह पहल आगे भी जारी रहेगी ताकि कोई भी बच्चा अपनी अक्षमता के कारण पीछे न रह जाए।

## ईवीएम, वीवीपैट, वेयरहाउस का डीएम ने किया निरीक्षण

**एफएलसी कार्यों की ली जानकारी, राजनीतिक दलों से हर दिन प्रतिनिधि भेजने का अनुरोध**

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह- जिला पदाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने भंटा पोखर स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के तहत प्रारंभ किए गए एफएलसी (फर्स्ट लेवल चेकिंग) कार्यों की विस्तार से समीक्षा की।



**एफएलसी में पारदर्शिता के लिए सभी दलों की मौजूदगी जरूरी**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने एफएलसी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी राजनीतिक दलों से अनुरोध किया कि वे प्रत्येक दिन अपने-अपने प्राधिकृत प्रतिनिधि अनिवार्य रूप से उपस्थित करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार एफएलसी कार्यों की गुणवत्ता और निष्पक्षता सर्वोपरि है।

**सीसीटीवी से निगरानी, सुरक्षा व्यवस्था का भी लिया जायजा**

निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस में कार्यरत सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की भी समीक्षा की गई। उन्होंने सुरक्षा कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बिना लॉगबुक में नाम दर्ज किए कोई भी व्यक्ति वेयरहाउस परिसर में प्रवेश न करे। सुरक्षा में कोई चूक नहीं होनी चाहिए। जिला पदाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने वेयरहाउस परिसर की साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूरे परिसर को स्वच्छ और व्यवस्थित रखना अनिवार्य है, जिससे किसी भी स्तर पर अव्यवस्था न हो।

**जनसंपर्क पदाधिकारी ने दी जानकारी, कन्हैया कुमार ने बताया निरीक्षण का उद्देश्य**

जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने जानकारी दी कि वेयरहाउस निरीक्षण का उद्देश्य एफएलसी कार्यों की प्रगति, सुरक्षा और पारदर्शिता को सुनिश्चित करना था। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन करते हुए कार्य कर रहा है।

## 125 महादलित टोलों में लगे विकास शिविर, सैकड़ों लाभार्थियों को मिला योजनाओं का लाभ

**डॉ. आंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत शनिवार को सभी 19 प्रखंडों में हुआ शिविर का आयोजन**

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के 19 प्रखंडों के 125 महादलित टोलों में शनिवार को विशेष विकास शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन डॉ. आंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत किया गया, जिसमें सरकार की विभिन्न योजनाओं से वंचित महादलित परिवारों को लाभ पहुंचाया गया।



**14 अप्रैल से चल रही है सेवा अभियान की विशेष योजना**

बता दें कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल 2025 को 'डॉ. आंबेडकर समग्र सेवा अभियान' की शुरूआत की गई थी। इसके तहत जिले के सभी अनुसूचित जाति एवं जनजाति बहुल टोलों में पंचायत स्तर पर हर बुधवार और शनिवार को विकास शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

**शिविर में ऑन स्पॉट निष्पादन, सैकड़ों को मिला त्वरित लाभ**

शिविर से पहले प्राप्त हुए कई आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। साथ ही, मौके पर मौजूद लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

**सरकार की ये प्रमुख योजनाएं बनीं आकर्षण का केंद्र**

शिविर के दौरान निम्नलिखित योजनाओं पर त्वरित कार्रवाई की गई और सैकड़ों लोगों को लाभान्वित किया गयाः राशन कार्ड (सार्वजनिक वितरण प्रणाली), ई-श्रम कार्ड और बिहार भवन निर्माण बोर्ड में निबंधन, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत कार्ड/हेल्थ कैम्प, विद्यालय में दाखिला, प्रधानमंत्री आवास योजना, आंगनबाड़ी सेवाएं, बासगीत पर्चा, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आधार कार्ड, कुशल युवा कार्यक्रम / कौशल विकास, हर घर नल-जल योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना, पक्की गली-नाली योजना, मनरेगा जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री जन-धन / जीवन ज्योति / सुरक्षा बीमा योजना, बिजली कनेक्शन, जीविका समूह/सतत जीविकोपार्जन योजना, मुख्यमंत्री टोला सम्पर्क योजना, स्वच्छ भारत मिशन और शौचालय योजना युवाओं को बताया गया स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड और कुशल युवा कार्यक्रम के बारे में सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में सरकार का बड़ा कदम शिविर में उपस्थित युवाओं को बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना और कुशल युवा कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

**डीएम के निर्देश पर वरीय अधिकारी रहे मौजूद**

शिविर की मॉनिटरिंग के लिए प्रखंडों में नियुक्त रहे प्रभारी पदाधिकारी ने डॉ. आंबेडकर समग्र सेवा अभियान के विकास शिविरों की निगरानी हेतु सिवान के जिला पदाधिकारी के निदेर्शानुसार प्रखंड स्तर पर वरीय प्रभारी पदाधिकारी भी शिविरों में उपस्थित रहे और योजनाओं के कार्यान्वयन की स्थिति का जायजा लिया।

**जनसंपर्क पदाधिकारी का बयान कन्हैया कुमार ने दी जानकारी**

जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया कि शिविरों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि महादलित समुदायों तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह अभियान अगले कई सप्ताह तक जारी रहेगा।

## जिला परिवहन कार्यालय में डीएम ने की औचक जांच

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को जिला पदाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने जिला परिवहन कार्यालय, सिवान का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की कार्यप्रणाली, खासकर ड्राइविंग लाइसेंस निर्गमन की प्रक्रिया की बारीकी से जांच की। डीएम ने कहा- निरीक्षण के क्रम में डीएम ने ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाने की पूरी प्रक्रिया की गहनता से समीक्षा की। उन्होंने कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि आवेदकों को अनावश्यक विलंब न हो और कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ संपादित हो। 'कार्य में लापरवाही नहीं सहन की जाएगी। जिला पदाधिकारी ने कार्यालय में लंबित सभी कार्यों की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सभी पेंडिंग फाइलों को शीघ्र निष्पादित करें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि कार्य में लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया कि डीएम द्वारा किया गया यह औचक निरीक्षण नागरिकों को त्वरित और बेहतर सेवाएं सुनिश्चित कराने की दिशा में एक अहम कदम है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन परिवहन कार्यालय की कार्यप्रणाली को और अधिक जनोपयोगी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।



## सीवान के सभी शस्त्र प्रतिष्ठानों की होगी जांच

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को जिला समाहरणालय में जिला दंडाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में शस्त्र शाखा से संबंधित कार्यों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में शस्त्र निर्माण इकाइयों और शस्त्र दुकानों की गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की गई। जिला दंडाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिले में संचालित सभी शस्त्र प्रतिष्ठानों और निर्माण इकाइयों के शस्त्र एवं कारतूस के स्टॉक पंजी की स्थिति का गहन निरीक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड में किसी प्रकार की गड़बड़ी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण कार्य के लिए दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया है। यह टीम जिले की सभी शस्त्र दुकानों एवं इकाइयों का मौके पर जाकर भौतिक सत्यापन करेगी और शीघ्र प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी। बैठक में अपर समाहर्ता नवनील कुमार, उप विकास आयुक्त मुकेश कुमार, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, पुलिस उपाधीक्षक सीवान सदर और वरीय उप समाहर्ता विकास कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया कि यह निर्णय शस्त्र कानूनों के कड़ाई से अनुपालन और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से लिया गया है।



## महिला संवाद कार्यक्रम में उमड़ा महिला शक्ति का सैलाब, अब तक 26,806 आकांक्षाओं का हुआ संकलन

**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में महिलाओं की आवाज बुलंद करने की दिशा में चलाया जा रहा महिला संवाद कार्यक्रम अब अपने चरम पर पहुंच चुका है। जिले भर के 1,025 अलग-अलग स्थानों पर आयोजित इस कार्यक्रम में अब तक लगभग 2.4 लाख से अधिक महिलाओं और युवतियों ने हिस्सा लिया है ' शुक्रवार तक कार्यक्रम में 26,806 आकांक्षाओं को दर्ज किया गया है। यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण की दिशा में बिहार सरकार की एक अनूठी पहल है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को सरकार की योजनाओं से जोड़ते हुए उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के तहत विशेष जागरूकता वाहन का उपयोग किया जा रहा है, जो प्रत्येक आयोजन स्थल पर पहुंचकर महिलाओं को महिला सशक्तिकरण से जुड़ी सरकारी योजनाओं पर आधारित वीडियो फिल्में दिखाता है। साथ ही लीफलेट्स के माध्यम से योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी जाती है, ताकि महिलाएं योजनाओं का लाभ उठाकर अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकें। शुक्रवार को अमनौर प्रखंड के कोरिया पंचायत में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुष्पा देवी ने अपने क्षेत्र में आईटीआई कॉलेज की स्थापना की मांग रखी। वहीं बनियापुर प्रखंड की महिलाओं ने गांव स्तर पर सोलर लाइट लगाने की आवश्यकता जताई। उनका कहना था कि बिजली कटौती के समय अंधेरा होने से सुरक्षा संबंधी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। छपरा सदर प्रखंड के लोहरा गांव की लक्ष्मीना देवी ने सार्वजनिक स्थानों पर डस्टबिन लगाए जाने की मांग की।

उन्होंने बताया कि उचित कचरा निस्तारण की व्यवस्था न होने के कारण गांव में गंदगी और बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। मकेर प्रखंड की महिलाओं ने ग्रामीण इलाकों में बिजली बिल की दरों में कटौती की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि वर्तमान दरें अत्यधिक हैं, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर भारी बोझ पड़ रहा है। मांझी प्रखंड के बालेसरा पंचायत की रितु देवी ने छात्राओं के लिए स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना की ऋण सीमा को चार लाख से बढ़ाकर पंद्रह लाख रुपये किए जाने का सुझाव दिया, ताकि उच्च शिक्षा की राह आसान हो सके। वहीं, परसा प्रखंड के श्रीरामपुर गांव की अनु देवी ने सुझाव दिया कि प्रत्येक प्रखंड स्तर पर महिलाओं के लिए विशेष बैंक शाखा की स्थापना हो, जहां महिला ग्राहकों के लिए महिला स्टाफ हो, जिससे वित्तीय सेवाओं तक उनकी पहुंच सहज और सुरक्षित बन सके। तरैया की रामकली देवी ने जीविका ग्राम संगठन की नियमित बैठकों के लिए एक जीविका भवन की मांग की। उन्होंने कहा कि इससे बैठकों के संचालन में सुविधा होगी और महिलाओं की भागीदारी भी बढ़ेगी। कार्यक्रम में भाग लेने वाली महिलाओं ने अन्य ग्रामीण महिलाओं से भी अपील की कि वे आगे आएं और संवाद कार्यक्रम में अपनी भागीदारी दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि यह एक सुनहरा अवसर है, जिससे हम सभी अपने विचार और आकांक्षाएं साझा कर राज्य के नीति-निर्माण में भागीदार बन सकते हैं। यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत कदम साबित हो रहा है, जिसकी व्यापक सराहना हो रही है।





### ट्रेन का इंतजार कर रही महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**एकमा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा रेलवे स्टेशन पर अप कटिहार-अमृतसर आम्रपाली एक्सप्रेस से दिल्ली जाने की तैयारी कर रही एक महिला यात्री की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान दाउदपुर थाना क्षेत्र के धर्मपुरा गांव निवासी प्रभावती देवी (55) के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार प्रभावती देवी दिल्ली में अपने परिवार के पास जा रही थीं। वह प्लेटफॉर्म पर ट्रेन का इंतजार कर रही थीं, इसी दौरान अचानक गिर पड़ीं। स्टेशन पर मौजूद लोगों ने जब देखा कि वह होश में नहीं हैं तो सूचना रेलवे पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### वाहन चेकिंग के दौरान 50 वाहनों की जांच, 4000 का जुर्माना

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फरार वारंटी के खिलाफ चल रहे अभियान के दौरान लहसुना पुलिस ने शनिवार की देर शाम को कराय गांव बाजार में घंटों वाहन चेकिंग अभियान चलाया, जहां तकरीबन 50 वाहनों में जुर्माना लगाया, लहसुना थानाध्यक्ष खुशबु खातून ने बताया के वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर समय-समय पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जाता है। ऐसे शनिवार की देर शाम तक तकरीबन डेढ़ घंटे तक वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया है, जहां 50 से अधिक वाहनों की तलाशी ली गई है और ₹4000 जुर्माना वसूली गई है। समय-समय पर फरार वारंटी के खिलाफ या अभियान चलता रहेगा।

### चोकर से भरे ट्रक को अज्ञात बदमाशों ने किया गायब

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना के वीर स्थित चोरपुलवा के पास सड़क किनारे लगी एक चोकर से भरे ट्रक को अज्ञात बदमाशों ने गायब कर दिया. उक्त ट्रक सिगोड़ी थाना के शाहचक गांव निवासी दीपक कुमार की थी. बताया जाता है कि दीपक कुमार स्वयं उस ट्रक को चलाया करता था. बताया जाता है कि बीते 14 मई की शाम वह वीर ओरियारा स्थित आटा मिल से चोकर लोडकर बिहटा जा रहा था, इसी बीच ट्रक की पत्ती और बुश अचानक खराब हो गयी . बाद में चालक ने उक्त ट्रक को चोरपुलवा के पास खड़ा कर पास स्थित लाइन होटल में खाना खाने चला गया.खाना खाने के बाद वह होटल में ही सो गया. बाद में जब वह सुबह उठा तो उसका ट्रक उस स्थान पर नहीं था . इस संबंध में उसने धनरूआ थाना में अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है.इधर पुलिस ने बताया कि मामले की जांच में पुलिस जुटी है.

### जमीन विवाद में मारपीट, तीन महिलाएं घायल

**सिसवन/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के माधोपुर ट्रेनवा गांव में शनिवार को आपसी जमीन विवाद को लेकर मारपीट की घटना हुई, जिसमें तीन महिलाएं घायल हो गईं। घायलों में स्थानीय निवासी विश्वकर्मा यादव की पत्नी गीता देवी, प्रेम प्रकाश यादव की पुत्री विभा कुमारी और मुसाफिर यादव की पत्नी सीता देवी शामिल हैं। सभी घायलों का इलाज सिसवन रेफरल अस्पताल में कराया गया। पीड़ितों ने इस घटना की सूचना स्थानीय थाना पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आपसी रंजिश में मारपीट, अधेड़ व्यक्ति घायल

**सिसवन/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चैनपुर ओपी क्षेत्र के रामगढ़ गांव में आपसी रंजिश को लेकर हुई मारपीट में एक अधेड़ व्यक्ति घायल हो गया। घायल की पहचान स्थानीय निवासी रामबदन महतो के पुत्र रामबालक के रूप में हुई है। उसे इलाज के लिए सिसवन रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित पक्ष ने घटना की जानकारी चैनपुर ओपी पुलिस को दी है।

### आपसी विवाद में मारपीट, एक घायल

**सिसवन/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के गंगपुर सिसवन गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में एक अधेड़ व्यक्ति घायल हो गया। घायल की पहचान स्थानीय निवासी रामायण बिन के पुत्र मधुसूदन बिन के रूप में की गई है। उसका इलाज सिसवन रेफरल अस्पताल में कराया गया। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

### युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास, हालत गंभीर

**सिसवन/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चैनपुर ओपी क्षेत्र के बावनडीह गांव में एक युवक ने पारिवारिक विवाद से परेशान होकर आत्महत्या का प्रयास किया। युवक की पहचान मानव प्रसाद के पुत्र राजू कुमार के रूप में हुई है। शनिवार को दोपहर में उसने फांसी लगाकर जान देने की कोशिश की, लेकिन समय रहते परिजनों ने देख लिया और उसे अचेत अवस्था में सिसवन रेफरल अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद राजू को गंभीर हालत में सिवान सदर अस्पताल रेफर किया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

### डॉ. अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत शिविर का आयोजन

**सिसवन/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** डॉ. आंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत शनिवार को सिसवन प्रखंड की बघौना पंचायत के नोनिया पट्टी, घुरघाट के रामपुर सहित लगभग आधा दर्जन गांवों में विशेष शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदाय के लोगों की समस्याएं सुनी गईं और उन्हें सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में पीएम आवास योजना, मनरेगा, आयुष्मान भारत योजना आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। उपस्थित ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिनके समाधान का आश्वासन दिया गया। शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार, सांख्यिकी पदाधिकारी सुशील कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। शिविर का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना रहा।

### फिलिस्तीनी झंडा लहराने का आरोपित गिरफ्तार

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुहर्रम जुलूस में फिलिस्तीनी झंडा लहराने वाले युवक को शिकारपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार युवक की पहचान शिकारपुर थाना क्षेत्र के दिउलिया गांव निवासी आफताब आलम के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि पिछले वर्ष मुहर्रम जुलूस में शिवगंज चौक के समीप एक युवक द्वारा फिलिस्तीनी झंडा लहराया गया था। जिसका एक वीडियो सामने आया था वीडियो क्लिप से युवक की खोजबीन कर उसे शुक्रवार की रात्रि में गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### पाड़ा वध के मामले में केस दर्ज, एक गिरफ्तार

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अवैध तरीके से भैंस वंशीय पशु (पाड़ा) का वध करने के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। जिसमें पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला भंगहा थाना क्षेत्र के धूमाटांड गांव का है। बताया जाता है कि भैंस वध करने के मामले में एक विडियो वायरल हुआ जिसमें भंगहा पुलिस ने इस मामले में की जांच की। जांचोपरांत मामला खुलकर सामने आयी। थानाध्यक्ष दिपक प्रसाद ने बताया कि इस मामले में दो लोग नामजद है जबकि दो अन्य अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मुस्लिम अंसारी का पुत्र समीर अंसारी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### सड़क हादसे में बिहार पुलिस के चालक की मौत

**बिहटा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहटा प्रखंड के पथलौटिया गांव निवासी बृजनंदन राय का पुत्र सह बिहार पुलिस का चालक मिथलेश कुमार का सुपौल जिले में सड़क हादसे में मौत हो गई। मौत की सूचना मिलने के बाद मृतक के परिजन व गांव में मातम छा गया।जानकारी के अनुसार बिहार पुलिस का हवलदार सह चालक मिथलेश कुमार बीते दिन शुक्रवार की शाम पटना पुलिस लाइन से सरकारी वाहन को लेकर पूर्णिया के लिए रवाना हुआ था।तभी सुपौल जिला के प्रतापगंज के पास शनिवार की अल्हे सुबह गाड़ी को सड़क किनारे कर थोड़ी देर के लिए रुके तभी ही वाहन से बाहर निकल ही रहा था,कि पीछे से तेज गति से आ रही अज्ञात ट्रक ने रौंदते हुए फरार हो गया।इधर घायल अवस्था में लोगों ने इलाज के लिए निजीनअस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।मौत के बाद पूर्णिया पुलिस लाइन में पूर्णिया एसपी और तमाम पुलिस कर्मियों ने श्रद्धांजलि दी और पूर्णिया एसपी ने परिजनों से मुलाकात किया। मृतक की पत्नी माधुरी कुमारी और बेटी का रो रो कर हाल बेहाल है।मृतक मिथलेश कुमार 2017 में बिहार पुलिस में हवलदार चालक के पद पर ज्वाइन किया था ।2020 में माधुरी कुमारी से शादी हुई थी। फिलहाल एक 4 साल की बेटी है। इधर मौत के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। फिलहाल मृतक के परिजन शव को लेकर अपने पैतृक गांव बिहटा के पथलौटिया पहुंच कर मनेर के हल्दी छपरा में अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### अतिपिछड़ा चेतना संवाद कार्यक्रम आयोजित

**दिघवारा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नयागांव थाना क्षेत्र के रसूलपुर पंचायत में अतिपिछड़ा चेतना संवाद कार्यक्रम का आयोजन वकील महतो के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता उपेंद्र सिंह मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी और लाभार्थियों से संवाद भी किया। कार्यक्रम में भाजपा सोनपुर पश्चिमी मंडल अध्यक्ष संजीत चौरसिया, मंडल महामंत्री मनोरंजन पटेल, पूर्वी मंडल मंत्री राकेश दांगी, सतेंद्र सिंह, शिवजी महतो, सुधन महतो, सुपन महतो, नंदा महतो, कन्हाई साहनी, परशुराम सिंह, धर्मेंद्र चौधरी, पृथ्वी महतो, राहुल कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# गर्मी का पारा चढ़ते ही हाफ रहे हैं ट्रांसफार्मर, हो रहा पानी का छिड़काव



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एक ओर जहां भीषण गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है तो दूसरी ओर पावर सबस्टेशन के ट्रांसफार्मर भी गर्म होकर जवाब दे रहे हैं. इसके कारण तार जल जा रहे हैं और कई घंटे बिजली सप्लाई बाधित हो जा रही है, भीषण गर्मी में सुचारू रूप से बिजली सप्लाई चुनौती के रूप में होती है, लेकिन बिजली विभाग ने सुचारू बिजली के लिए कई उपाय निकाले हैं।अब बिजली विभाग ने पावर ट्रांसफॉर्मर को नॉर्मल बनाए रखने के लिए ट्रासफार्मर पर पानी का पटवन के साथ उसके अर्थींग को ठंडा रखने के लिए निचे गड्ढा बनाकर पानी भरा जा रहा है।वहीं भीषण गर्मी के मौसम में बिजली की खपत बढ़ गई है. बिजली के पावर ट्रांसफार्मर पर काफी लोड बढ़ गया है. पूर्व में 70 मेगावाट बिजली की खपत होती थी, लेकिन अब सौ मेगावाट तक की खपत हो रही है.डिस्ट्रीब्यूशन ओवरलोड होने से मसौढी मुख्यालय ग्रीड और पुनपुन सब स्टेशन, दरीयापुर सबस्टेशन, पभेडा सबस्टेशन और कादिरगंज सबस्टेशन स्टेशन के ट्रांसफार्मरों का बुरा हाल है। एसडीओ राजेश कुमार ने कहा की भीषण गर्मी के बीच सब स्टेशन के ट्रांसफार्मरों को नॉर्मल तापमान में रखने के लिए, पानी का छिड़काव किया जा रहा है. पावर सब स्टेशन के ट्रांसफार्मर के नॉर्मल होने से बिजली सुचारू रूप से सप्लाई होने में मदद मिलेगी। वही एक्सक्यूटिव इंजीनियर पवन कुमार ने बताया कि मसौढ़ी शहर में तकरीबन 16 हजारों कंज्यूमर है और इंडस्ट्रीयल कंज्यूमर 40 से अधिक होंगे, ऐसे में बिजली की खपत गर्मी के दिनों में बढ़ जाती है जिसको लेकर ट्रांसफार्मर पर लोड बढ गया है।

# पीरपैंती रेलवे स्टेशन बहुत जल्द अमृत भारत स्टेशन के रुप में परिवर्तित होगा

**भागलपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में पूर्व रेलवे के मालदा मंडल को सर्वाधिक राजस्व देने वाला पीरपैंती रेलवे स्टेशन बहुत जल्द अमृत भारत स्टेशन के रुप में परिवर्तित होगा और इसके सभी कार्य अंतिम चरण में हैं। मालदा मंडल के प्रभारी रेल प्रबंधक यतीश कुमार ने आज यहां बताया कि साहिबगंज - भागलपुर रेलखंड पर स्थित पीरपैंती स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सभी कार्य लगभग पूरा हो चुका है। जिसमें सकुर्लेटिंग एरिया, वेटिंग रुम, अराइवल ब्लॉक, वेटिंग हॉल, एक्सक्युटीव लॉज, बिजली टावर आदि का निर्माण शामिल है। इसके अलावा बचे कार्य तेजी से कराये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सभी कार्य पूरा होने के बाद अमृत भारत स्टेशन के रुप में विकसित पीरपैंती स्टेशन का शुभारंभ इसी महीने (मई)में किया जाएगा। इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई है। कई आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित अमृत भारत पीरपैंती स्टेशन पर रेल यात्रियों को किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। श्री कुमार ने बताया कि इस स्टेशन (पीरपैंती)से रेल रैक के जरिए दक्षिण भारत को मक्का भेजने की व्यवस्था को बेहतर बनाने और व्यापारियों की सुविधा के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। अभी मक्का लदे 42 डिब्बे वाले रेल रैक सप्ताह में दो बार पीरपैंती से चल रही है। जिससे मालदा रेलमंडल को एक अच्छा खासा राजस्व मिल रहा है। मंडल रेल प्रबंधक ने बताया कि मालदा मंडल के सबौर, राजमहल, कहलगांव, मुंगेर, सुल्तानगंज, जमालपुर, आदि जगहों पर अमृत भारत स्टेशन का काम तेजी से चल रहा है और निर्धारित अवधि में काम पूरा होने के बाद आधुनिक रुप से यात्री सुविधाओं का विस्तार होगा।

# अपराध की योजना बना रहे अपराधियों को पुलिस ने खदेड़ा, एक पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस, दो बाइक जप्त

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिते शुक्रवार की शाम अपराध की योजना बना रहे कुछ युवकों के बारे में पुलिस को भनक लगी, ऐसे में मसौढ़ी थाना क्षेत्र के तिनेरी स्टेडियम के पास डायल 112 और मसौढ़ी पुलिस की गस्ती गाड़ी ने सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची, जहां पर पुलिस को देखते ही सभी युवक आनन फानन में भागने लगे। इस दौरान एक पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस और दो बाइक बरामद की गई है। थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि कुछ चार-पांच युवक तिनेरी स्टेडियम के पास बैठकर कुछ अपराध की योजना बना रहे हैं ऐसे में सबसे पहले डायल 112 के साथ पुलिस गश्ती की गाड़ी जैसे ही स्टेडियम के पास पहुंची पुलिस की गाड़ी देखते ही सभी अपराधी इधर-उधर भागने लगे इस दौरान पिस्तौल कारतूस जप्त की गई है और वहीं पर दो बाइक को भी जप्त किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों बाइक की जानकारी ली जा रही है यह किसकी बाइक है उसके आधार पर फरार अपराधियों की पहचान होगी और पूरे मामले की तहकीकात की जाएगी। बहरहाल बीते गुरुवार की देर रात को पटना गया फोरलेन पर गोपालपुर मठिया के पास में मुकेश टेंट हाउस से ताला तोड़कर 10 लाख रुपए से अधिक के सामान चोरी हो गई है इसी घटना क को लेकर पुलिस लगातार विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर रही है।

# फरार कुख्यात शंकर यादव हथियार के साथ गिरफ्तार

**भागलपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में भागलपुर जिले के भवानीपुर थाना क्षेत्र में आज पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे एक कुख्यात अपराधी शंकर यादव को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। नवगछिया की पुलिस अधीक्षक प्रेरणा कुमारी ने शनिवार को यहां बताया कि इस थाना क्षेत्र के बलहा गांव में एक श्राद्ध कर्म में कुख्यात अपराधी शंकर यादव के द्वारा हौ - हंगामा करने की सूचना पर स्थानीय थाने से पुलिस की विशेष टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर कुख्यात शंकर यादव को दबोच लिया। उन्होंने बताया कि पकड़े गए अपराधी के पास से एक देशी मास्केट और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है और उसके विरुद्ध हत्या,लूट आर्म्स एक्ट, रंगदारी आदि से संबंधित कई मामला भवानीपुर तथा बिहपुर थानों में दर्ज है।वह लंबे समय से फरार चल रहा था।

# धनरूआ में महादलित विशेष शिविर में शामिल हुए जिला कल्याण पदाधिकारी

## लाभुकों के बीच किया प्रमाण पत्र वितरण



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डॉ भीमराव अंबेडकर सम्रग सेवा अभियान के तहत शनिवार को धनरूआ के सोनमई पंचायत के औरंगपुर महादलित टोला के सामुदायिक भवन में सरकार आपके द्वार के तर्ज पर विशेष शिविर का आयोजन किया गया,विशेष शिविर के माध्यम से अभियान चलाकर लोक कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित व्यक्तियों को ऑनस्पॉट लाभ दिलाया गया। मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी शिविर में शामिल हुए और लाभुकों के बीच कई योजनाओं का प्रमाण पत्र वितरण किया, जिसमें 40 जन्म प्रमाण पत्र,03 मनरेगा जॉब कार्ड, 17 आधार कार्ड, तीन आयुष्मान कार्ड,पांच राशन कार्ड वितरण किया गया। कार्यक्रम में सीडीपीओ अर्चना कुमारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अंकित कुमार, आदी शामिल रहे, जिला कल्याण पदाधिकारी राणा बैद्यनाथ कुमार सिंह ने बताया कि शिविर में पीडीएस, आंगनबाड़ी में न,जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र, कौशल विकास कार्यक्रम, मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना, स्वयं सहायता भत्ता योजना, ई-श्रम कार्ड में निबंधन, आयुष्मान कार्ड, सामाजिक सुरक्षा,, मनरेगा जॉब कार्ड, जीवन ज्योति आदी योजनाओं का लाभ दिया गया। इसके अलावा धनरूआ के देवदाहा,नद्पुरा में भी विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जहां प्रखंड विकास प्राधिकारी सीमा कुमारी शामिल हुई और लाभुकों को जन्म प्रमाण पत्र आधार कार्ड आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया और कई योजनाओं को लाभ दिया।

# कृषि मंत्री की अध्यक्षता में किसान कल्याण संवाद व किसान सम्मान कार्यक्रम आयोजित



**मुजफ़्फरपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उपमुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में किसान कल्याण संवाद कार्यक्रम एवं युवा किसान सम्मान कार्यक्रम का आयोजन गोबरसही में किया गया। माननीय उपमुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह को संबोधित करते हुए कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने कार्यक्रम की प्रासंगिकता एवं उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि किसान कल्याण संवाद कार्यक्रम सरकार की एक अनूठी पहल है जो बदलते वक्त के अनुरूप किसानों की बदलती जरूरत के अनुसार किसानों से ही आवश्यक फीडबैक, सुझाव, समस्या जानना चाहती है। ताकि बदलते वक्त के अनुरूप किसानों के हित में योजनाओं का निर्माण एवं प्रभावी क्रियान्वयन किया जा सके। इस कार्यक्रम में सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किसानों का विचार भी प्राप्त किया गया। उन्होंने मुजफ्फरपुर में वृहद बाजार उपलब्ध होने तथा लीची , आम शहद के लिए जिला के किसान प्रगतिशील हैं। उन्होंने आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती की जरूरत बताते हुए युवा किसानों से भागीदार बनने की जरूरत बताया। कार्यक्रम में सभी किसानों ने बताया कि सरकारी सहायता, प्रशिक्षण प्राप्त कर तथा सरकारी योजनाओं से लाभ लेकर आमदनी प्राप्त कर रहे हैं।

मंत्री ने कहा कि प्रखंड कृषि कार्यालय में कृषि विभाग की योजनाओं की विस्तृत जानकारी लगवा दें ताकि किसानों को जानकारी मिले। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग का कॉल सेंटर संचालित है जिसका नंबर 18001801551 है। उन्होंने किसानों के सहयोग के लिए प्रखंडवार व्हाट्सएप ग्रुप बनाने का निर्देश जिला कृषि पदाधिकारी को दिया। इससे अधिकाधिक किसानों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिलेगा। समारोह को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री ने कहा जय जवान, जय किसान के उद्घोष के साथ किसानों के लगन, मेहनत की तारीफ की तथा उनका अभिनंदन एवं नमन किया। उन्होंने विज्ञान, तकनीक एवं अनुसंधान को समय की मांग बताया। उन्होंने कृषि रोड मैप को धरातल पर उतारने तथा युवा किसानों को आगे आने की आवश्यकता पर बल दिया। उपमुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा के कर कमलों द्वारा किसानों को सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को प्रशस्ति- पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

1. श्री गौतम कुमार मुसहरी ब्लॉक, 2. श्रीमती सुलेखा देवी मुसहरी ब्लॉक, 3. श्री चंद्रभूषण ठाकुर, 4. श्री गुड्डू कुमार ठाकुर मुसहरी, 5. श्री सुधीर कुमार मुसहरी प्रखंड।

कार्यक्रम में माननीय मंत्री पंचायती राज विभाग श्री केदार प्रसाद गुप्ता, माननीय सांसद श्रीमती वीणा देवी, विशेष सचिव कृषि विभाग श्री वीरेंद्र प्रसाद यादव कृषि निदेशक श्री नितिन कुमार सिंह जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर श्री सुब्रत कुमार सेन उप विकास आयुक्त श्री श्रेष्ठ अनुपम सहित कई अन्य अधिकारी जनप्रतिनिधि एवं भारी संख्या में किसान भाई एवं किसान बहन उपस्थित थे।

# शादी वाले रथ पर गिरा हाई टेंशन तार, दो चचेरे भाईयों की मौत

## रथ में लगी आग, गांव में छाया मातम





**डेरनी (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डेरनी थाना क्षेत्र के पिरारी गांव में देर रात एक दर्दनाक हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। शादी समारोह के लिए सजे रथ पर हाई टेंशन विद्युत तार गिरने से रथ में आग लग गई और करंट की चपेट में आने से दो चचेरे भाईयों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान भेल्दी थाना क्षेत्र के बसौता गांव निवासी वासुदेव सिंह के पुत्र अनीश कुमार (18) एवं उसका चचेरा भाई आलोक कुमार के रूप में हुई है। दोनों युवक रथ पर चालक व खलासी का कार्य करते थे। परिजनों के अनुसार दोनों युवक रथ लेकर सिरसिया गांव बारात छोड़ने गए थे। वहां से रात करीब एक बजे पिरारी गांव स्थित अपने मामा ज्योति कुमार प्रसाद के घर लौटे। जैसे ही रथ घर के बाहर रुका, उसके ऊपर से गुजर रहा 11 हजार वोल्ट का हाई टेंशन तार टूटकर रथ पर गिर पड़ा। करंट लगने से दोनों युवकों की रथ पर ही दर्दनाक मौत हो गई और रथ में आग लग गई। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों में भी घटना को लेकर आक्रोश है। मृतकों के मामा ज्योति कुमार प्रसाद ने बिजली विभाग की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने बताया कि उक्त तार पूर्व में भी टूट चुका था, जिसकी मरम्मत ठीक से नहीं की गई थी। सूचना पर पहुंची डेरनी थाना पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव जैसे ही गांव पहुंचे, पूरे बसौता गांव में कोहराम मच गया। एक साथ दो अर्थियां उठने से गांव का माहौल गमगीन हो गया।

घटना की सूचना पर अमनौर बीडीओ राजीव कुमार, मुखिया प्रतिनिधि नागेश्वर चौहान, जदयू प्रखंड अध्यक्ष राम सिंगार सिंह, कांग्रेस नेता हरेश राय, सत्येंद्र कुमार सिंह, राम जिनीश सिंह, अविनाश सिंह व अन्य जनप्रतिनिधियों ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर सांत्वना दी। प्रशासन की ओर से श्रम संसाधन विभाग व सरकार द्वारा मुआवजा देने की बात कही गई है।

# पीजी रेलखंड के नीमा हॉल्ट के प्लेटफार्म पर पसरी गिट्टी, यात्रियों को हो रही परेशानी



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना गया रेल खंड के नीमा हॉल्ट पर इन दिनों प्लेटफार्म पर गिट्टी इस कदर पसरा हुआ है कि रोजाना यात्रीयों को ट्रेन पर चढ़ने के दौरान कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल,रेलवे ट्रैक सफाई के दौरान जो छोटी-छोटी गिट्टी के टुकड़े बाहर निकाला गया था उसे रेलवे कर्मचारियों द्वाराप्लेटफार्म संख्या 1 एवं 2 पर पिछले 10 दिनों से पूरी तरह से बिखरा छोड दिया गया है, जिसे न केवल ट्रेन पर चढ़ने और उतरने के दौरान यात्रियों को कई तरह के फजिया झेलना पड़ रही है बल्कि सुबह और शाम को मॉर्निंग वॉक करने वाले बुजुर्गों को भी चलना मुश्किल हो गया है वही पीडीआई के मनोहर लाल ने बताया कि जल्द उसे सभी गिट्टी को हटा लिया जाएगा, नदवा पंचायत के मुखिया शंकर कुमार सिंह पंचायत समिति सदस्य धर्मेंद्र रजक आदि ने बताया किया रेलवे कर्मचारियों की लापरवाही है पिछले 10 दिनों से गिट्टी को ऐसे ही प्लेटफार्म पर छोड़ दिया गया हैं, बहुत परेशानी हो रही है इस पर गंभीरता लिया जाए।

# लायंस क्लब आफ मेदिनीनगर ने छह मुहान के नगर निगम परिसर में पुनर्स्थापित की नेकी की दीवार

## जरूरतमंदों के लिए वस्त्र सहित अन्य आवश्यक सामग्री का होगा वितरण ● लायंस क्लब आफ मेदिनीनगर के सदस्य बनेंगे नगर आयुक्त





**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाजसेवा को समर्पित लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर व नगर निगम मेदिनीनगर के संयुक्त प्रयास से नेकी की दीवार का एक नया व प्रभावशाली स्वरूप सामने आया है। जरूरतमंदों के लिए वस्त्र व अन्य आवश्यक सामग्री वितरण केंद्र की पुनर्स्थापना छहमुहान स्थित नगर निगम कैंपस में की गई। साथ ही राहगीरों के लिए शीतल जल के साथ सत्तू का शरबत भी उपलब्ध कराया गया। नेकी की दीवार व प्याऊ का उद्घाटन मेदिनीनगर के नगर आयुक्त जावेद अहमद ने किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में लायंस क्लब मेदिनीनगर के समाज के प्रति योगदान की सराहना की। कहा कि वे क्लब की सामाजिक सक्रियता से अत्यंत प्रभावित हैं। पहले भी क्लब के किए गए कार्यक्रम में शामिल होते रहे हैं। इसी भावनात्मक जुड़ाव के चलते आप सब के द्वारा किए गए पहल पर वे क्लब के सदस्य बनने को तैयार हैं।

उन्होंने कहा कि बहुत सारे गरीब लोग हैं, जिन्हें कपड़े की सख्त जरूरत है। नेकी की दीवार के माध्यम से क्लब द्वारा गरीबों को कपड़े उपलब्ध कराना बड़ी बात है। इससे भी बड़ी बात प्रचंड गर्मी में राहगीरों के सूखे कंठ को शीतल जल पिलाना व उसके साथ ही सत्तू का शरबत पिलाना पुण्य का कार्य है। मौके पर लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संजय कुमार ने कहा कि वे लायंस क्लब आफ मेदिनीनगर की सक्रियता से अत्यंत प्रभावित हैं। भविष्य में किसी भी सामाजिक परियोजना के लिए क्लब को फंड की आवश्यकता होने पर उसका 50 प्रतिशत हिस्सा लायंस क्लब इंटरनेशनल के माध्यम से उपलब्ध कराने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे लायंस क्लब आफ मेदिनीनगर के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ ने कहा कि क्लब की स्थापना को मात्र दो वर्ष हुए हैं। इस अवधि में क्लब को समाज के साथ-साथ प्रशासन का भी भरपूर सहयोग मिला है। उन्होंने चौहान चौक स्थित नगर निगम परिसर उपलब्ध कराने के लिए नगर आयुक्त का आभार व्यक्त किया । कहा कि नगर आयुक्त ने शहर के हृदय स्थल पर महत्वपूर्ण परिसर जरूरतमंदों की सेवा हेतु उपलब्ध कराया है। कहा कि नेकी की दीवार न केवल जरूरतमंदों की सहायता का माध्यम बनेगी बल्कि समाज में परस्पर सहयोग व करुणा की भावना को भी मजबूती देगी। इस सारगर्भित व प्रेरणादायक पहल ने मेदिनीनगर में सामाजिक समर्पण व नागरिक सहभागिता की एक नई मिशाल पेश की है।आने वाले समय में शहर को और अधिक संवेदनशील व सशक्त बनाएगी। कहा कि वर्षा ऋतु में मेदिनीनगर शहर को हराभरा करने को पौधा रोपण अभियान चलाया जाएगा। इसमें नगर निगम व लायंस क्लब मिलकर कार्य करेंगे। आवश्यकता अनुसार शहर के अन्य सामाजिक कार्यों में भी क्लब की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। मौके पर ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद अपनी टीम के साथ उपस्थित होकर क्लब का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम का संचालन निलेश चंद्र व विषय प्रवेश लायन इंद्रजीत सिंह डिंपल ने किया। मौके पर फेमिना की अध्यक्ष ममता तुलस्यान, अरविंदर कौर व पूरी टीम, आलोक माथुर, पियूष तुलस्यान, समीर खन्ना, एडवोकेट लिली मिश्रा, राघवेंद्र सिंह, आकांक्षा जायसवाल, प्रियंका आनंद साहू, वरुण जायसवाल, ऋषिकेश दुबे, अनूप कुमार, अमुक प्रियदर्शी, मनोज सोनी, रोहित जैन, फिरोज अंसारी, नवदीप सिंह, विकास सेठी, मुकेश अग्रवाल, गुरूवीर सिंह, श्रीकांत कुमार, डॉक्टर अमित कुमार, डॉक्टर रविश कुमार, आनंद वर्धन व रंजीत कुमार मिश्रा उपस्थित थे।

# हत्या का प्रयास एवं आर्म्स एक्ट मामले में फरार दो अपराधी गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ पुलिस ने डोमन बिगहा गांव से हत्या का प्रयास एवं आर्म्स एक्ट मामले में फरार चल रहे दो अपराधियों को अपने खेत में गेहूं की फसल काटने के दौरान उसके खेत से गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार ने बताया कि यह मामला डोमन बीघा में 20 जनवरी की है जहां पर वादी नगीना सिंह पिता स्वर्गीय सिद्धेश्वर प्रसाद के साथ पुरानी रंजिश में हिंसक मारपीट की गई थी, जहां चार लोग इस मामले में नामजद अभियुक्त बनाए गए थे, प्राथमिकी दर्ज होने के तुरंत बाद एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया था, अन्य सभी लोग फरार चल रहे थे, ऐसे में गुप्त सूचना के आधार पर जानकारी मिली कि यह दो फरार अपराधी अपने खेत में गेहूं कटवा रहा है जिसे मौके पर केस के इंचार्ज अंकित कुमार ने दलबल के साथ जाकर उसे गिरफ्तार कर लिया है। अनुसंधानकर्ता अंकित कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी पर कई मामले पहले से भी दर्ज हैं।

# प्रज्ञानंद ने सुपरबेट शतरंज क्लासिक टूर्नामेंट जीता

## टाइब्रेकर से हुआ विजेता का फैसला



**बुकारेस्ट (रोमानिया) एजेंसी।** प्रज्ञानंद, वाचियेर लाग्रेव और फिरोजा नौ दौर के बाद 5.5 अंक लेकर बराबरी पर थे जिससे विजेता का फैसला त्रिकोणीय टाइब्रेकर से हुआ। भारत के आर प्रज्ञानंद ने अलीरजा फिरोजा और मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव के साथ रोमांचक टाइब्रेक प्लेआफ मुकाबला जीतकर सुपरबेट शतरंज क्लासिक टूर्नामेंट अपने नाम किया। जीत के बाद प्रज्ञानंद ने एक्स पर लिखा, अविश्वसनीय अनुभव। अभी अभी बुकारेस्ट में सुपरबेट शतरंज क्लासिक टूर्नामेंट जीता। मेरी टीम और सहयोगियों को लगातार हौसलाअफजाई करने के लिए धन्यवाद। प्रज्ञानंद, वाचियेर लाग्रेव और फिरोजा नौ दौर के बाद 5.5 अंक लेकर बराबरी पर थे जिससे विजेता का फैसला त्रिकोणीय टाइब्रेकर से हुआ। टाइब्रेकर में पहली दो बाजियां ड्रॉ रहने के बाद प्रज्ञानंद ने तीसरी बाजी और खिताब जीता। भारत के विश्व चैंपियन डी गुकेश चार अंक लेकर नौवें स्थान पर रहे। अब ग्रैंड शतरंज टूर का अगला टूर्नामेंट सुपर युनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज एक जुलाई से क्रोएशिया में खेला जाएगा।

- **12 साल की उम्र में रचा था इतिहास** – प्रज्ञानंद के लिए साल 2018 खास रहा। वह महज 12 साल की उम्र में ही ग्रैंडमास्टर बन गए थे। वह भारत के सबसे युवा ग्रैंडमास्टर बने थे। इस मामले में उन्होंने विश्वनाथन आनंद को पीछे छोड़ा था। आनंद 18 साल की उम्र में ग्रैंडमास्टर बने थे। प्रज्ञानंद दुनिया के दूसरे सबसे युवा ग्रैंडमास्टर बने थे। उनसे आगे सिर्फ यूक्रेन के सिर्जी कर्जाकिन हैं। वह साल 1990 में सिर्फ 12 साल की उम्र में ग्रैंडमास्टर बन गए थे।
- **प्रगनाननंदा को पसंद है क्रिकेट** – प्रज्ञानंद शतरंज के अलावा क्रिकेट का भी शौक रखते हैं। मौका मिलने पर वो क्रिकेट मैच खेलने भी जाते हैं। हालांकि, शतरंज में करियर बनाने के चलते उन्होंने क्रिकेट के मैदान पर कोई उपलब्धि नहीं हासिल की है, लेकिन उन्हें क्रिकेट खेलने और मैच देखने का शौक है।

# शुभमन पर सवाल उठाने वाले देखें उन्होंने कितने रन बनाए हैं: रवि शास्त्री

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने रोहित शर्मा के संन्यास के बाद शुभमन गिल और ऋषभ पंत का समर्थन करते हुए कहा कि इनमें से किसी एक को टेस्ट टीम के कप्तान की जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। आईसीसी पोर्टल से बातचीत में शास्त्री ने चयनकर्ताओं से भविष्य की सोच अपनाने का आग्रह किया और कहा कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर नेतृत्व का दबाव नहीं डाले जाना चाहिए। शास्त्री ने कहा कि मेरे





लिए, ऑस्ट्रेलिया के बाद जसप्रीत स्पष्ट विकल्प होता। लेकिन मैं नहीं चाहता कि जसप्रीत को कप्तान बनाया जाए और फिर आप उसे गेंदबाज के रूप में खो दें। उन्होंने तेज गेंदबाज की पीठ की चोट का जिक्र करते हुए कहा कि उन्हें एक बार में एक खेल के लिए अपने शरीर पर ध्यान देना होगा... और आखिरी चीज जो आप चाहते हैं वह यह है कि कप्तान होने के नाते उनके दिमाग पर दबाव न हो। उन्होंने कहा कि बुमराह की बजाय 25 वर्षीय गिल और 26 वर्षीय पंत के लिए पिच की, दोनों के पास एक दशक का क्रिकेट और आईपीएल कप्तानी का अनुभव है 'गिल गुजरात टाइटन्स का नेतृत्व कर रहे हैं और पंत लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी कर रहे हैं। पूर्व भारतीय ऑलराउंडर ने कहा कि आप किसी को तैयार करते हैं शुभमन बहुत अच्छा लग रहा है। उसे मौका दें। ऋषभ भी है। इन दोनों पर मैं उनकी उम्र के कारण स्पष्ट रूप से विचार कर रहा हूं। गिल के स्वभाव और धैर्य की प्रशंसा करते हुए शास्त्री ने युवा बल्लेबाज के विदेशी परिस्थितियों में प्रदर्शन को लेकर चिंताओं को खारिज कर दिया। शास्त्री ने कहा कि लोग कहते हैं कि उन्होंने विदेशों में रन नहीं बनाए हैं। मैं उनसे कहता हूं, अपना खुद का रिकॉर्ड देखें। वह एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं - वह आखिरकार रन बनाएंगे।

# गुजरात का लक्ष्य दिल्ली के खिलाफ मुकाबले में शीर्ष दो में जगह बनाने की संभावना को बनाए रखना

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** 2022 के चैंपियन गुजरात टाइटन्स (जीटी) रविवार शाम को अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स से भिड़ने के साथ शीर्ष दो में जगह बनाने के अपने लक्ष्य को फिर से हासिल करने की कोशिश करेंगे। शुभमन गिल की अगुवाई वाली जीटी वर्तमान में 16 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है और प्लेऑफ में जगह बनाने से सिर्फ एक जीत दूर है। दूसरी ओर, डीसी 13 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क के टूर्नामेंट के बाकी बचे मैचों के लिए भारत वापस न आने पर विचार करते हुए उनके प्लेऑफ में प्रवेश करने की संभावना थोड़ी कम दिख रही है। आईपीएल 2025 में जीटी की सफलता की नींव उनके शीर्ष तीन बल्लेबाज़ों - कप्तान शुभमन गिल, बी साई सुदर्शन और जोस बटलर पर टिकी है। क्रिकेट-21 के आंकड़े जीटी के शीर्ष तीन की विस्मयकारी दक्षता को पूरी तरह से दर्शाते हैं - पहले दस ओवरों में इसका बल्लेबाजी औसत 92.7 है। सलामी बल्लेबाज गिल और सुदर्शन ने क्रमशः 508 और 509 रन बनाए हैं, जो पावर-प्ले में टिके रहने में शानदार रहे हैं, जिसके



परिणामस्वरूप जीटी ने बल्लेबाजी पावर-प्ले में केवल सात विकेट खोए हैं, जो प्रतियोगिता में अब तक किसी टीम द्वारा खोए गए सबसे कम विकेट हैं - जबकि उनका रन प्रति ओवर 9.1 है। गिल, सुदर्शन और बटलर (500 रन) के शानदार प्रदर्शन के कारण, इसका मतलब है कि जीटी को मध्य और डेथ ओवरों में ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है। उन्होंने मध्य और डेथ ओवरों में क्रमशः केवल 19 (सभी दस टीमों में सबसे कम) और 23 विकेट खोए हैं, जबकि दोनों चरणों में उनका रन रेट क्रमशः 9.8 और 12.2 रहा है, जो इस प्रतियोगिता में अब तक सभी टीमों में सर्वश्रेष्ठ रहा है।

गेंद के साथ, जीटी की दक्षता का नेतृत्व तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने किया है, जो वर्तमान में 20 विकेट लेकर विकेट लेने वालों की सूची में सबसे आगे हैं, जबकि साथी तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज (15 विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर आर साई किशोर (14 विकेट) ने उनका सराहनीय साथ दिया है।

दूसरी ओर, टूर्नामेंट में मिले ब्रेक ने डीसी को अपनी योजनाओं का पुनर्मूल्यांकन करने और अब प्रतियोगिता के अंतिम चरण में उत्सुकता के साथ अपनी दौड़ को चिह्नित करने के लिए कुछ समय दिया होगा। अपने पहले चार मैच जीतने के बाद, डीसी अपने पिछले पांच मैचों में सिर्फ दो जीत हासिल कर सकी, जिसमें अपने दूसरे घरेलू मैदान पर राजस्थान रॉयल्स (आरआर) पर सुपर ओवर की जीत भी शामिल है, जहां वे इसे अपना किला बनाने का कोड नहीं ढूंढ पाए हैं। डीसी की गिरावट का मूल कारण स्थिरता की कमी और उनके बल्लेबाजी क्रम में लगातार फेरबदल रहा है। अब तक, डीसी ने शीर्ष क्रम में छह बल्लेबाजों को आजमाया है, जो चौंका देने वाला है। यह उनके पहले दस ओवरों के बल्लेबाजी औसत में भी झलकता है, जो कि सभी दस टीमों में दूसरा सबसे कम है और पावर-प्ले में 22 विकेट खोना, इस चरण में किसी भी टीम द्वारा खोए गए सबसे अधिक विकेट हैं।

डीसी की बल्लेबाजी में गिरावट के साथ-साथ केएल राहुल की बल्लेबाजी में भी गिरावट आई है और उम्मीद है कि अक्षर पटेल एंड कंपनी के लिए यह सप्ताह चुनौतीपूर्ण होने वाला है, जिसमें वह टीम के लिए बेहतर प्रदर्शन करेंगे। बल्लेबाजों को आपस में उचित संवाद करने की भी आवश्यकता है, क्योंकि डीसी नौ रन-आउट का हिस्सा रहे हैं, जो प्रतियोगिता में किसी भी टीम के लिए सबसे अधिक है। शनिवार को दुबई में अपना राष्ट्रीय कर्तव्य पूरा करने के बाद मुस्तफिजुर रहमान के उपलब्ध होने पर निर्भर करते हुए, डीसी की तेज गेंदबाजी थोड़ी कमजोर दिखती है। इस मामले में, बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि अक्षर, कुलदीप यादव और विप्रज निगम मध्य और डेथ ओवरों में कैसा प्रदर्शन करते हैं। कोई केवल यह उम्मीद कर सकता है कि प्लेऑफ की दौड़ और नई दिल्ली में तापमान बढ़ने के साथ, डीसी जीटी का मुकाबला करने के तरीके खोज लेंगे, जो सभी विभागों में कुशल रहे हैं।

## बीसीसीआई मुख्यालय में अपने नाम पर बोर्ड रूम बनाए जाने पर तेंदुलकर ने कहा

# इस गर्मजोशी भरे कदम के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद



**मुंबई, एजेंसी।** भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को मुंबई में अपने मुख्यालय में बोर्ड रूम का नाम उनके नाम पर रखने के लिए धन्यवाद दिया। मुंबई में बीसीसीआई मुख्यालय में, तेंदुलकर ने हाल ही में सभी शीर्ष पदाधिकारियों की मौजूदगी में 'एसआरटी 100' बोर्ड रूम का उद्घाटन किया। तेंदुलकर ने कहा, सबसे पहले, रोजर बिन्नी (अध्यक्ष), (देवजीत) सैकिया (सचिव) जी, राजीव जी (उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला) और रोहन (गौंस देसाई, संयुक्त सचिव) का बहुत-बहुत धन्यवाद। बीसीसीआई के सभी पदाधिकारियों और अधिकारियों का धन्यवाद। हमने कुछ समय पहले ही बात की थी कि पहला दौरा कैसा था, जहां मैं 1989 में पाकिस्तान गया था और जहां बीसीसीआई का पहला कार्यालय था। सीसीआई ब्रेबोर्न स्टेडियम पवेलियन के ठीक सामने एक छोटा सा कमरा था और मुझे आज भी वह जगह याद है। वहां से लेकर इस जगह तक, यह एक उल्लेखनीय परिवर्तन है। जो चीज इसे और भी खास बनाती है, वह है ये अनमोल ट्रॉफियां। तेंदुलकर ने शनिवार को बीसीसीआई.टीवी पर पोस्ट किए गए अपने भाषण में कहा, यह दर्शाता है कि आधिकारिक पदाधिकारियों, बीसीसीआई पदाधिकारियों और खिलाड़ियों ने किस तरह से योजना बनाई और उसे क्रियान्वित किया- देश को यह हासिल करने में मदद की। इसलिए ये अनमोल क्षण हैं। ये ऐसे क्षण हैं जब पूरा देश एक साथ आता है और जश्न मनाता है। 2011 के वनडे विश्व कप की ट्रॉफी को देखने के बाद, तेंदुलकर ने उस समय को याद किया जब वह अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रहे थे और फिर उनके भाई के शब्दों ने उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और अंततः अपने छठे प्रयास में वानखेड़े स्टेडियम में खिताब जीता।

2007 में जब हम वेस्टइंडीज से वापस आए, तो थोड़ी निराशा हुई। मेरे दिमाग में कई विचार आए कि क्या मुझे खेलना जारी रखना चाहिए या अब मुझे दूसरी तरफ चले जाना चाहिए। मुझे याद है कि मैं अपने भाई से बात कर रहा था और उसने कहा, 2011 में, विश्व कप भारत में खेला जाएगा और फाइनल मुंबई - वानखेड़े स्टेडियम में होगा। इस ट्रॉफी के साथ, क्या आप खुद को विजय की गोद में ले जाते हुए देख सकते हैं? यही वह जगह है जहां से यात्रा फिर से शुरू हुई। उन चार सालों में, बस एक ही लक्ष्य था, जो यह ट्रॉफी थी। संभवतः मेरे जीवन के सबसे कठिन क्षण, 2007 से, 2011 तक, मेरे जीवन का सबसे अच्छा क्रिकेट क्षण। यह एक उल्लेखनीय यात्रा थी।

1983 के वनडे विश्व कप की ट्रॉफी को देखकर तेंदुलकर पुरानी यादें ताज़ा करते हुए कहते हैं, मेरे करियर की शुरुआत भी इसी ट्रॉफी, प्रूडेंशियल कप और खिलाड़ियों में से एक रोजर की वजह से हुई थी। मैं उन्हें देखते हुए बड़ा हुआ हूं। वहां से लेकर 2011 तक, एक टीम के तौर पर हम जो कुछ भी हासिल कर पाए, उसके लिए मैं अधिकारियों का शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने मिलकर काम किया, कुछ चीजों की योजना बनाई और योजना ऐसे कमरों में बनती है। मुझे यकीन है कि पूर्ववर्तियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और हम सभी ने इसके नतीजे देखे। भारतीय क्रिकेट के भविष्य के बारे में बात करते हुए तेंदुलकर ने कहा, हमारे पास यहां एक शानदार टीम है। कुछ अच्छे लीडर, कुछ अच्छे युवा जो बहुत कुछ हासिल करना चाहते हैं, न केवल बीसीसीआई के लिए, बल्कि देश के लिए भी। अपने देश के हितों को ध्यान में रखते हुए, मुझे यकीन है कि सही फैसले लिए जाएंगे।

## भारत खुश और गौरवान्वित है

# 90 मीटर का आंकड़ा पार करने वाले नीरज की पीएम मोदी ने की तारीफ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नीरज ने शुक्रवार को दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर दूर भाला फेंका और आखिरकार 90 मीटर की सीमा को पार कर लिया। हालांकि, उन्हें दूसरे स्थान पर रहना पड़ा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीरज की






तारीफ की है। भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने करियर में पहली बार 90 मीटर का आंकड़ा छुआ तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उनकी तारीफ किए बिना नहीं रह सके। उन्होंने दोहा डायमंड लीग में ऐसा किया, लेकिन दूसरे स्थान पर रहे। नीरज की तारीफ करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उनकी सफलता का श्रेय उनके अथक समर्पण, अनुशासन और जुनून को जाता है।

सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पीएम मोदी ने लिखा, भारत खुश और गौरवान्वित है। पीएम ने लिखा, शानदार उपलब्धि! दोहा डायमंड लीग 2025 में 90 मीटर का आंकड़ा पार करने और अपना सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत थ्रो हासिल करने के लिए नीरज चोपड़ा को बधाई। यह उनके अथक समर्पण, अनुशासन और जुनून का नतीजा है। नीरज ने शुक्रवार को दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर दूर भाला फेंका और आखिरकार 90 मीटर की सीमा को पार कर लिया। हालांकि, उन्हें दूसरे स्थान पर रहना पड़ा। जर्मनी के जूलियन वेबर ने अपने अंतिम प्रयास में 91 मीटर दूर भाला फेंका और पहला स्थान हासिल किया।

# 800+ दिनों से नहीं खेला, न गेंदबाजी में धार न बैट से किया कमाल; अचानक मिली टेस्ट टीम की कप्तानी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टेस्ट क्रिकेट में पिछले दिनों काफी हलचल देखी गई है. रोहित शर्मा और विराट कोहली टेस्ट से रिटायरमेंट ले चुके हैं, वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के कारण ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के कई सारे खिलाड़ी आईपीएल 2025 का प्लेऑफ चरण मिस कर सकते हैं. अब वेस्टइंडीज टेस्ट टीम का कप्तान ऐसे खिलाड़ी को बनाया गया है, जिसने 800+ दिनों से कोई टेस्ट मैच ही नहीं खेला है. पिछले करीब 8 साल से क्रेग ब्रेथवेट कैरेबियाई टेस्ट टीम की कमान संभाल रहे थे, लेकिन अब यह जिम्मेदारी रॉस्टन चेज को सौंप दी गई है. वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने अपने स्टेटमेंट में बताया कि रॉस्टन चेज का चयन एक कठिन और आधुनिक चयन प्रक्रिया से किया गया है. कप्तानी के लिए 6 उम्मीदवार सामने आए थे, जिनका इंटरव्यू लिया गया और कई तरीकों से उनकी लीडरशिप स्किल्स को परखा गया. वहीं टीम के नए हेड कोच डैरेन सैमी ने बताया कि रॉस्टन चेज के पास वह काबिलियत है जिससे वो टीम को आगे ले जाने का काम



अच्छे से कर सकते हैं.

**800+ दिन से नहीं खेला कोई टेस्ट** – रॉस्टन चेज ने आखिरी टेस्ट मार्च 2023 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला था. वो उसके बाद से सफेद जर्सी में नजर नहीं आए हैं. इसके बावजूद उन्हें टेस्ट टीम की कप्तानी देना वाकई में चौंकाने वाला फैसला है. रॉस्टन चेज ऑलराउंडर खिलाड़ी हैं, जो अब तक अपने 49 मैचों के टेस्ट करियर में 2,265 रन बनाने के अलावा 85 विकेट भी ले चुके हैं.

**क्रेग ब्रेथवेट को क्यों हटाया गया** – क्रेग ब्रेथवेट ने पहली बार वेस्टइंडीज टेस्ट टीम की कप्तानी 2017 में की थी. उनकी कप्तानी में वेस्टइंडीज ने कुल 39 टेस्ट मैच खेले, जिनमें से उसे सिर्फ 10 जीत नसीब हुई. वह साल 2022 था जब ब्रेथवेट ने व्यक्तिगत रूप से 62 के औसत से रन बनाए थे, लेकिन उसके बाद उनकी फॉर्म में भी गिरावट दर्ज की गई है. 2023 से लेकर अब तक ब्रेथवेट ने 17 टेस्ट मैचों में सिर्फ 846 रन बनाए हैं.

# नाडा की डोपिंग निरोधक वर्कशॉप में इंटरपोल के प्रतिनिधि; सिनर-अल्कारेज इटैलियन ओपन के फाइनल में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने शुक्रवार को रोम में टॉमी पॉल के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए इटैलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। खिताबी मुकाबले में उनकी भिड़ंत कार्लोस अल्कारेज से होगी।

डोपिंग निरोधक वर्कशॉप में सीबीआई और इंटरपोल के अधिकारियों का होना हर किसी को चौंका सकता है, लेकिन विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) डोपिंग के खतरे की जड़ यानी प्रतिबंधित पदार्थों के उत्पादकों और प्रदाताओं तक पहुंचने के लिए अपना पूरा ध्यान खुफिया जानकारी जुटाने और उसकी गहराई तक पहुंचने में लगा रहा है। इस कवायद में भारत न पीछे रह जाए, इसके लिए राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी (नाडा) ने पांच दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया। इस वर्कशॉप में इंटरपोल के अधिकारियों के साथ विभिन्न एशियाई देशों की कानून प्रवर्तक एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। नाडा के महानिदेशक अनंत कुमार ने बताया कि खिलाड़ियों की जांच और उन्हें जागरूक करना जरूरी है, लेकिन वाडा ने अब समस्या की जड़ तक पहुंचने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, इसका मुख्य लक्ष्य एशियाई क्षेत्रों के डोपिंग निरोधक अधिकारियों को एक साथ लाना है। वाडा ने ड्रग आपूर्ति करने वालों के बारे में जानकारी जुटाने पर फोकस किया है। टेस्ट और शिक्षा से एक हद तक डोपिंग पर नियंत्रण लाया जा सकता है लेकिन सभी के टेस्ट नहीं हो सकते। उन्होंने कहा, जब आप सीधे इन गतिविधियों की जड़ पर प्रहार करते हैं तो कामयाबी ज्यादा मिलती है। वर्कशॉप में



इंडोनेशिया, मालदीव, श्रीलंका, फिलीपीन और दक्षिण एशिया क्षेत्रीय डोपिंग निरोधक संगठन के अधिकारियों ने भाग लिया। समझा जाता है कि भारत की ओर से सीबीआई के अधिकारी इसमें मौजूद थे। भारत का डोपिंग रिकॉर्ड पिछले कई साल में अच्छा नहीं रहा है और डोप उल्लंघन करने वाले देशों की वाडा की सूची में भारत काफी ऊपर है।

## इटैलियन ओपन का फाइनल

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने शुक्रवार को रोम में टॉमी पॉल के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए इटैलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। खिताबी मुकाबले में उनकी भिड़ंत कार्लोस अल्कारेज से होगी। सिनर ने दुनिया के 12वें नंबर के खिलाड़ी टॉमी पॉल को सेमीफाइनल में 1-6, 6-0, 6-3 से हराया। वह 1976 में एड्रियानो पेनेटा के बाद रोम ट्रॉफी जीतने वाला इटली का पहला पुरुष खिलाड़ी बनने के लिए चुनौती पेश कर रहे हैं।

इससे पहले अल्कारेज ने लोरेंजो मुसेटी के खिलाफ 6-3, 7-6 की आसान जीत के साथ खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। अल्कारेज ने सिनर के खिलाफ अक्टूबर में चीन ओपन के दौरान दोनों खिलाड़ियों के बीच हुआ पिछला मुकाबला टाईब्रेकर में जीता था। सिनर हालांकि अल्कारेज के खिलाफ उस हार के बाद से लगातार 26 मैच जीत चुके हैं। अल्कारेज ने सिनर के खिलाफ अब तक 10 में से छह मुकाबले जीते हैं जबकि चार में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है।

# डबल इंजन की सरकार ने औरंगाबाद के लिए दी गई कई योजनाओं की मंजूरी : सुशील

## उतर कोयल नहर को पूरा कराने के मेरा प्रयास एवं सपना होगा साकार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बीते दिनों केंद्र व राज्य सरकार ने औरंगाबाद सहित अन्य जिलों के लिए कई विकास योजनाओं की स्वीकृति दी है। इसके लिए भाजपा के वरीय नेता व पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने आज अपने आवास पर प्रेसवार्ता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार जताया। श्री सिंह ने कहा कि इससे युवाओं के लिए जहां रोजगार के अवसर मिलेंगे, वहीं किसानों को सिंचाई के साधन उपलब्ध होंगे। जिले की चिर-प्रतिक्षित महत्वाकांक्षी सिचाई परियोजना उत्तर कोयल नहर के पक्कीकरण कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। श्री सिंह ने कहा कि करीब 50 सालों से इस



परियोजना का निर्माण कार्य अधूरा था। पूर्व के सरकारों ने इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया था। इस परियोजना की शुरुआत 1975 में हुई थी और इसे 1980 में पूरा हो जाना था पर ऐसा नहीं हुआ। श्री सिंह ने कहा कि सिंचाई राज्य सरकार का विषय होता है और तत्कालीन राज्य सरकारों ने इसमें अभिरुचि नहीं दिखाई। परियोजना का कार्य 1980 से लेकर 2009 तक ठंडे बस्ते में रहा। इस किसी ने अमल नहीं किया। जब वर्ष 2009 में वे दूसरी बार सांसद बने और केंद्र में भाजपा की सरकार बनी तो इस परियोजना को उन्होंने चुनौती के रूप में स्वीकार किया। प्रधानमंत्री से मिलकर परियोजना से जुड़ी सभी तरह की बाधाओं को दूर कराया तब इस परियोजना के लिए वर्ष 2017 में भारत सरकार ने 1622 करोड़ रुपए स्वीकृत किए। प्रधानमंत्री मोदी जी ने इसका शिलान्यास किया और परियोजना में काम भी हुआ। इतनी राशि से यह परियोजना पूर्ण नहीं हो सकी और डैम के डूब क्षेत्र में आने वाले लोगों के मुआवजे का मामला लंबित रह गया। ऐसी स्थिति में भारत सरकार के द्वारा पुनः इस परियोजना के लिए 2436 करोड़ रूपये स्वीकृत किए गए। श्री सिंह ने कहा कि विपक्षी इसे चुनावी स्टंट भी बताते हैं लेकिन उनका संकल्प नहर का पानी किसानों के खेतों तक पहुंचाना है। श्री सिंह ने इसके अलावा उन्होंने केंद्रीय विद्यालय एवं एनएच चौड़ीकरण आदि से जुड़ी बातें रखी। श्री सिंह ने सांसद अभय कुशवाहा का नाम लिए बगैर कहा कि कुछ लोग दूसरों के कार्य का श्रेय लेना चाहते हैं जो कहीं से उचित नहीं हैं। श्री सिंह ने कहा कि शुक्रवार को बिहार कैबिनेट में नीतीश सरकार ने 69 एजेंडों पर मुहर लगाई है। औरंगाबाद शहर में पेयजल आपूर्ति के लिए 72 करोड़ की स्वीकृति का स्वागत करते हुए पूर्व सांसद ने कहा कि यह योजना औरंगाबाद को पेयजल संकट से स्थायी राहत देने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। अब लोगों को पानी के टैंकरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा और स्वच्छ पेयजल की सुलभता से जनस्वास्थ्य में भी सुधार आएगा। राज्य सरकार ने केंद्र प्रायोजित अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत योजना) के तहत 72 करोड़ 44 लाख 65 हजार 400 रुपये की लागत वाली जलापूर्ति परियोजना को प्रशासनिक स्वीकृति दे दी है। इससे शहर को वर्षों से चली आ रही पेयजल समस्या से निजात मिलने की उम्मीद है। श्री सिंह ने कहा कि औरंगाबाद शहर के मौजा रामडीहा व गंगटी में केंद्रीय विद्यालय निर्माण को लेकर भूमि की मंजूरी मिली है। 3.96 एकड़ भूमि केंद्रीय विद्यालय निर्माण हेतु आवंटित हुई है। देवकुंड में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए चार एकड़ जमीन दिया गया है। श्री सिंह ने कहा कि मदनपुर को ग्राम पंचायत से नगर पंचायत बनाने का निर्णय स्वागत योग्य है। इससे वहां के नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा एवं शहरी सुविधाओं का लाभ भी प्राप्त हो सकेगा जिससे राज्य में शहरीकरण में वृद्धि होगी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह चंद्रवंशी, पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक, नगर पार्षद अशोक सिंह आदि मौजूद रहे।

## खेलने के दौरान छत से गिरकर बच्ची की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** महाराजगंज पंचायत के बंदुआ गांव में खेलने के दौरान छत से गिरकर पांच वर्षीया बच्ची की मौत हो गई। मृतका की पहचान उक्त गांव निवासी निवासी जीतू पासवान की पुत्री ज्योति कुमारी के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि ज्योति शाम को घर के अन्य बच्चों के साथ छत पर खेल रही थी। छत पर रेलिंग नहीं बना हुआ था। खेलने के दौरान किसी तरह अनियंत्रित होकर वह छत से नीचे गिर गई। आनन-फानन में परिजन बच्ची को लेकर रेफरल अस्पताल कुटुंबा पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर कर दिया। परिजन बच्ची को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# सुलभ न्याय दिलाने में जिला स्तरीय न्यायालयों की भूमिका अहम : न्यायाधीश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** सुलभ न्याय दिलाने में आम जनता के निकट होने की वजह से जिला स्तरीय न्यायालयों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है और हमारी कोशिश है की जिला स्तरीय न्यायालयों में आधारभूत संरचना उपलब्ध कराई जाए। इसी क्रम में राज्य के विभिन्न जिलों तथा अनुमंडल न्यायालयों में अधिवक्ताओं के लिए लॉयर्स हाल तथा न्यायालय संचालन के लिए नए भवन बनाए जा रहे हैं। यह बात पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश तथा औरंगाबाद के निरीक्षी न्यायाधीश हरीश कुमार ने शनिवार



को दाउदनगर अनुमंडल न्यायालय परिसर में नवनिर्मित लॉयर्स हाल का उद्घाटन करते हुए कही। इस हाल का उद्घाटन जस्टिस हरीश कुमार के साथ पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश राजीव राय ने संयुक्त रूप से किया। अपने संबोधन में न्यायाधीश हरीश कुमार ने सस्ता एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने की न्यायपालिका की प्रतिबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखने की बात कही। जिला जज

### दाउदनगर में लायर्स हाल का किया उद्घाटन

राजकुमार ने उम्मीद जाहिर की कि नए भवन के निर्माण से अधिवक्ताओं को उनके कार्य में सहूलियत होगी। प्रधान न्यायाधीश (परिवार न्यायालय) ने नवनिर्मित भवन को स्वच्छ रखने की अपील की। स्वागत भाषण दाउदनगर विधि संघ के अध्यक्ष निरंजन कुमार ने किया तथा महासचिव धर्मेंद्र सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। बेहतर मंच संचालन के लिए अधिवक्ता प्रेमेंद्र मिश्रा को पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के निर्देश पर प्रधान न्यायधीश परिवार न्यायालय ने सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला विधि संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पांडेय, महासचिव जगनारायण सिंह, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, महासचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी, लोक अभियोजक पुष्कर अग्रवाल सहित दाउदनगर एवं औरंगाबाद के तमाम न्यायिक पदाधिकारी एवं अधिवक्ता गण भी मौजूद थे। इस अवसर पर दानिका सांस्कृतिक संस्थान की छात्राओं ने संगीत प्रस्तुति भी दी।

# शोभा की वस्तु बनी नल जल योजना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** मदनपुर प्रखंड के बनियां पंचायत के रविदास टोला एवं पासवान टोला में नल का जल योजना के तहत घर घर नल में जल नहीं पहुंचने से पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गया है। लोगों में आक्रोश है। बनियां पंचायत के बनियां के वार्ड संख्या 14 में पासवान टोला के लोगों को नल जल योजना से सभी घरों में पानी नहीं मिलता है। वहीं रविदास टोला के लोगों को भी वार्ड संख्या 14 में ही नल जल योजना का पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। जबकि हालात नगमतिया वार्ड संख्या 15 का भी वहीं हाल



है। वार्ड संख्या 15 में एक समुदाय के पंद्रह घर की आबादी है। इन लोगों को नल जल योजना का कनेक्शन नहीं आज तक नहीं मिला सका है। भीषण गर्मी में लोगों को पेयजल की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गया है। डीएम और कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को आवेदन पत्र लिख कर कई बार मांग किया गया है। जबकि इस समस्या के समाधान के प्रति कोई कार्रवाई नहीं हो पाई हैं। बनियां पंचायत समिति सदस्य बविता देवी और प्रतिनिधि संजीव कुमार सिंह ने कहा है कि नल का जल योजना यहां विफल है। शोभा की वस्तु बन कर रह गया है। जलापूर्ति जलमीनार भी जीर्णशीर्ण है। घर घर पानी पर्याप्त नहीं मिलने से लोगो को परेशानी बढ़ गया है। पेयजल समस्या की विकट स्थिति उत्पन्न हो गई है। पेयजल समस्या का समाधान जल्द नहीं किया गया तो सड़क पर उतरने को बाध्य हो जाएंगे।

# औरंगाबाद में निकली भव्य तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिले में शनिवार भव्य 'तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा' निकाली गई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में तिरंगा लिए, 'भारत माता की जय', 'भारतीय सेना जिंदाबाद' और 'पाकिस्तान मुर्दाबाद' के नारों के साथ नागरिकों ने पूरे नगर में जोश और गर्व के साथ मार्च किया।

यह यात्रा गांधी मैदान से शुरू होकर रमेश चौक होते हुए ब्लॉक मोड़ स्थित पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा तक पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। इस दौरान कारगिल शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई। इस आयोजन का उद्देश्य हाल ही में भारतीय सेना द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न ऑपरेशन सिंदूर की वीरता और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना था। यात्रा का नेतृत्व भाजपा जिला अध्यक्ष विजेंद्र चंद्रवंशी ने किया। उन्होंने कहा, पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सेवा ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान को



करारा जवाब दिया है। आज की तिरंगा यात्रा इस पराक्रम के प्रति जनआस्था और समर्थन का प्रतीक है। भाजपा के जिला महामंत्री सतीश कुमार सिंह ने कहा, अब भारत आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह स्पष्ट संदेश दिया गया है कि अब कोई भी आतंकी हरकत जवाब के बिना नहीं जाएगी।

कार्यक्रम के संयोजक दीपक कुमार ने कहा कि भारत की जनता अब सेना से शौर्य के प्रमाण मांगने वालों को राजनीतिक रूप से दरकिनार कर चुकी है। उन्होंने कहा, यह यात्रा भारत के स्वाभिमान का प्रतीक है और देशवासियों की एकजुटता का संदेश देती है।

इस अवसर पर पूर्व विधान पार्षद राजन सिंह, जदयू जिला अध्यक्ष और पूर्व विधायक अशोक सिंह, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता, नगर परिषद अध्यक्ष उदय कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष मो. अहसान, और सैकड़ों गणमान्य नागरिक एवं युवा शामिल थे।

यात्रा के दौरान राष्ट्रभक्ति, एकजुटता और सेना के प्रति सम्मान की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी। यह आयोजन एक संदेश था कि भारतवासी हर संकट में अपनी सेना के साथ खड़े हैं, और देश के स्वाभिमान के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं।

# अनियंत्रित टोटो नहर में पलटा, एक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** किसी शादी समारोह से लौट रहे टोटो गाड़ी अनियंत्रित होकर रात की अंधेरे में उत्तर कोयल नहर में पलट गई जिसमें पांच लोग जख्मी हो गए। इसके बाद इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना मदनपुर थाना क्षेत्र के दक्षिणी उमगा पंचायत की हैं, जहां यह हादसा हो गई। इस घटना में जख्मी चार अन्य लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। मृतक की पहचान गया जिले के आमस थाना क्षेत्र के बेल बिगहा निवासी संजय रिकियासन के रुप में की गई है। जबकि जख्मियों में गोरा रिकियासन, रौशन मांझी, सीमा रिकियासन एवं रिकियासन समाज के एक व्यक्ति शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक ये सभी टोटो से किसी शादी समारोह में गए थे और रात को अपने घर वापस लौट रहे थे। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## ऑटो की टक्कर से बाइक सवार मजदूर जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** ऑटो ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार तीन मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना ओबरा थाना क्षेत्र के काशी बिगहा गांव के पास की है। घायलों में ओबरा थाना क्षेत्र के मायापुर गांव निवासी देवा राम, प्रकाश कुमार एवं मनोज तिवारी शामिल है। घटना के बाद वहां मौजूद लोगों ने ऑटो चालक को पकड़ लिया। तीनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओबरा ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की हालत गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों ने बताया कि वे टाइल्स लगाने का काम करते हैं।

# नीलाम पत्रों की सुनवाई में लाएं तेजी, वसूली न होने पर वारंट जारी करने का निर्देश




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** समाहरणालय के सभाकक्ष में नीलाम-पत्र वाद की समीक्षा जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में बैठक की गई। जिलाधिकारी द्वारा सभी नीलाम पत्र पदाधिकारी पीडीआर पोर्टल पर अपने से संबंधित वादों को अपलोड कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त जिस नीलाम पत्र वाद में ऋणि के द्वारा राशि जमा कर दिया गया है, उन वादों में बैंक से कोर्ट फीस एवं तलवाना राशि जमा कराकर उस वाद को समाप्त करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी द्वारा धारा-53 से संबंधित चर्चा करते हुए बताया गया कि जिस नीलाम पत्र वाद में धारा-7 निर्गत हो चुका हो, उसमें धारा-53 के तहत प्री बॉडी वारंट न निर्गत करके सीधे बॉडी वारंट निर्गत करना सुनिश्चित करेंगें। जो भी मामले हैं, उनमें धारा 7 के तहत नोटिस जारी करते हुए, तामिला कराएं एवं जिन पक्षों को वारंट जारी है, उनमें संबंधितों को थाना के माध्यम से नीलाम पत्र वाद पदाधिकारी के समक्ष उपस्थित कराएं। जिलाधिकारी द्वारा स्पष्ट रूप से सभी नीलाम पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि वैसे मामले जिन में राशि अत्यधिक है उनमें तत्परता के साथ तामिला एवं तामिला के पश्चात चेतावनी देते हुए यदि राशि वसूल नहीं हो पा रही हो तो वारंट जारी कर उस पर अग्रेतर कार्यवाही करें जिससे कि नीलाम वाद के अंतर्गत राशि की वसूली बढ़ाई जा सके। बैंकिंग संबंधी जिला स्तरीय सलाहकार समिति एवं समीक्षा समिति की बैठकों में बैंकिंग के मामलों में जो भी नीलम वाद दायर है उसमें तामिला के लिए बैंकिंग की अपनी-अपनी रिकवरी टीम को सहयोग करने का एजेंडा आगामी बैठक में रखने का भी निर्देश नीलाम शाखा के प्रभारी पदाधिकारी को दिया गया। इस बैठक में अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, अपर समाहर्ता आपदा उपेंद्र पंडित, प्रभारी पदाधिकारी नीलम शाखा रितेश कुमार यादव, प्रभारी राजस्व शाखा सच्चिदानंद सुमन सहित जिला स्तरीय सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स में प्रिंस ने दिलाया दो रजत, डीएम ने किया सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में प्रिंस कुमार ने दो रजत पदक जीतकर बिहार को गौरवपूर्ण उपलब्धि दिलाई है। प्रिंस औरंगाबाद जिले के नबीनगर प्रखंड के ग्राम चरण महादेव, माली निवासी अनुज कुमार सिंह का पुत्र हैं। प्रिंस ने 7वें खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में अद्वितीय प्रदर्शन करते हुए 100 मीटर दौड़ एवं 4100 मीटर रिले रेस में रजत पदक (सिल्वर मेडल) प्राप्त किया है। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रिंस की इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि इस वर्ष प्रिंस बिहार राज्य के एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने खेलो इंडिया यूथ गेम्स में दो-दो पदक जीतकर राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से राज्य के युवाओं में खेल के प्रति उत्साह एवं प्रेरणा का वातावरण बना है। जिलाधिकारी ने कहा कि यह उपलब्धि खिलाड़ियों की कठिन मेहनत, कोच की कुशल प्रशिक्षण प्रणाली और परिजनों के सहयोग का प्रत्यक्ष परिणाम है। उन्होंने जिले के सभी युवाओं से कम-से-कम एक खेल विधा से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि खेल मानसिक स्वास्थ्य का बेहतरीन साधन हैं और उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सशक्त कदम भी है। राज्य सरकार भविष्य में भी खेल प्रतिभाओं को हरसंभव सहयोग एवं प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिबद्ध है।

